सूर्योदय : 6:57
सूर्यास्त : 5:33
अधिकतम तापमान : 21
न्यूनतम : 6.7

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-207 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026
26 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# हमारे लोकतंत्र की बुनियाद ठोस : पीएम मोदी

■ 42 देशों के संसदीय पदाधिकारियों के सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28वीं कॉमनवेल्थ स्पीकर्स एंड प्रेसिडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) 2026 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री का स्वागत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, और राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा की भारत की राष्ट्रपति देश की पहले नागरिक, एक महिला हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री भी महिला हैं। आज, भारतीय महिलाएं न केवल लोकतंत्र में भाग ले रही हैं बल्कि नेतृत्व भी कर रही हैं। आपमें से कई लोग भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र के रूप में जानते हैं। वास्तव में, हमारे लोकतंत्र का पैमाना असाधारण है। उदाहरण के तौर पर, 2024 में हुए भारत के आम चुनाव मानव इतिहास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अभ्यास थे। लगभग 98 करोड़ नागरिकों ने वोट के लिए पंजीकरण कराया। यह संख्या कुछ महाद्वीपों की जनसंख्या से भी अधिक है। चुनावों में 8,000 से अधिक उम्मीदवार और 700 से अधिक राजनीतिक पार्टियां भाग लीं। महिलाओं के मतदान में भी रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई।

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर आप सभी बैठे हैं वो भारत की डेमोक्रेटिक जर्नी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी वर्षों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी, उस समय इसी सेंट्रल हॉल में भारत की संविधान की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थी। भारत की आजादी के बाद 75 वर्षों तक यह इमारत भारत की संसद रही और इसी हॉल में भारत के भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय और अनेक चर्चाएं हुई। अब लोकतंत्र को समर्पित इस स्थान को भारत ने संविधान सदन का नाम दिया है। कॉमनवेल्थ देशों की कुल जनसंख्या का लगभग 50 फीसदी हिस्सा भारत में बसता है। हमारा प्रयास रहा है कि भारत सभी देशों के विकास में अधिक से अधिक योगदान करे। कॉमनवेल्थ के सतत विकास लक्ष्यों में स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास और नवाचार के क्षेत्र में हम पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। भारत सभी साथियों से सीखने का निरंतर प्रयास करता है। हमारा ये भी प्रयास होता है कि हमारे अनुभव अन्य कॉमनवेल्थ साझेदारों के भी काम आए। आज दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में वैश्विक दक्षिण के लिए भी नए रास्ते बनाने का समय है।

पीएम ने कहा भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। वेद लगभग 5000 साल पुराने हैं। निर्णय लेने से पहले विषयों के हर पहलू पर गहराई से मंथन और विचार-विमर्श होता है। फैसले लेने से पहले आम सहमति बनाने की कोशिश और मतदान होते हैं। जब भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की, तो कई लोगों को शक था कि इतनी विशाल विविधता के बीच लोकतंत्र टिक पाएगा या नहीं। लेकिन यही विविधता भारतीय लोकतंत्र की ताकत बन गई।

### स्पीकर की भूमिका पर भी बोले पीएम

संसदीय लोकतंत्र में स्पीकर की भूमिका बेहद खास होती है। दिलचस्प बात यह है कि स्पीकर खुद ज्यादा बोलते नहीं हैं। उनका मुख्य काम होता है सदस्यों की बातें सुनना और यह सुनिश्चित करना कि हर किसी को बोलने का मौका मिले। स्पीकरों की सबसे बड़ी खासियत धैर्य है। वे सबसे शोरगुल करने वाले या सदस्यों को भी सहनशीलता और मुस्कान के साथ संभालते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने ब्रह्म मुहूर्त में बाबा गोरखनाथ को चढ़ाई खिचड़ी

■ गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर परंपरा का निर्वहन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार, को ब्रह्म मुहूर्त में भोर 4 बजे बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित की।

खिचड़ी चढ़ाने के बाद मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोल दिए गए, जिसके बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा गोरखनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धा, भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व सकारात्मक ऊर्जा, सामाजिक समरसता और नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों, संतों, देश-प्रदेश के नागरिकों एवं आम जनमानस को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और शांति लेकर आए तथा समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव और मजबूत हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जीवन्तता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परम्परा ने जीवन के लिए कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगा सकते हैं। मकर संक्रांति का पर्व देश के पूरब, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम और रूप से आयोजित होता है। पूरब में बिहू या तिलवा संक्रांति, पश्चिम में लोहड़ी या मकर संक्रांति, दक्षिण भारत में पोंगल तथा उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में श्रद्धालुजन मकर संक्रांति का आयोजन श्रद्धाभाव से करते हैं। शुभ मुहूर्त कल सायं काल से ही प्रारम्भ हो चुका है। हमारे सनातन धर्म की परम्परा में मुहूर्त का शुभ लगन सूर्योदय के साथ प्रारम्भ होता है।

# जवानों का अब एक करोड़ का दुर्घटना बीमा

■ पंजाब नेशनल बैंक और सेना के बीच हुआ समझौता



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और पंजाब नेशनल बैंक के बीच बीमा समझौते का नवीनीकरण किया गया है। नवीनीकृत समझौते के तहत भारतीय सेना के सभी सेवारत सैन्यकर्मियों को एक करोड़ रुपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जाएगा। इस दायरे में अग्निवीर भी शामिल हैं, जिससे नई भर्ती योजना के तहत सेवा दे रहे जवानों को भी समान सुरक्षा मिलेगी। यह कवर किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को बड़ी आर्थिक राहत देगा। समझौते में यह प्रावधान भी किया गया है कि यदि किसी सैन्यकर्मी की मृत्यु आतंकवादी हमले में होती है, तो उनके परिवार को दस लाख रुपए का अतिरिक्त बीमा कवर मिलेगा। इसे सेना के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देने की व्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सैन्यकर्मियों को एक करोड़ 50 लाख रुपए का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

हवाई यात्रा के दौरान किसी भी दुर्घटना की स्थिति में यह अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगा। समझौते में सैनिकों के परिवारों की सामाजिक जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख तक का कवर दिया जाएगा। वहीं सैनिकों की बेटियों के विवाह के लिए 10 लाख रुपए तक का विशेष बीमा कवर भी शामिल किया गया है। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए बैंक की स्पेशल वूमेन पावर सेविंग स्कीम भी इस व्यवस्था का हिस्सा है। निर्धारित मासिक औसत बैलेंस रखने पर महिलाओं को बीस लाख रुपए तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा।

### मकर संक्रांति पर्व पर एक करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम हैं। एटीएस की नजर पूरे मेले पर है।

पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। मकर संक्रांति पर मेला प्रशासन ने एक से डेढ़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान जताया है। इसके 24 स्नान घाटों पर इंतजाम किया गया है। हाईटेक रिस्पांस प्लान लागू कर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नदी की धारा में परिवर्तन के कारण घाटों में आंशिक संशोधन भी किया गया है।

# मायावती ने जन्मदिन पर दिया बयान, मचा सियासी तूफान

■ पंकज चौधरी बोले ब्राह्मणों को बसपा से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती के ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए बयान के बाद देश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस पर भाजपा, जदयू और कांग्रेस के नेताओं ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं। मायावती के बयान को लेकर कुछ नेताओं ने सामाजिक समरसता की बात कही, वहीं कुछ ने इसे राजनीतिक भ्रम से जोड़ा।

मायावती ने गुरुवार को अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर कहा कि ब्राह्मण समाज को किसी का बाटी-चोखा आदि नहीं चाहिए। वे किसी से डरने वाले भी नहीं हैं। उन्हें सम्मान, प्रतिनिधित्व तथा रोजागार के साधन चाहिए। उन पर कोई जुल्म नहीं होना चाहिए। ब्राह्मण समाज की यह चाहत बसपा सरकार में ही पूरी हुई थी। अगली बार बसपा सरकार बनने पर ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य समाज आदि के हितों का ध्यान रखा जाएगा। उनके द्वारा दिए गए बयान से लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सियासी तूफान मचा हुआ है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मायावती के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत एक खूबसूरत गुलदस्ते की तरह है, जिसमें हर रंग और हर तरह के फूल होते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज को लेकर बसपा से किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज अपने विवेक से निर्णय लेने में सक्षम है और किसी के बहकावे में नहीं आता।

उन्होंने कहा, किसी एक जाति की बात करने के बजाय समाज के पूरे ताने-बाने को साथ लेकर चलने की जरूरत है। जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास। अगर किसी एक जाति को लेकर टिप्पणी की जाएगी तो दूसरे वर्ग भी सवाल उठाएंगे कि क्या उनका कोई रोल नहीं है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने भी मायावती के बयान पर कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज के कल्याण के लिए काम किया है। केसी त्यागी ने कहा कि वह मायावती को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं। त्यागी ने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर की गई टिप्पणियों पर वह कोई सीधी टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन यह जरूर कहा कि मायावती ने समय के साथ समाज के कई वर्गों को अपने से दूर कर लिया है, यहां तक कि अपने ही समुदाय को भी।

# ग्रोक से अब नहीं बन पाएंगी अश्लील तस्वीरें

■ इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने उठाया सख्त कदम




**नई दिल्ली।** भारत सरकार की कड़ी चेतावनी के बाद अरबपति एलन मस्क के इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने अपने एआइ चैटबाट ग्रोक को लोगों की अश्लील तस्वीरें बनाने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है।

इसके लिए तकनीकी उपाय किए गए हैं, जिससे आपत्तिजनक कपड़ों में लोगों की तस्वीरें नहीं बन सकेंगी। यह कदम एआइ चैटबाट द्वारा बनाई गई अश्लील डीपफेक तस्वीरों को लेकर भारी विरोध के बाद उठाया गया है। एक्स ने अपने आधिकारिक सेफ्टी हैंडल पर बताया कि यह प्रतिबंध पेड सब्सक्राइबर्स समेत सभी यूजर्स पर लागू किया गया है। एक्स प्लेटफार्म पर ग्रोक अकाउंट के जरिये तस्वीर बनाने और उन्हें एडिट करने की सुविधा अब केवल पेड सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी। इसमें कहा गया है कि इससे सुरक्षा तंत्र और मजबूत होगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि जो लोग ग्रोक अकाउंट का दुरुपयोग करके कानून या प्लेटफार्म की नीतियों का उल्लंघन करने की कोशिश करते हैं, उनकी जवाबदेही तय हो सके। पोस्ट में कहा गया, अब हम उन सभी यूजर्स की ग्रोक अकाउंट और ग्रोक इन एक्स में बिकनी, अंतःवस्त्र और इसी तरह के परिधानों में लोगों की तस्वीरें बनाने की क्षमता को भौगोलिक रूप से ब्लाक करते हैं, जहां यह अवैध है। अमेरिका आधारित एक्स ने बताया, उसने ग्रोक अकाउंट को बिकनी जैसे आपत्तिजनक कपड़ों में वास्तविक लोगों की तस्वीरों को संपादित करने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय लागू किए हैं।

### दुनिया भर में ग्रोक पर बढ़ता जा रहा दबाव

भारत समेत दुनिया भर की सरकारों की ओर से ग्रोक पर दबाव बढ़ता जा रहा है, क्योंकि नियामक संस्थाएं डाटा सुरक्षा और अश्लील तस्वीरों को लेकर जनरेटिव एआइ इंजन की गहन जांच कर रही हैं। हालिया दिनों में ये तस्वीरें एक्स पर तेजी से फैल रही हैं। भारत के अलावा ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन ने भी ग्रोक डीपफेक तस्वीरों को लेकर सवाल उठाए हैं।

# भारतीयों को लाने की तैयारी कर रही सरकार

■ ईरान में जम्मू और कश्मीर से करीब 2000 मेडिकल स्टूडेंट्स हैं

**नई दिल्ली।** ईरान में हालात को देखते हुए भारत सरकार उन भारतीय नागरिकों को वापस लाने की तैयारी कर रही है, जो कि देश वापसी करना चाहते हैं। इस बीच जम्मू कश्मीर स्टूडेंट एसोसिएशन का कहना है कि वहां एंबेसी ने सभी छात्रों को रजिस्टर कर लिया गया है, एंबेसी ने उनके निजी ब्योरे और पासपोर्ट इकट्ठा कर लिए हैं और भारत आने वाले पहले बैच को सुबह तैयार रहने के लिए कहा गया है।

ईरान में करीब 2000 मेडिकल स्टूडेंट्स जम्मू और कश्मीर से हैं। बता दें इससे पहले तेहरान स्थित भारतीय एंबेसी ने एक दिन पहले ही एक एडवाइजरी जारी कर वहां मौजूद सभी भारतीयों को देश छोड़ने के लिए कहा था। इनमें छात्र, व्यापारी और टूरिस्ट, सभी को कहा गया था कि वो कमर्शियल फ्लाइट समेत ट्रांसपोर्ट के मौजूद तरीकों से ईरान छोड़ दें। इसके अलावा एंबेसी ने एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया था।

वहीं भारत में भी विदेश मंत्रालय ने लोगों को ईरान की गैर जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी थी। इससे पहले जेकेएसए जैसे छात्रसंघ ने पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से गुहार लगाई थी कि वो वहां मौजूद छात्रों समेत दूसरे भारतीयों की सकुशल स्वदेश वापसी के लिए एक निकासी योजना बनाएं। इनका कहना था कि सरकार की ओर से छात्रों को जल्द से जल्द ईरान छोड़ने देने की सलाह दी गई लेकिन कोई इवैक्यूएश प्लान नहीं बनाया है।

# पाकिस्तान भारतीय सीमा में छोड़ने के लिए चीन से मांग रहा ड्रोन

**नई साजिश**

■ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन घुसपैठ की 791 घटनाएं दर्ज की गई



**नई दिल्ली।** हथियार व ड्रग्स लेकर भारतीय सीमा में आने वाले पाकिस्तानी ड्रोन का सिलसिला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। आने वाले समय में यह चुनौती बढ़ सकती है। वजह, पाकिस्तान ने नई ड्रोन साजिश रची है। भारतीय सीमा में दर्जनों ड्रोन, एक साथ छोड़ने के लिए पाकिस्तान द्वारा चीन से ड्रोन मदरशिप तकनीक मांगी जा रही है। मौजूदा समय में पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन सिंगल होते हैं। सुरक्षा बलों के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले पाकिस्तान ने चीन से 3600 ड्रोन एक साथ छोड़ने की तकनीक मांगी थी। यह सौदा नहीं हो सका। इसके बाद पाकिस्तान ने चीन से दर्जनों ड्रोन, सिंगल ड्राइव में छोड़ने की तकनीक मांगी है।

बता दें कि गत वर्ष जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन घुसपैठ की 791 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इनमें से नौ घटनाएं जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर और 782 घटनाएं, पंजाब तथा राजस्थान के बॉर्डर पर हुई हैं। भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में 237 ड्रोन मार गिराए थे। इनमें से विस्फोटक युक्त पांच ड्रोन, मादक पदार्थ लाने वाले 72 ड्रोन और 161 खाली ड्रोन शामिल हैं। बीएसएफ ने पंजाब से लगते अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर लगभग 280 ड्रोन जब्त किए थे।

### पाकिस्तान की ओर से पंजाब में लगातार ड्रोन आ रहे

पाकिस्तान की तरफ से पंजाब में अब लगातार ड्रोन आ रहे हैं। जेएंडके और राजस्थान बॉर्डर पर ड्रोन देखे गए हैं। कई बार तो एक ही दिन में कई ड्रोन छोड़े जा रहे हैं। बीएसएफ द्वारा मार गिराए गए अधिकांश ड्रोन मेड इन चाइना होते हैं। अब पाकिस्तान दर्जन भर ड्रोन को लांच करने व नियंत्रित करने का फार्मूला चीन से मांग रहा है।

राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी, अलीगढ़
का भव्य उद्घाटन 16-01-2-26 को अपराह्न 02:00 बजे



योगी आदित्यनाथ, मा० मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार
लक्ष्मी नारायण चौधरी, मा० कैबिनेट मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, प्रभारी मंत्री (अलीगढ़), उ.प्र. सरकार
संदीप सिंह, मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), बेसिक शिक्षा, उ.प्र.
संगीता सिंह, आई.ए.एस., आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़
प्रभाकर चौधरी, आई.पी.एस., पुलिस उप महानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र, अलीगढ़
संजीव रंजन, आई.ए.एस., जिलाधिकारी, अलीगढ़
नीरज कुमार जादौन, आई.पी.एस., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़
किंशुक श्रीवास्तव, पी.सी.एस., अपर जिलाधिकारी (नगर) अलीगढ़

विशिष्ट अतिथिगण
श्री सतीश गौतम, मा० सांसद, अलीगढ़
श्री अनूप प्रधान, मा० सांसद, हाथरस
ठा० जयवीर सिंह, मा० विधायक–बरौली
श्री सुरेन्द्र सिंह दिलेर, मा० विधायक–खैर
डा० आकाश अग्रवाल, मा० सदस्य, विधान परिषद्
श्री प्रशान्त सिंघल, मा० महापौर, अलीगढ़
श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, मा० विधायक–शहर
ठा० रवेन्द्र पाल सिंह, मा० विधायक–छर्रा
चौ० ऋषिपाल सिंह, मा० सदस्य, विधान परिषद्
प्रो० तारिक मंसूर, मा० सदस्य, विधान परिषद्

मुख्य अतिथि श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी,
मा० कैबिनेट मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी मिलें,
प्रभारी मंत्री (अलीगढ़) उ.प्र. सरकार
के कर कमलों द्वारा
अति विशिष्ट अतिथि श्री संदीप सिंह
मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), बेसिक शिक्षा, उ.प्र. सरकार
व विशिष्ट अतिथिगण की उपस्थिति
में किया जायेगा।

विशिष्ट अतिथिगण
श्रीमती विजय सिंह, मा० अध्यक्ष, जिला पंचायत, अलीगढ़।
श्री अनिल पाराशर, मा० विधायक–कोल
श्री राजकुमार सहयोगी, मा० विधायक–इगलास
डा० मानवेन्द्र प्रताप सिंह, मा० सदस्य, विधान परिषद्
श्री आर०पी० सिंह, नेशनल को–इंचार्ज प्रोग्राम एण्ड मीटिंग राष्ट्रीय नेतृत्व भाजपा
ठा० रघुराज सिंह, मा० अध्यक्ष, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (उ०प्र०)

-: कार्यक्रम विवरण :-

राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी समिति, अलीगढ़

# मकर संक्रान्ति पर राहगीरों को भोजन वितरित किया



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति, के संयुक्त रूप से पर्व की महत्वता को प्रोत्साहित करते हुए राहगीरों को

मटर पलाव एवं चाय का वितरण किया। दाल मंडी पुल समीप आयोजित शिविर का उद्घाटन डॉ अनुराधा सैनी एवं क्षेत्र अधिकारी प्रथम अमित श्रीवास्तव एवं शुभारंभ महापौर डॉक्टर अजय सिंह, सारांश गुंबर, लिटिल एंजेल स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष मंगल, संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल, राहुल प्रजापति, अमित खुल्लर, ने संयुक्त रूप से

दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ अनुराधा सैनी एवं क्षेत्र अधिकारी प्रथम अमित श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप कहा कि मकर संक्रान्ति हमारे जीवन में नयापन लाती है, क्योंकि इस दिन उत्तरण होने के साथ सूर्य की दिशा परिवर्तित होती है और वह हमारे जीवन में भी नया परिवर्तन लाती है। इसलिए इस दिन गरीब, असहाय लोगों को दान आदि दिया जाता है, जो हमारे जीवन में नयापन लाता है। इस दिन दान करने से 100 गुना ज्यादा प्राप्त होता है। इस कारण लोग इस दिन गरीबो और जरूरतमन्दों को उपयोगी सामग्री और पैसों का दान कर धर्मलाभ कमाते है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति के दिन सभी सामाजिक संगठनों को गरीबों एवं असहायों को भोजन खिलाना चाहिए। गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। इस अवसर पर महापौर डॉक्टर अजय सिंह ने कहा नवप्रयास प्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति समय-समय पर बहुत अच्छे कार्य करती है मैं इसके लिए संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल प्रदेश मंत्री अमित खुल्लर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल प्रजापति एवं पूरी टीम को बधाई देता हूं समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया अनेकों लोगों को मटर पुलाव एवं चाय का वितरण किया गया प्रदेश मंत्री अमित खुल्लर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल प्रजापति ने बताया आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया इस अवसर पर सुमेधा गोयल, काजल राजकुमारशर्मा, फूल सिंह, मुकेश प्रजापति, हनु मोगा आदि मौजूद रहे।

## कम्बल एवं खिचडी वितरण किया



**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सहारनपुर चौप्टर द्वारा 'ष्मकर संक्रांति' के शुभ एवं पावन पर्व के अवसर पर 'कंबल एवं खिचड़ी वितरण' कार्यक्रम का आयोजन रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर, 'वाल्मीकि मंदिर एवं कुष्ठ आश्रम' खलासी लाईन में किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के माध्यम से बड़ी संख्या में जरूरतमंद एवं असहाय व्यक्तियों को शीत ऋतु में ठंड से राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम का सुसंगठित एवं प्रभावी संचालन संस्था के 'महासचिव कुशल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा' द्वारा किया गया। इस अवसर पर चैप्टर चेयरमैन 'गौरव चोपड़ा ने अपने संबोधन में कहा' कि संस्था औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक दायित्वों के निर्वहन में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रही है। उन्होंने बताया कि मंक्रर संक्रांति के पावन अवसर पर नर सेवा नारायण सेवाश् की भावना से प्रेरित होकर शीत ऋतु के दौरान ठंड से जूझ रहे असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह कंबल एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इसे पूर्व संस्था द्वारा सभी सदस्यों के सहयोग 250 कंबल जिला जेल मे कैदियो को वितरित किए गए, इसी क्रम में आज मंकर संक्रांति के पावन पर्व पर वाल्मीकि मंदिर एवं कुष्ठ आश्रम पर 250 कंबलों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्यक्रम पूर्णतः सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 'कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर विधायक राजीव गुंबर एवं महिपाल वाल्मीकि, सदस्य एस.सी/एस.टी आयोग उ0 प्र.सरकार' ने कंबल एवं खिचड़ी वितरण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

## पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**सहारननपुर। (अवधनामा सवाददाता)** थाना गंगोह पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में एक वांछित अभियुक्त घायलवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर , 01 जिन्दा/02 खोखा कारतूस .315 बोर एंव 01 मोटरसाइकिल बरामद की गयी। एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, हत्या, गोकशी, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती,अवैध नशे के कारोबार जैसे आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में 14 जनवरी को थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा गंगोह नकुड़ रोड़ पर पशु पैठ चौराहा के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चौकिंग की जा रही थी। तभी बुढ्ढाखेड़ा रोड की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति आता दिखायी दिया।संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर मोटरसाइकिल चालक को रुकने का इशारा किया गया।पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा हड़बड़ी में मोटरसाइकिल मोड़कर वापिस बुढ्ढाखेड़ा रोड के सामने जाने वाली चकरोड़ पर भागने का प्रयास करने लाग।पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति का पीछा किया गया। कुछ दुरी पर जाकर संदिग्ध व्यक्ति की मोटरसाइकिल आम के बाग के पास फिसल कर गिर गयी।पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर आम के बाग की तरफ भागने का प्रयास करने लगा।पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारघायल बदमाश की पहचान मुनव्वर उर्फ मन्ना पुत्र इलियास निवासी ग्राम पीर माजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर के रूप में हुई । घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार/घायल बदमाश के विरुद्ध थाना गंगोह पर हत्या का प्रयास, गौकशी ,आर्म्स एक्ट आदि जैसे संगीन अपराधों में लगभग आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है।

## पुलिस मुठभेड में गौतस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** थाना नागल पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ गौकशी की घटना को अंजाम देने जा रहे 02 घायल सहित कुल 03 गौकश/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .12 बोर , 01 जिन्दा/01 खोखा कारतूस .12 बोर , 01 जिन्दा गोवंश, 02 मोटरसाइकिल एवं गौकशी करने के उपकरण बरामद किये। एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, हत्या, गोकशी, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती,अवैध नशे के कारोबार जैसे आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चौकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गत रात्रि को थाना नागल पुलिस टीम द्वारा ग्राम शीतलखेड़ा हाईवे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चौकिंग की जा रही थी। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम शीतलाखेडा के पास निर्माणाधीन हाईवे के किनारे ईंख के खेत में कुछ व्यक्ति गोकशी करने की फिराक में हैं । इस सूचना पर थाना नागल प्रभारी एवं चौकी गांगनौली प्रभारी द्वारा मय फोर्स जैसे की ईख के खेत के पास पहुंचे तो किसी पशु के कर्राहने की आवाज सुनायी दी । पुलिस टीम जैसे की आवाज की दशा में आगे बढी तो देखा की कुछ व्यक्ति गौकशी करने का प्रयास कर रहे हैं । जैसे ही पुलिस टीम गौकशों के नजदीक पहुंची तो गौकशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी ।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पेश किया आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर-विरासती योजना बनाने के लिए आसान उत्पाद

*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक आसान और कर मुक्त लाभ प्रदान करने वाला विरासती योजना (लिगेसी प्लानिंग) से जुड़ा समाधान प्रदान करने वाला उत्पाद- आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर लॉन्च किया है। यह उत्पाद, उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो अपने प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य उत्पाद अधिकारी, श्री विकास गुप्ता ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, ÷देश में बढ़ती आय और जीवन प्रत्याशा के बीच लोग अब विरासती योजना के महत्व को समझने लगे हैं। हमें आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर पेश करते हुए खुशी हो रही है, जिसे खास तौर पर ग्राहकों को अपनी विरासती योजना प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है।उन्होंने आगे कहा इस उत्पाद के तहत प्रदान किया जाने वाला लाइफ कवर 99 साल की उम्र तक बढ़ता रहता है और ग्राहक की दुर्भाग्य से मृत्यु हो जाने पर लाइफ कवर की राशि कर मुक्त लाभ के तौर पर दी जाती है।

यह प्रभावी रूप से अगली पीढ़ी को संपत्ति का हस्तांतरण करने में मदद करता है, जिससे उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलती है। इसके अलावा, निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की बिल्ट-इन सुविधा ग्राहकों को अपने स्वास्थ्य की सक्रिय रूप से निगरानी और प्रबंधन करने में मदद करती है।उन्होंने कहा ग्राहकों से किए गए वादों को पूरा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में दावा निपटान अनुपात से स्पष्ट है। यह अनुपात 99.3% रहा, जो कि उद्योग में अग्रणी है।

# डिस्ट्रिक्ट सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए थमा प्रचार

*अवधनामा संवाददाता*
*(अहमद रज़ा)*

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए प्रचार थम गया है, दोनों मुख्य ग्रुप के क़ाबिल अधिवक्ताओं ने अपने अपने उम्मीदवारों को सफ़ल बनाने के लिए भरसक प्रयास करते हुए चुनाव सरगर्मियां जारी रखी कल (आज) मतदान होना है जिसमें दोनों ग्रुप के सदस्य अपने अपने उम्मीदवारों को सफ़ल बनाने हेतु दम खम लगा रहे हैं वरिष्ठ अधिवक्ता चौश जानिसार अहमद ने कहा कि हम चाहते हैं कि बार और बेंच के मध्य संबंध मधुर रहें साथ ही साथ सिविल कोर्ट में कार्यरत 6 हज़ार से अधिक अधिवक्ता गणों के समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाए बैठने के लिए चैंबर्स का अच्छा प्रबंध ज़रूरी है वहीं महिला अधिवक्ता गण का भी खास ख्याल रखना ज़रूरी है अशोक पुंडीर ने कहा कि हम चाहते हैं कि सभी अधिवक्ता गण को स सम्मान सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं,युवा अधिवक्ता गण द्वारा प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच के संयुक्त प्रत्याशियों ने वरिष्ठ अधिवक्ताओ सर्व श्री चौश जानिसार अहमद, सतीश चौधरी, पालम राणा, अशोक पुंडीर, एस रौनक़ अली, चौश रणधीर सिंह, ठाकुर आदित्य सिंह, आदित्य अंगिरस, एम आरिफ़, अनीस क़ुरैशी, राव खालिद एवं महिला अधिवक्ताओ, युवा अधिवक्ताओ के साथ मिल कर चेम्बर से चेम्बर तक पूर्ण अनुशासनिक रूप से संपर्क कर चुनाव प्रचार किया तथा अधिवक्ताओं से पूरे ग्रुप को जिताने की अपील की चो0राणधीर सिंह एड, सिद्धार्थ शंकर त्यागी एड,.सरदार राजेंद्र पाल सिंह एड, अरुण कपिल एड,अशोक कुमार पुण्डीर एड, सुरेन्द्र दीक्षित एड,प्रदीप मित्तल एड, अंकुर सहगल एड.,चौ0 जानिसार एड. महेश कुमार गुप्ता एड,आदित्य सिंह एड,प्रदीप शर्मा एड,देवन्द्र चौधरी एड,आदित्य अंगीरस एड,अरविन्द आर्य एड,मुनव्वर अली खान एड,अशोक पोसवाल एड,जमाल साबरी एड,अजय शर्मा एड.विक्रम सैनी एड,बाबूराम एड,सुरेश गौतम एड., कमल दयाल एड,जयवीर सिंह एड,जयवीर लिए पुण्डीर एड.,आमीर खान एड,धर्मेद एड.,विनोद सिद्धार्थ एड,संजय वर्मा एड,सतीश चौधरी एड

## खिचडी वितरण किया

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सहारनपुर महानगर में आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में, शहर की प्रतिष्ठित श्नरूला डेयरीश् पर भव्य खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विजय टॉकीज स्थित नरूला डेयरी पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। सहारनपुर डेयरी कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के महानगर महामंत्री धीरज नरूला ने अपनी पारिवारिक परंपरा को निभाते हुए राहगीरों और भक्तों को गरम-गरम खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।

# निजी सड़क बनी, गांव की मेन रोड टूटी

## विधायक से भड़के इब्राहिमपुर-52 के ग्रामीण, बोलेः वोट से लेंगे बदला




*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद** - क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर-52 उर्फ नंगला में विधायक द्वारा कथित रूप से पूर्व प्रधान की निजी सड़क बनवाए जाने को लेकर जबरदस्त नाराजगी फैल गई है। गांव वालों का आरोप है कि विधायक कोटे की राशि से निजी लाभ पहुंचाया गया, जबकि गांव की मेन रोड बदहाल हालत में पड़ी है और आज तक उसकी सुध तक नहीं ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में सड़क की हालत इतनी खराब हो जाती है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन विधायक ने कभी मौके पर आकर हालात देखने की जरूरत नहीं समझी। इसी बात को लेकर लोगों में गुस्सा चर्म पर है और ग्रामीणों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका हिसाब लिया जाएगा। हमारे संवाददाता ने जब गांव के अलग-अलग लोगों से बात की तो लगभग सभी ने एक सुर में मेन रोड न बनने पर नाराजगी जताई। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि फोन पर विधायक से संपर्क किया गया था, जिस पर विधायक ने कहा कि पूर्व प्रधान ने उन्हें भ्रमित कर अपनी निजी सड़क बनवा ली, जबकि प्राथमिकता गांव की मुख्य सड़क होनी चाहिए थी। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि अगली बार अवसर मिला तो मेन रोड बनवाई जाएगी। हालांकि ग्रामीण इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हैं। गांव के लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपनी तस्वीरें भी हमारे संवाददाता को भेजीं और साफ कहा कि अब सिर्फ पूर्व प्रधान या उसके परिवार के लोग ही विधायक को वोट देंगे, बाकी पूरा गांव चुनाव में जवाब देगा। गांव में माहौल पूरी तरह से गरमाया हुआ है और यह मुद्दा आने वाले चुनाव में बड़ा राजनीतिक रंग लेता नजर आ रहा है।

## 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के जन्म दिवस पर जनपद में आयोजित

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** जिलाधिकारी मनीष बंसल के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संतोष बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद में ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आहूत कर कार्ययोजना तैयार की गई। अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के जन्मदिवस पर प्रदेश के समस्त जनपदों में एक समय पर ब्लैक आउट के सायरन बजेगें। इस मॉकड्रिल में आपदा मित्र तथा सिविल डिफेन्स स्वंयसेवकों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। विद्युत विभाग द्वारा सांय 06-00 बजे से 06-10 बजे तक विद्युत बन्द कर ब्लैक आउट किया जायेगा।

# मनरेगा को उसकी मूल भावना के साथ बहाल किया जाना चाहिएः ओंमकार सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** कांग्रेसियों द्वारा मनरेगा तथा एसआईआर को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार अलग-अलग विकासखंड क्षेत्रों में ग्राम चौपालों का आयोजन कर विरोध जाहिर किया गया।इन चौपालों में कांग्रेसियों के अलावा क्षेत्रीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि

बुधवार को मनरेगा बचाओ संग्राम एवं एस आई आर के तहत ब्लॉक वजीरगंज के ग्राम भमोरी सलारपुर ब्लॉक के ग्राम बरातेगदार एवं उझानी ब्लॉक के ग्राम नरूउ में तीन चौपालों का आयोजन किया गया है।इस दौरान ग्रामीणों, मजदूरों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए जा रहे




बदलावों का कड़ा विरोध किया है।उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि मनरेगा को उसकी मूल भावना के साथ बहाल किया जाना चाहिए।ओमकार सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा पर चार बड़े हमले करके मजदूरों के अधिकार छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चौपालों में उपस्थित लोगों को बताया गया कि एस आई आर में अगर किसी का वोट बनने से रह गया है तो वह 6 फरवरी तक वह अपना वोट बनवा सकता है।जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं मनरेगा बचाओ प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा मनरेगा कानून में किए गए बदलाव गरीब विरोधी हैं।पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लाई गई मनरेगा योजना एक ऐसी योजना थी जिससे कि हर गरीब परिवार का जीवन यापन की सुलभता थी परंतु अब जो इस कानून में बदलाव किया जा रहा है उसमें निश्चित रूप से गरीब मजदूर का हक छीनने की योजना है।

कार्यक्रमों का संचालन महासचिव इगलास हुसैन द्वारा किया गया।इस मौके पर शशांक राठौर विपिन मिश्रा,चंद्रपाल कश्यप सोनपाल वर्मा अली मोहम्मद असगर वली मोहम्मद सुनील शाक्य महेंद्र शाक्य,राजीव आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बदायूं।** थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा जानलेवा हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत बृहस्पतिवार को थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने वाले दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मोहसिन व समीर पुत्रगण मोहम्मद नबी निवासी कस्बा दहगवाँ बताए हैं।पुलिस को इनके कब्जे से चाकू आदि बरामद हुआ है।

# मकर संक्रांति पर,पूर्व मंत्री तथा पालिकाध्यक्ष ने कराया खिचड़ी भोज

## जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** मकर संक्रांति के अवसर पर सदर नगर पालिका प्रांगण में पूर्व मंत्री तथा पालिका अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में समरसता भोज एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मकर संक्रांति पर वृहस्पतिवार को पालिका प्रांगण में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा एवं उनकी धर्मपत्नी पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा द्वारा खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया गया। जिसमें साफतौर पर आपसी भाईचारा और सौहार्द देखने को मिला।इस दौरान जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि मकर संक्रान्ति जैसे पर्व पर खिचड़ी भोज और जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना सबसे



बड़ा पुण्य का कार्य है।उन्होंने कहा कि खिचड़ी भोज के माध्यम से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया जाता है।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होंगे, तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समाजसेवियों और सक्षम नागरिकों से आगे आकर सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। समरसता भोज में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही।वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं और जाति-भेद व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहायक होते हैं।

इस अवसर पर सभासद अनवर खां, ग्रीश शुक्ला, रवि कुमार, नवैद, प्रेमलता सिंह, मनोज कश्यप, श्याम बाबू साहू, मनोज चन्देल, श्याम पाल, ममता, कमाल उद्दीन, जया साहू, भूरे पीर, एडवोकेट सीएल गौतम, सलमान, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, कर निर्धारण अधिकारी चन्द्र भूषण सिंह, राजेन्द्र सिंह, लवी सिंह, केशव गंगवार, परवेज, लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, विक्की,साहिर, मुशाहिद, सुरेन्द्र, आसिफ खां, जीशान, जितेन्द्र, मनोज, राकेश सोनकर, मनोज सोनकर, गजेन्द्र, इमरान, परवेज इकबाल आदि मौजूद रहे।

## कश्यप समाज के लोगों ने मेरठ में कश्यप समाज के युवक की हत्या के विरोधमें प्रदर्शन किया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेरठ में कश्यप समाज के एक युवक की नृशंस हत्या के मामले को लेकर समाज में काफी आक्रोश है। सोनू कश्यप की हत्या के विरोध में भारतीय कश्यप विकास मंच उत्तर प्रदेश के बनैर तले कश्यप समाज के लोगो ने जमकर प्रदर्शन किया व मांगो को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे मांग की गई कि सोनू कश्यप की हत्या की सीबीआई जांच हो व आरोपियो को जल्द गिरफ्तार किया जाये। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया गया कि मेरठ की तहसील सरधना क्षेत्र के ग्राम ज्वालागढ़ में कश्यप समाज के युवक सोनू उर्फ रानू कश्यप 27 वर्ष को पहले जबरन शराब पिलाई गई, फिर उसके पास मौजूद लगभग 80,000 रुपये लूट लिए गए और मार-पीटकर जिंदा जलाकर हत्या कर दी गयी, यह सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला जघन्य अपराध है। यह घटना दिनांक 5 जनवरी 2026 को हुई। आरोप है कि इस घटना में पुलिस द्वारा मात्र एक अपराधी की गिरफ्तारी करके लीपापोती करने का काम किया है क्योंकि परिवार का कहना है कि इस घटना में पांच लोग और शामिल थे सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सोनू कश्यप के परिवार में विधवा माँ बीमार है एक बड़ा भाई टीबी का बीमार है एक बड़ी बहन जिसकी अभी शादी नहीं हुई परिवार मृतक सोनू कश्यप पर निर्भर था और कोई कमाने वाला नहीं है। हम इस हृदयविदारक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं। हम सरकार से मांग करते हैं कि सभी फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, मामले की निष्पक्ष एवं तेज़ जांच कराई जाए। पीड़ित परिवार को सरकारी सुरक्षा और न्याय प्रदान किया जाए।

# वाराणसी में धूमधाम के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का त्यौहार



अवधनामा ब्यूरो

- छत पर पतंगबाजी का दौर जारी रहा
- मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बाबा विश्वनाथ की विशेष मध्याह्न भोग आरती संपन्न हुई

**वाराणसी।** मकर संक्रांति का पर्व वाराणसी के शहर एवं ग्रामीण अंचल में धूमधाम के साथ आज गुरुवार को मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा तट पर स्नान कर भगवान भुवन भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद खिचड़ी,तिलकुट और मिठाइयों के साथ पतंगबाजी का आनंद लिया। विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और उन्होंने जरूरतमंदों को दान भी दिया। वही छत पर लोगो ने जमकर पतंग उड़ाया,साथ में बच्चों ने भी पतंग का आनंद लिया। वही मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बाबा विश्वनाथ की विशेष मध्याह्न भोग आरती संपन्न हुई। इस शुभ अवसर पर परंपरागत और सात्त्विक अन्न से बाबा का भोग अर्पित किया गया। मध्याह्न भोग आरती में बाबा विश्वनाथ को खिचड़ी, चिवड़ा, मूंगफली की पट्टी, पापड़ तथा अचार का भोग लगाया गया। भोग अर्पण के पश्चात विधि-विधान से आरती की गई, जिसमें श्रद्धा और आस्था का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।मकर संक्रांति के इस पावन पर्व पर मंदिर परिसर में भक्तों का उत्साह देखने योग्य रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मंदिर प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की गईं,जिससे दर्शन और पूजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 19 जनवरी को रेत में आकृति की खोज कलाकृति एवं अद्भुत आकृति देखेगा भारत

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** मां गंगा के पावन तट पर एक विशिष्ट सामूहिक पर्यावरणीय रेत में आकृति की खोज का आयोजन प्रतिवर्ष संपन्न होता है। गुरु राम छाटपार की वैचारिक दृष्टि से प्रेरित यह एकदिवसीय आयोजन कला,अनुष्ठान, प्रकृति और समुदाय के गहरे अंतर्संबंध को उजागर करता है जो बहुत ही हृदय स्पर्शीय होता है। यह आयोजन पिछले 24 वर्षों से किया जा रहा है।

प्रतिवर्ष सैकड़ों प्रतिभागी, युवा कलाकार, विद्यार्थी, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक तथा गैर-व्यावसायिक रचनाकार प्रकृति के साथ सीधे संवाद करते हुए अस्थायी रेत में मूर्त रूपों की रचना करते हैं। यहाँ प्रयुक्त सामग्री मिट्टी,रेत,जल और प्राकृतिक तत्व स्थायित्व का आग्रह नहीं करती, बल्कि क्षणभंगुरता को ही सार मानती है। विश्व स्तर पर उपलब्ध तटीय या सैंड आर्ट परंपराओं से भिन्न,यह आयोजन अपनी सामूहिकता, एकसाथ सृजन और निरंतरता के कारण विशिष्ट है। लगभग 300-400 लोग एक ही समय में गंगा तट को एक जीवंत रचनात्मक क्षेत्र में परिवर्तित कर देते हैं,जहाँ नदी स्वयं सह-रचनाकार बन जाती है।

19 जनवरी को आयोजित यह आयोजन गुरु राम छाटपार की जन्म-जयंती का स्मरण है। काशी की आध्यात्मिक भूमि में यह कलात्मक अभ्यास माया, निराकार और पुनर्लय की भारतीय दार्शनिक अवधारणाओं को मूर्त करता है।

# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने आस्था को लेकर सरोवरों में लगाई डुबकी

- श्रद्धालुओं ने नदी झीलों में स्नान ध्यान के बाद सूर्य भगवान और गुरू गोरखनाथ की पूजा अर्चना की

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिले में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरूवार को भक्तों और श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भगवान श्रीरा के तीर्थ रामकुंड के पवित्र जल में डूबकी लगाई इसके बाद उमंगेश्वर ज्योर्तिलिंग शिवालय में महादेव का जलाभिषेक किया। यह पर्व हर्षोल्लास श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने विजय सागर, रामकुंड सहित विभिन्न झीलों और सरोवरों में पहुंचकर स्नान किया। बाद में ब्राहम्णों को दान दिया। त्योहार के मौके पर सुबह से ही सर्द हवाओं और सर्दी के बाद भी चहल पहल नजर आई। ज्यादातर लोगों ने वाहनों से जाकर सरोवरों में डुबकी लगाई, इसके बाद पूजा अर्चना कर जरूरतमंदों को खिचड़ी, तिल दान किया।

मकर संक्रांति त्योहार को लेकर सुबह से ही मुहल्लों मुहल्लों में चहल पहल शुरू हो गई, श्रद्धालु ने सुबह से तालाबों और झीलों में जाने के लिए सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली, महिलाएं झुंड बनाकर पैदल, ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों पर सवार होकर सरोवरों व नदियों में डुबकी लगाने पहुंची। कड़ाके की ठंड के बाद भी परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी बाइक, चार पहिया वाहनों से झीलों और तालाबों पर बुड़की लगाने पहुंचे, शहर के विजय सागर झील, रामकुंड के अलावा अन्य झीलों में भी डुबकी लगाने के लिए तमाम श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। पर्व के मौके पर महिलाओं ने भी घरों विभिन्न प्रकार के पकवान व व्यंजन तैयार किए तो वहीं बुडकी लगाने के बाद विजय सागर पक्षी बिहार, टोला तालाब, सहित अन्य सरोवारों में खिचड़ी व अन्य पकवानों में पूजा अर्चना के बाद गरीबों को खिचड़ी दान की गई।

मकर संक्रांति से सूर्य उत्तराण हो जाता है, जिससे शुभ कार्य और विवाह आदि शुरू हो जाते हैं। श्रद्धालुओं ने नदी झीलों में स्नान ध्यान के बाद सूर्य भगवान और गुरू गोरखनाथ की पूजा अर्चन की। स्नान दौरान श्रद्धालु भक्ति भावनाओं से ओतप्रोत लमटेरा गीत गाते नजर आए। सुबह से स्नान के लिए निकली महिलाएं भी गीत गाती जा रहीं थी। मकर संक्रांति पर्व के प्रति महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दी।

# बल्क वेस्ट जनरेट्स/होटल/ रेस्टोरेंट और मैरिज होम पर नगर निगम ने कसा शिकंजा

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय हरित न्यायालय व मुर्निस्पल सॉलिड वेस्ट मैनेमेंट रूल्स-2016 के अनुसार शहर को कूड़ा मुक्त बनाने के लिये प्रयासरत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अब बड़े ब्लक जनरेटर्स(कूड़ा उत्पादन) संस्थाओं पर कठोर कार्यवाही करने का मन बना लिया है।

गुरुवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामानंद त्यागी व डॉ रामजी लाल के नेतृत्व में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के कई जाने-माने होटल मैरिज होम और रेस्टोरेंट को नोटिस देने की कार्रवाई करते हुए स्पष्ट किया कि अपने प्रतिष्ठान के गीले कचरे का निस्तारण स्वयं करना होगा और सूखा कचरा नगर निगम की गाड़ी को देना होगा अन्यथा की स्थिति में नगर निगम द्वारा म्युनिसिपल सॉलि़ड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के तहत वैधानिक कार्रवाई प्रतिष्ठान के विरुद्ध की जाएगी

नगर आयुक्त ने कहा महानगर के मैरिज होम, होटल व स्कूल कालेजों को कई बार बैठकों के माध्यम व नोटिस के माध्यम से अपने प्रतिष्ठान में निकलने वाले गीले कूड़े का स्वयं निस्तारण करने के निर्देश दिये गये है परन्तु स्वच्छ भारत मिशन की गाइड लाइन के विपरीत अभी भी शहर में बड़े-बड़े ब्लक जनरेटर गीले कूड़े व सूखे कूड़े का पृथकरण अपने स्तर से व अपने प्रष्ठिान में कम्पोस्ट यूनिट नही लगा रहें है उन्होनें कहा शहरवासियों के लिये यह व्यवस्था अत्यन्त खेदजनक है इसलिये अब ऐसे ब्लक जनरेटर्स के विरूद्ध नगर निगम द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। नगर आयुक्त ने कहा सभी ब्लक जनरेटर्स को अपने यहॉ कम्पोस्ट यूनिट अनिवार्य रूप से लगानी होगी। आने वाले दिनों में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम राष्ट्रीय हरित न्यायालय और मुर्निस्पल सोल्डि वेस्ट मैनेमेंट रूल्स-2016 के तहत अपने गीले कचरे का निस्तारण स्वयं नहीं करने वाले ब्लक जनरेटर्स मैरिज होम, स्कूल कालेज, होटल, रेस्टोरेंट के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये जुर्माना वसूला जाएगा।

उन्होंने ने कहा स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 की महापरीक्षा शुरू हो गयी है और ब्लक जनरेटस को कम्पोस्ट यूनिट अपने प्रतिष्ठान में स्वयं लगाकर गीले कूड़े का निस्तारण अनिवार्य करना है।

# फरार अभियुक्त के घर पर न्यायालय के आदेश पर 82 की कार्रवाई की गई

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** न्यायलय के आदेश पर भेलुपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।यह कार्यवाही सहायक पुलिस आयुक्त भेलुपुर गौरव कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक भेलुपुर सुधीर त्रिपाठी के आदेश क्रम में चौकी प्रभारी पियूष प्रताप सिंह,उ0नि0 विनय यादव,उ0नि0 योगेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल अनुराग यादव के द्वारा मु0अ0सं0 187/1991 धारा 147,148,149,302 के फरार चल रहे अभियुक्त के घर में की गई यह अभियुक्त है जियालाल पुत्र कल्लू निवासी ह14 /230 सराय नंदन किरहिया के साथ गोपाल पुत्र पुरुषोत्तम, कन्हैयालाल पुत्र पुरुषोत्तम, बंसीलाल, पुत्र पुरुषोत्तम निवासी ह14/240 सराय नंदन खोजवा के बार-बार एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत न होने के कारण इन सभी अभियुक्तों का आज गुरुवार को 82 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई । उपरोक्त कार्रवाई के पश्चात वहां पर उपस्थित लोगों को अग्रिम कार्यवाही के संबंध में अवगत करने के बाद हस्ताक्षर लिया गया। उपरोक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने हेतु बताया गया।माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत न होने की स्थिति में 83 के तहत नियमानुसार कुर्क की कार्रवाई की जाएगी।

# असाइमेंट को लेकर कॉलेज में छात्रों के बीच हुई मारपीट

- मारपीट होने से कक्ष में मची आफरा तफरी, कई छात्र अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर दिखे भागते

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन की पोल तब खुली जब प्रवक्ता के दिए गए असाइमेंट को लेकर छात्रों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट होने से कक्ष में आफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। कुछ छात्रों ने बीच बचाव की कोशिश भी की। शिक्षा के मंदिर में हुई घटना का वीडियो भी बनाया गया और सोशल मीडिया में वायरल किए जाने के बाद भी कालेज प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

चरखारी कस्बा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एक क्लास रूम में छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो सामने आया है। क्लास रूम के भीतर छात्र एक दूसरे पर लात घूंसे बरसा हुए जमीन पर गिरा रहे है। तो कोई बीच बचाव की कोशिश करता नजर आ रहा है। इस दौरान कक्षा में अफरा तफरी मच गई और कई छात्र अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते दिखे। इस मारपीट की वजह कोई पुरानी रंजिश नहीं बल्कि प्रवक्ता के दिए गए एक असाइनमेंट को जमा करने को लेकर हुआ विवाद था। पहले छात्रों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। बताया जा रहा है कि जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त कक्षा में कोई शिक्षक मौजूद नहीं था, जिसका छात्रों ने फायदा उठाया। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद कॉलेज स्टाफ कुछ भी कहने से साफ इनकार कर दिया। प्रशासन की यह चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है, आखिर छात्रों में इतना दुस्साहस कहां से आया और कॉलेज में अनुशासन व्यवस्था कितनी प्रभावी है। वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर लोग कॉलेज परिसरों में बढ़ती अनुशासनहीनता और गुंडागर्दी को लेकर चिंता जता रहे हैं। लोग सवाल कर रहे हैं कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह की घटनाएं आखिर कब तक होती रहेंगी।

# सपा जिला संगठन ने धूमधाम से मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन



एम ए इदरीसी संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी मैनपुरी की संसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिंपल यादव का जन्मदिन समाजवादी पार्टी के जिला संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं नेधूमधाम के साथ मनाया।

पार्टी के जिला सचिव एवं स.प्रवक्ता प्रभारी राधेश्याम सविता ने बताया समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में उनके आवास लोहिया फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं ने एक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाएं इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सांसद जी के लिए स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर जिला सचिव रामपाल सिंह यादव, रुकमंगल सिंह यादव, सुधीर सिंह यादव, सुनील यादव, गिरधर शर्मा, जिला सचिव शिव शंकर शर्मा, चंदन शर्मा, धीर सिंह एवं आकाश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिला महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में जिला संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भी के काटकर खुशियां मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने डिंपल यादव को भारतीय राजनीति में शालीनता का प्रतीक बताया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला सचिव विनीत परमार, जिला सचिव बीके गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुर मुख्तार आलम, शिवम आदि मौजूद रहे।

# खनन विभाग द्वारा छापामारी कर एक ट्रैक्टर ट्राली एवं जेसीबी पकड कर पुलिस को सौपी



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशन मे अवैध खनन/ परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतू चेकिंग अभियान दिनांक 15/1/2026 के दौरान थाना मेरापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला सबल मे खनन अधिकारी द्वारा औचक छापेमारी की गई।

मौके पर बिना अनुमति के एक ट्रैक्टर ट्राली एवं 1 द्धष्ट्ठ को पकड़कर थाना मेरापुर की अभिरक्षा मे दिया गया है। उक्त कार्यवाही से विभाग को लगभग 250000 जुर्माने के रूपये मे प्राप्त होगा।

# आफताब के नेतृत्व में मनाया गया डिंपल यादव का जन्मदिन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** समाजवादी पार्टी की महिला सशक्तिकरण की सशक्त प्रतीक, सादगी और संवेदनशीलता की जीवंत मिसाल तथा मैनपुरी की लोकप्रिय सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी का जन्मदिन गोरखपुर में सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार के भाव के साथ बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी महानगर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सचिव आफताब अहमद के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समाज के विभिन्न वर्गों की व्यापक सहभागिता देखने को मिली।

जन्मदिन के पावन अवसर पर एशियन सहयोगी संस्था के अनाथ आश्रम में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तथा उन्हें मिठाइयाँ, ताजे फल एवं पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों के चेहरों पर झलकती मुस्कान और खुशी ने पूरे परिसर को अपनत्व, संवेदना और उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर युवा नेता आफताब अहमद ने कहा कि बच्चों की खुशी ही इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल यादव एवं मोहम्मद हसन ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रीमती डिंपल यादव जी महिलाओं की आवाज़ को मजबूती देने वाली एक सशक्त, संवेदनशील और संघर्षशील नेता हैं, जिन्होंने संसद से लेकर समाज के हर मंच पर महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया है। वहीं शहाबुद्दीन अली एवं विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए ऐतिहासिक योजनाएँ लागू कीं, जिनका लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुँचा। शुभम यादव एवं मुन्ना यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डिंपल यादव जी का जीवन सादगी, संघर्ष और जनसेवा की प्रेरणादायक मिसाल है। समाजवादी पार्टी का संकल्प महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर देश की प्रगति में समान भागीदार बन सकें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने श्रीमती डिंपल यादव जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से एक दंपति के परिवार में लौटी खुशियाँ, आपसी मतभेद हुए दूर



**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पारस्परिक पारिवारिक विवाद से ग्रस्त 12 पति-पत्नी जोड़ों की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए दोनों पक्षों को संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप एक पति-पत्नी जोड़ा आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए सहमत हुआ, जबकि शेष प्रकरणों को अगली तिथि पर पुनः काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम के दौरान प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला, महिला कांस्टेबल अनुप्रिया, महिला कांस्टेबल भारती यादव सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी, मो0 हनीफ एवं सुरेशचन्द्र जायसवाल आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

# कॉलोनी में चल रहे सेक्स रैकेट का हुआ भंडाफोड़, मौके से संचालिका सहित तीन गिरफ्तार



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लगातार अवैध देह व्यापार को रोकने के क्रम शहर में जारी है। आज गुरुवार को मकबूल अलम रोड स्थित आज़ाद नगर के पास कॉलोनी में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किया गया। मौके से संचालिका सहित तीन लोग को गिरफ्तार किया गया। वहीं संचालिका का पति फरार बताया गया। यह कार्यवाही पुलिस आयुक्त,कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम मे पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन,अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के आदेश के क्रम मे अपराधियों के विरुद्ध ÷जीरो टालरेन्स÷ की नीति अपनाते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए एसीपी कैंट के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कैण्ट की टीम द्वारा 3 अदद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से काफी संख्या में आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई है। फील्ड यूनिट के सहयोग से वैज्ञानिक साक्ष एकत्र किए गए।बताया गया कि, फरार अभियुक्त सैयद समीर के बारे में जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि इसके विरुद्ध थाना कैंट थाना सिगरा व थाना भेलूपुर में लूट व मारपीट के मामले में मुकदमा पंजीकृत है।

# जनपद में अवैध खनन करने वालों पर प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जिलाधिकारी को प्राप्त विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर तहसील तरबगंज क्षेत्र में अवैध खनन के एक गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। प्राप्त सूचना के अनुसार उपजिलाधिकारी तरबगंज, हल्का लेखपाल श्री संतोष श्रीवास्तव तथा थानाध्यक्ष नवाबगंज की संयुक्त जानकारी में यह तथ्य सामने आया कि मे0 सीगल इण्डिया द्वारा स्वीकृत शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध खनन किया जा रहा है। मे0 सीगल इण्डिया, जिसका कार्यालय द्वितीय मंजिल जे0एम0के0 टावर, कपशेरा, साउथ वेस्ट दिल्ली में स्थित है तथा पंजीकृत कार्यालय ,-898 टैगोर नगर, लुधियाना, पंजाब एवं कॉर्पोरेट कार्यालय प्लाट नं0 452 उद्योग विहार फेज-5, गुड़गांव में है, को तहसील तरबगंज के ग्राम दुर्गागंज में स्थित विभिन्न गाटा संख्याओं पर कुल 2.533 हेक्टेयर क्षेत्रफल से 29,636 घन मीटर साधारण मिट्टी के खनन की अनुमति दिनांक 13.12.2025 से 12.03.2026 तक अयोध्या बाईपास रिंग रोड निर्माण हेतु प्रदान की गई थी।

जांच के दौरान यह पाया गया कि अनुज्ञाधारक फर्म द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से मिट्टी खनन न कर नदी तल से बालू का अवैध खनन किया जा रहा था। मौके पर की गई पैमाइश में को-ऑर्डिनेट ह 26ए49%42÷, E 82ए8%56÷ पर लगभग 18,600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में औसतन 1.10 मीटर गहराई तक कुल 20,460 घन मीटर बालू का अवैध खनन किया जाना पाया गया। अवैध रूप से निकाली गई बालू को निर्माणाधीन अयोध्या बाईपास रिंग रोड में प्रयोग किया गया।

यह कृत्य उत्तर प्रदेश उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के नियम 3, 58 एवं 72 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। साथ ही, सरकारी संपत्ति की चोरी किए जाने के कारण लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2/3 का भी उल्लंघन किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दिनांक 18.11.2025 को मे0 सीगल इण्डिया द्वारा ग्राम तुलसीपुर माझा में मिट्टी के अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में फर्म के 07 डम्पर एवं एक पोकलेन मशीन को थाना नवाबगंज की अभिरक्षा में लिया गया था, जिसमें फर्म द्वारा अधिरोपित जुर्माने की धनराशि जमा की गई थी। इसके बावजूद फर्म द्वारा पुनः अपराध की पुनरावृत्ति की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित फर्म अवैध खनन की आदी है।

# मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 95 साल से आयोजित होने वाले पारंपरिक पंद्रह दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ

- मेला देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी साथ ही लगाई गई दुकानों से सामान खरीदने के साथ झूलों का भी लिया आनंद

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** श्री रघुनाथ धाम मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 95 साल से आयोजित होने वाले पारंपरिक पंद्रह दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी संतराम, चौकी इंचार्ज सुजीत जायसवाल एवं ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मेले देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी साथ ही लगाई गई दुकानों से सामान खरीदने के साथ झूलों का भी आनंद लिया।

रघुनाथ धाम मंदिर में आचार्य पंडित सुशील अरजरिया ने मुख्य यजमान ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई, जिसके उपरांत मेले का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस ऐतिहासिक एवं पावन मेले में दूर दराज़ से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मेले दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें एवं मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध रहेंगे। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक भी है। मंदिर प्रबंधक पंडित सुशील अरजरिया ने बताया कि यह मेला वर्ष 1931 से लगातार वैधानिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा, पार्किंग एवं यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लें। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मौला बक्श, जगत सिंह, तनवीर खान, डॉ. सतीश राजपूत, देवेंद्र अरजरिया, अखिलेश द्विवेदी, अखिलेश रावत बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रामनगरी अयोध्या में नाविकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, डीएम ने किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या और नौकायन (बोटिंग) के प्रति उनकी बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन से जुड़े हितधारकों, विशेष रूप से नाविकों, के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में नया घाट क्षेत्र के नाविकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल साकेत, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निकट किया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने किया।उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नाविकों को अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत का सशक्त प्रतिनिधि (फ्लैग बेयरर) बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से नाविकों को डिजिटल भुगतान प्रणाली, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव, स्टोरीटेलिंग जैसी पारंपरिक कला, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) एवं सीपीआर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी, जिससे वे पर्यटकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर अनुभव प्रदान कर सकें।कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ के प्रतिनिधि द्वारा नदी में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने, आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता बरतने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित महत्वपूर्ण व्यावहारिक सुझाव भी दिए गए।इस अवसर पर उप निदेशक (अयोध्या/देवीपाटन मंडल) ब्रजपाल सिंह, मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म मैनेजमेंट के सहायक प्राध्यापक सुयाश गुप्ता तथा एसडीआरएफ से सब-इंस्पेक्टर निखिल कुमार उपस्थित रहे। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म मैनेजमेंट, लखनऊ द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में होटल साकेत, अयोध्या के जनरल मैनेजर रविकांत एवं समन्वय में सहयोग देने वाले अभिजीत कटियार, रिसर्च स्कॉलर एवं सी.एम. टूरिज्म फेलो - अयोध्या का विशेष योगदान रहा, जिनके उत्कृष्ट प्रबंधन और सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन के पश्चात प्रतिभागी नाविकों को पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी पहचान एक प्रशिक्षित और विश्वसनीय नाविक के रूप में स्थापित होगी तथा सरकार के प्रति उनका विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। यह पहल नाविकों के जीवन में सकारात्मक एवं दीर्घकालिक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी।

# शादी से पहले युवती को जबरन ले जाकर किया गायब

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** बाबा का बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहटी सरैया निवासी सत्य प्रकाश मिश्रा ने अपनी पुत्री को जबरन ले जाकर गायब करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उनकी पुत्री की शादी 19 जनवरी 2026 को तय थी। सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि 24 नवंबर 2025 को अयोध्या के ब्रह्मबाबा इलाहाबाद बाईपास पर दिखाई की रस्म के बाद दिनेश मिश्रा, उनकी पत्नी सुनीता मिश्रा, पुत्री शिखा मिश्रा निवासी ग्राम दसौली थाना पूराकलंदर तथा पिंटू मिश्रा निवासी पिण्डारा मुसाफिरखाना, अमेठी ने दबाव बनाकर उनकी पुत्री को अपने घर ले गए। आरोप है कि 10 जनवरी 2026 की रात युवती को उसकी मर्जी के खिलाफ चार पहिया वाहन से कहीं भेज दिया गया।

# पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, केक काटकर किया कंबल वितरण

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने मैनपुरी की सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिंपल यादव का जन्मदिन अपने आवास कृष्णापुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने केक काटा तथा महिलाओं को कंबल वितरित कर सांसद डिंपल यादव के दीर्घायु होने की कामना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि आज भाजपा शासन में बहन-बेटियों और महिलाओं का उत्पीड़न बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार ने बहन-बेटियों के उत्थान के लिए कन्या विद्या धन जैसी महत्वपूर्ण योजना शुरू की थी, लेकिन भाजपा सरकार में ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गई हैं।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का किसान, नौजवान और व्यापारी सभी परेशान हैं। नौकरियां समाप्त हो चुकी हैं और महंगाई चरम पर है। प्रदेश की जनता एक बार फिर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए आतुर है। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में प्रदेश में पुनः समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया, जिससे प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की लौट सके।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में नि. जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, नि. महासचिव गोपीनाथ वर्मा, पूर्व प्रधान गयादीन यादव, प्रधान राजेश कोरी, अली सईद अहमद, शमशेर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष तरजीत गोंड़, वंशराज चौरसिया, राजेश यादव, प्रमोद मिश्रा, घनश्याम मिश्रा, पवन तिवारी, रामशंकर वर्मा, रामशंकर तिवारी, चैतराम यादव, सुखदेव यादव, अनिल तिवारी, शादाब खान, नूर बाबू, बबलू पांडे, जयराम मिश्रा, मुंशी वर्मा, सूबेदार यादव, राजेश वर्मा, राकेश तिवारी, पंकज शर्मा, बलराम पांडे, हनुमान पांडे, प्रेम पांडे, चंद्रप्रकाश तिवारी, रघुनाथ वर्मा, आसाराम निषाद, चंद्रप्रकाश निषाद सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीमा पर 270 लीटर अवैध शराब के साथ दो बाइक जप्त

## तस्कर बाइक छोड़कर नेपाल की तरफ फरार



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** नेपाल से भारतीय क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी की सूचना पर आबकारी विभाग और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 270 लीटर नेपाली शराब बरामद की है। तस्कर बाइक छोड़कर नेपाल सीमा में भागने में सफल रहे। आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने बताया कि विभाग को गुरुवार की भोर में नेपाल से शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद एसएसबी निरीक्षक सामान्य सर्वेश यादव (झुलनीपुर) ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों के साथ टीम गठित कर बहुआर गांव के पास सीमा स्तंभ 500 पर विशेष नाका लगाया। सुबह करीब 04¬45 बजे दो व्यक्ति दो मोटरसाइकिल से कच्चे रास्ते भारत में प्रवेश करते दिखे। टीम ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों बाइक छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए। तलाशी में प्रत्येक बाइक पर तीन-तीन बोरियों में अवैध शराब मिली। बोरियां खोलने पर कुल 30 पेटी में 900 शीशी नेपाली शराब (270 लीटर) बरामद हुई।बरामद शराब और दोनों मोटरसाइकिल को मौके पर सील कर कब्जे में ले लिया गया। जांच में एक बाइक महराजगंज और दूसरी कुशीनगर जिले की पाई गई। वाहन मालिकों की पहचान के लिए संबंधित आरटीओ को पत्र भेजा जा रहा है। इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# भाकियू टिकैत ने 28 किसानों ने मह रक्तदान किया




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में मंगलवार को जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद वर्मा की अगुवाई व प्रभारी रक्तकोष डॉ गौरव सिंह की देखरेख में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल रक्तदान जैसे जीवनदायी कार्य को प्रोत्साहित करना था। बल्कि समाज में किसानों की सेवा भावना को भी उजागर करना था। गुरुवार को आयोजित। शिविर में कुल 28 किसानों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 23 किसानों ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर महादानी की उपाधि हासिल की।जिनमे सौरभ द्विवेदी, दिनेश कश्यप, शिव कुमार, दीपक कुमार, चन्द्र मोहन, जय सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, इंद्रभान सिंह, धीरेन्द्र कुमार, डॉ शिवाकांत, मोहित कुमार, दीपक पटेल, सौरभ शर्मा, जितेश, राजकुमार, धर्मराज गुप्ता, अभय मिश्रा, सुभाष यादव, अभिलाष कुमार, राजकुमार रावत, अरुण प्रकाश, मो तारिक, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे। भाकियू पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर संगठन के सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित किया गया था और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। किसानों में शिविर को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इसे सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, मण्डल अध्यक्ष अनुपम वर्मा, डॉ हरिओम, जिला संरक्षक उत्तम वर्मा, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू, ओम प्रकाश वर्मा, शिव नरायन सिंह, रामानंद वर्मा, प्रमोद कुमार, राजेश वर्मा सहित चिकित्सकगण भी उपस्थित रहे।

# प्रजापति दक्ष ने यज्ञ में भगवान शंकर को निमंत्रण नहीं दियाः स्वामी प्रमोदानंद




**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** कस्बा मसौली स्तिथ बाबा राम शरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर पर चल रही विराट रूद्र महायज्ञ कार्यक्रम में यज्ञ सम्राट स्वामी प्रमोदानंद महराज जी ने सत्संग में प्रजापति दक्ष का प्रसंग सुनाया।महाराज जी ने कहा प्रजापति दक्ष ने यज्ञ में भगवान शंकर को निमंत्रण नहीं दिया तो सती को जाने से मना करने पर भगवान शंकर ने कहा आपके पिता मुझसे क्रोधित है। तब सती ने इस क्रोध का कारण पूछा तो शंकर जी कहा कि एक समय की बात है। जब प्रजापति दक्ष देवताओं की सभा के सभापति थें। देवताओं की सभा में जब प्रजापति दक्ष का आगमन हुआ तो सभी देवताओं ने खड़े होकर महाराज दक्ष का स्वागत किया लेकिन भगवान शंकर नहीं खड़े हुए।तब प्रजापति ने भगवान शंकर से कहा हे शंकर तो सभा से भग जा। तभी प्रजापति दक्ष ने एक प्रस्ताव जारी किया। की किसी भी पूजा पाठ में शंकर जी को नहीं बुलाया जाएगा। लेकिन बिना शंकर के कौन पूजा पाठ करे। जिससे सभी पूजा पाठ बंद हो गए। तब प्रजापति दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया और मुझे निमंत्रण नहीं दिया है। यह प्रसंग सुन सभी श्रोताओं ने भगवान भोलेनाथ शंकर के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी रामलाल दास व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** जय मां सिद्धदात्री दुर्गापूजा मण्डल शोलहपुरी के तत्वाधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरूवार को खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नीलम शर्मा की देखरेख में आयोजित खिचड़ी भोज में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया। इस मौके पर दुर्गापूजा मंडप के अजीत सिंह, राजू श्रीवास्तव, शोभित श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश शर्मा, मनोज मेहरोत्रा, मदन जायसवाल, राकेश वैद, वेद सिंह कमल, नफीस उर्फ पप्पू,फ्लावर नकवी, विशाल वैद, रघुनाथ यादव, इंदर मोटवानी, मोनू शर्मा व अरविन्द पाल मौजूद रहे। वहीं श्री देवी दुर्गेश्वरी मंदिर हमदानी कोठी पर मकर संक्रांति के मौके पर अध्यक्ष रोहित सिंह व पुजारी संजय सिंह की अगुवाई में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

# जरूरत मंदों के दर्द पर कर्तव्य वीरों का मरहम

## ब्रह्मचारी आश्रम में समाजसेवी समीर सिंह ने बांटे कम्बल किया खिचड़ी भोज



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कर्तव्य वीरों ने जब सोचा तो उसे करके दिखाया ठंड के मौसम में जब बुजुर्गों के कन्धों पर स्नेह से कम्बल पड़े तो उनके मुख से बरबस ही आशीर्वाद निकल पड़ा...जुग जुग जियो बेटा। स्थानीय राजकमल रोड के ब्रह्मचारी आश्रम में प्रधान व प्रसिद्ध समाजसेवी समीर सिंह ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकरसंक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज के साथ ज़रूरत मंदों को कम्बल भेंट किया। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद विधिवत् खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ । पूर्वाह्न करीब 11 बजे से शुरूआत हुए इस भोज का समापन देर शाम तक चलता रहा। समीर सिंह ने इस बीच जरूरतमंदों को करीब डेढ़ सौ कम्बल का विवरण किया। बिना किसी सरकारी सहयोग के यह अपने आप में अलग कार्यक्रम रहा । जहां एक ही पंक्ति में ग़रीब और अमीर व सभी वर्गों के लोगो ने बैठकर खिचड़ी, दही पापड़, चटनी और आचार के साथ साथ तिल के लड्डू का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी व प्रधान समीर सिंह का कहना है इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

इससे लोगों को एक दूसरों के करीब आने और समझने का मौका मिलता है । उन्होंने बताया मकरसंक्रांति के दिन वह प्रतिवर्ष इस सहभोज कार्यक्रम को बीतें पच्चीस वर्षों के कराते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में वह जरूरतमंदों को कम्बल भी वितरित करते हैं। उनका कहना है असमानता के भेद को मिटाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर होते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मृत्युंजय शर्मा, विनय सिंह, मनीष सिंह, विजय शुक्ला, दिनेश, अजय भाई, विजय बाबा राम चन्द्र सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राजू यादव ने डिम्पल के जन्मदिन पर संत महात्माओं को अंगवस्त्र भेट किया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पंचायत देवां मे बाबा लाला दास कुटी (श्री वृन्दावन आश्रम) में समाजवादी पार्टी की सांसद डिम्पल यादव (सांसद, मैनपुरी) के जन्मोत्सव पर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में पूर्व सदस्य विधान परिषद राजेश यादव राजू द्वारा सपा सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन का केक काटकर सभी का मुंह मीठा कराते हुए,संत-महात्माओं को कंबल अंगवस्त्र एवं दक्षिणा भेंट कर डिंपल यादव जी को स्वास्थ्य दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्रदान करने का निवेदन करते हुए कहा श्रीमती डिंपल यादव जी समाजवादी पार्टी की मजबूत स्तंभ हैं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर करती रहती हैं जो इनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को दर्शाता है आज हम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी श्रीमती डिंपल यादव जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है। इस मौके पर ज्ञान सिंह, यादव प्रदीप यादव बिंद्रा, सरबजीत यादव, अशोक प्रधान, सहजराम, वीरेंद्र कुमार, रामकिशोर, आशीष आदि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने श्रीमती डिंपल यादव जी के जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की!

# पुलिस ने मुखबधिर व मंदबुद्धि बालक को परिजनों से मिलवाया



**महराजगंज। (अवधनामा सवाददाता)** थाना कोठीभार पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक मुखबधिर एवं मंदबुद्धि बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाकर सराहनीय कार्य किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त बालक अपने घर से भटककर लावारिस अवस्था में क्षेत्र में इधर-उधर घूम रहा था। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर कोठीभार पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। पुलिस द्वारा बालक से संवाद स्थापित करने का हर संभव प्रयास किया गया। प्रारंभिक पूछताछ और उपलब्ध संकेतों के आधार पर उसकी पहचान से जुड़ी जानकारी जुटाई गई, जिससे पता चला कि बालक जनपद कुशीनगर का निवासी है। इसके बाद पुलिस ने विभिन्न माध्यमों से बालक के परिजनों का पता लगाकर उनसे संपर्क किया। सूचना मिलने पर परिजन थाना कोठीभार पहुंचे, जहां पुलिस ने बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने पुलिस की इस मानवीय पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# मकर संक्रांति पर किसानों संग खुशियाँ साझा



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आईपीएल फाउंडेशन के सौजन्य से सिसवा चीनी मिल द्वारा गन्ना यार्ड परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों व मजदूरों ने प्रसाद ग्रहण कर पर्व की खुशियाँ साझा कीं।

इस अवसर पर इकाई प्रमुख संदीप पंवार, विभागाध्यक्ष गन्ना धीरज सिंह, विभागाध्यक्ष उत्पादन राजकुमार तथा विभागाध्यक्ष यांत्रिक लोकेश दीक्षित ने किसानों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए। साथ ही नववर्ष की डायरी, कैलेंडर, पेन एवं आईपीएल बैग भेंट कर किसानों का उत्साह बढ़ाया गया।

# मकर संक्रांति पर चौक में बाबा गोरक्षनाथ को खिचड़ी चढ़ाने उमड़ी भारी भीड़

## प्रशासनिक व्यवस्थाएं रहीं चाक-चौबंद, डीएम और एसपी ने भी की पूजा-अर्चना









*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चौक स्थित बाबा गोरक्षनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नेपाल सहित महराजगंज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु तड़के सुबह करीब 5 बजे से ही मंदिर परिसर और चौक क्षेत्र में पहुंचने लगे। श्रद्धा और आस्था के इस महापर्व पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। चौक क्षेत्र में खोया-पाया केंद्र, नगर पंचायत का कैम्प कार्यालय, पुलिस सहायता केंद्र, नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) तथा प्रशासनिक कक्ष की स्थापना की गई थी, जिससे किसी भी आपात स्थिति या समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। सामाजिक जागरूकता को लेकर बाल विवाह रोकथाम संबंधी जागरूकता कैम्प भी लगाया गया, जहां लोगों को कानून एवं इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। वहीं श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयुष कैम्प के माध्यम से लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा दवाओं का वितरण भी किया गया। भीड़ प्रबंधन को सुचारु बनाए रखने और श्रद्धालुओं को खिचड़ी चढ़ाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए एनसीसी के छात्रों की मंदिर परिसर में तैनाती की गई थी। एनसीसी कैडेट्स ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराने और मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।=मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की जगह-जगह तैनाती रही। पुलिस-प्रशासन की सतर्कता और समन्वय के चलते मकर संक्रांति का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### डीएम और एसपी ने भी अर्पित किया खिचड़ी

मकर संक्रांति के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भी चौक स्थित बाबा गोरक्षनाथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और बाबा को खिचड़ी अर्पित की। अधिकारियों ने जिले की सुख-शांति, समृद्धि और नागरिकों के कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व समाज में आपसी सौहार्द, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने और स्वच्छता व व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

# ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में जमुनीपुर मंदिर में हुआ खिचड़ी भोज



अवधनामा संवाददाता

**बसखारी अंबेडकरनगर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा अंबेडकरनगर के तत्वावधान में जमुनीपुर में मां काली दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार पांडे उर्फ काकू पांडे उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिपाठी कथा संचालन जिला सचिव बागीश मिश्रा ने किया। पंडित आत्माराम तिवारी के संयोजकत में प्रारंभ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में समाज की ऊपर लगातार हो रहे अत्याचार पर विस्तार से चर्चा किया गया एवं समाज को संगठन से जोड़ते हुए छोटे-छोटे बच्चों में संस्कार डालने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई मुख्य अतिथि काकू पांडे ने समय की मांग है हम अपनी एक जुटता दिखाएं क्योंकि हम एक रहेंगे तभी नेक रहेंगे जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा वर्तमान समय में आरक्षण के नाम पर योग्यताओं का हनन हो रहा है अभी मेडिकल में आरक्षण के नाम पर माइनस नंबर पाने वालों को भी डॉक्टर बनाया जा रहा है जो बहुत ही चिंताजनक विषय है। इस अवसर पर विप्र परिवार के विभवकांत मिश्रा आदर्श ब्राह्मण फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार तिवारी राकेश मिश्रा जिला सलाहकार हरिशंकर तिवारी अनिल शुक्ला महेंद्र कुमार पांडे अनिरुद्ध तिवारी जनार्दन पांडे ज्ञान प्रकाश तिवारी रमाशंकर उपाध्याय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इटियाथोक ब्लॉक : मनरेगा में लूट सको सो लूट

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिले के इटियाथोक ब्लॉक की गाँवो में अर्जुनपुर, अयाह,कर्मडीह कला, निसारुपुर, विशु नपुर माफी, सिसई बहलोलपुर,रुदापुर, के गाँव में इन दिनों वीडियो, एपीओ, और तकनीकी सहायक कि छत्रछाया में मनरेगा में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। यहां फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है। वह भी डंके की चोट पर है सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनरेगा योजना में धांधली की तमाम शिकायतों के बाद भी ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी के नींद में सो रहे हैं और कार्रवाई करने के बजाय खाना पूर्ति कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टा चार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं लेकिन उनके ही प्रदेश गोंडा जिले के इटियाथोक ब्लॉक में मनरेगा योजना में खुलेआम पलीता लगाया



जा रहा है।इस खे ल में जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है।जिले के इटिया थोक ब्लॉक में मनरेगा योजना के अंतर्गत करा ए जा रहे कार्यों में रोजाना कोई न कोई नया मा मला देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत अयाह का है इस ग्राम पंचायत में काग ज पर एक फोटो से 60 श्रमिकों की फर्जी हा जिरी लगाई जा रही है।अधिकारियों की उदासी नता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं ऐसे ही कर्मडीह कला ग्राम पंचायत में भी कार्य स्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देख कर ही अंदा जा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अयाह में वेदपुर सड़क से राम निहाल के चक होते हुवे सरयू नहर तक भूमि विकास कार्य कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजा ना 60 श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।इसी तरह निसारुपुर में अछैबर के घर से पानी टंकी तक नाला जीर्णोद्धार कार्य के लिए

78 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है लेकिन धरातल की वास्तविकता चौंकाने वाली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्यापन करने वा ले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके ही सत्यापन कर दे रहे हैं।

## टीम गठित कर कराई जाएगी जांच : मंडलायुक्त

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं, इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# वालिदैन से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं : मौलाना हसनैन बाकरी



दानिश मेहदी/इब्ने अली जाफरी

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र सिकंदरपुर चकबुलाकी स्थित मस्जिद इमाम हुसैन परिसर में गुरुवार को सैय्यद रईस हैदर जैदी इब्ने सैय्यद कौसर हुसैन जैदी बुलाकी में के मजलिस चेहल्लुम का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना सैयद हसनैन बाकरी लखनऊ ने खिताब किया।

उन्होंने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि वालेदैन ( अभिभावक ) एक सायादार वृक्ष की तरह हैं।जिनकी मौजूदगी झुलसा देने वाली धूप का एहसास भी नहीं होता है। मौलाना ने मजलिस में हज़रत इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र किया तो मोमनीन की आंखें अश्कबार हो गए। अली रिजवी इलाहबादी ने पेश ख्वानी किया। संचालन मौलाना फरमान अली ने किया।

मजलिस में जैगम हाजी आमिर अली नचफी हाजी कमर, मोहम्मद अली राजू, मोहम्मद रज़ा हैदर पत्रकार, अहमद रज़ा, हैदर अरशद अली नकी जैदी मसरूर आलम जैदी मोहम्मद अली एडवोकेट, ज़ीशान, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डुमरियागंज ने बलरामपुर की टीम को दी करारी शिकस्त

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी क्षेत्र के मिनी स्टेडियम - घरुवार में चल रहे लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट चेयरमैन कप सीजन-2 पर डुमरियागंज के खिलाड़ियों ने बलरामपुर की टीम को 70 रनों से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट पर अपना कब्जा जमा लिया है, मुख्यातिथि श्याम जायसवाल विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता , असिस्टेंट कमांडेंट संजय केपी तथा युवा समाजसेवी अनिल अग्रहरि ने विजयी खिलाड़ियों को 51 हजार का नकद पुरस्कार और उपविजेता टीम को 25 हजार का पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया।

बुधवार को उक्त टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पहुंची डुमरियागंज और बलरामपुर की टीमों के बीच दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। बल्लेबाजी करते हुए डुमरियागंज की टीम ने कुल 160 रन बनाया और प्रतिद्वंदी बलरामपुर की टीम के सामने जीत के लिए 161 रन का लक्ष्य रखा। बलरामपुर टीम के खिलाड़ी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 90 रन में ही सिमट गये और उन्हें पराजय का मुँह देखना पड़ा। मैन ऑफ द टूर्नामेंट डुमरियागंज के खिलाड़ी आयुष श्रीवास्तव रहे वहीं मैन ऑफ द मैच के खिताब से मुराद अली नवाजे गये।

विजयी खिलाड़ियों को मुख्यातिथि श्याम जायसवाल ने चेयरमैन कप तथा 51 हजार तथा उपविजेता टीम को 25 हजार का घोषित इनाम हाथों में सौंपने के उपरान्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती हैं। कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसके बिना आज के युवाओं का जीवन अधूरा सा प्रतीत होता है।

कार्यक्रम आयोजक नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर टेनिस बॉल से क्रिकेट टूर्नामेंट खेले जा रहे हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टीमों में खेलने वाले खिलाड़ी लेदर बॉल से खेलते हैं, इसलिए क्रिकेट के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टीमों में खेलने के लेदर बॉल से अभ्यास करना चाहिए जिससे वे अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर अपने क्षेत्र, समाज और देश का नाम रोशन कर सके। इस दौरान एग्जिक्यूटिव ऑफिसर राजन गुप्ता, अस्सिटेंट कमांडेंट संजय केपी, समाजसेवी अनिल अग्रहरि, सिद्धार्थ पाठक, राकेश जायसवाल, मुस्तन शेरुल्लाह, बृजेश अग्रहरि, अभिषेक यादव, आदित्य कुमार, विक्की आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरी करने के 2 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** बुधई पुत्र चौधरी निवासी मुगलजोत थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा द्वारा सूचना दी गई कि उनके घर में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर दो बक्सा जिसमे एक जोडी पायल और 3500 रु0 नकद रखा हुआ था वह उठा ले गये हैं । थाना को0 देहात पुलिस द्वारा प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 15.01.2026 को थाना को0 देहात पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण व विवेचना के दौरान आरोपी अभियुक्तों 1. शिवकुमार शाहू उर्फ पंचौनी नि0 मीरनटोला थाना कोतवाली देहात गोण्डा व 2. सलमान पुत्र अरमान नि0 मीरनटोला थाना कोतवाली देहात गोण्डा को जमुनियाबाग से फिरोजपुर मोड़ को जाने वाली रास्ते से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 जोड़ी पायल सफेद धातु व रुपये 2345/- नगद बरामद किये गये । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

# महिला सशक्तिकरण एंटी रोमियो के प्रति गांव में पहुंच कर किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण बेटी बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा व बाल कल्याण समिति व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान ग्राम एवं नगर विकास संस्थान, मिशन शक्ति केंद्र थाना लोटन के क्रम में बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण के मुद्दे एवं पाक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी नये कानून के संबंध मे थाना लोटन द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व बेटी बहू सम्मेलन व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस



अधीक्षक व विश्वजीत शौर्यान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के निर्देशन में ग्राम नेतवर में जाकर शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई 1090 वुमेन पावर लाइन181 महिला हेल्प लाइन1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन112पुलिस हेल्प लाइन 1098चाईल्ड केयर लाइन108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन101अग्निशमन हेल्प लाइन1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।इस दौरान हेड कांस्टेबल संजय गुप्ता कांस्टेबल अमित कुमार म0का0 संगीता मौजूद रही।

# गौ सेवा के माध्यम से तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट ने मनाया मकर संक्रांति



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट ने गौ-सेवा और सामाजिक सद्भाव का एक अनूठा एवं प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। ट्रस्ट अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आलोक बाजोरिया एवं विकास निषाद ने गौशाला विकासनगर कालोनी पहुँचकर विशेष सेवा अभियान चलाया। प्रत्येक गाय को पौष्टिक तिल और गुड़ का प्रसाद खिलाया, जो सर्दी के मौसम में उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। ट्रस्ट अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा, ÷हमारी संस्कृति और परंपराओं में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। मकर संक्रांति जैसे शुभ दिन पर उनकी सेवा करना न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि यह मानवता और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। तिल और गुड़ जहाँ ऊर्जा और स्वास्थ्य का स्रोत हैं, वहीं ये सामाजिक एकता, स्नेह और प्रकृति के प्रति सम्मान का भी संकेत करते हैं। यह पहल केवल एक धार्मिक गतिविधि न होकर एक सामाजिक-पर्यावरणीय अभियान बन गई, जिसने लोगों को प्रकृति और पशुधन के प्रति दायित्वबोध का संदेश दिया। तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट की यह पहल समाज में सेवा, संरक्षण और सद्भाव की भावना को मजबूत करने वाली एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से 65 वर्षीय महिला की मौत

**बांसी सिद्धार्थनगर।** रोडवेज चौराहे पर ट्रक की चपेट में आने से बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े आठ बजे एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पथरा थाना क्षेत्र के सिसई कला गांव निवासी सोनमती देवी पत्नी रामदास मोटरसाइकिल से अपने बेटे के साथ बांसी कस्बे के रानीगंज स्थित अपने मायके आ रही थी। जैसे वह बांसी रोडवेज चौराहे पर पहुंची पीछे से ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह मोटरसाइकिल से गिर गई और उसपर ट्रक का पहिया चढ़ गया। इसके बाद काफी गंभीर हालत में उन्हें स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी लाया गया जहां डॉक्टर आर के सिंह ने देखने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया जबकि ड्राइवर फरार हो गया है। इस संबंध में कोतवाल मृत्युंजय पाठक का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर भेज दिया गया है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पंचायत भवन

भुगतान पूरा, काम अधूरा

अजीत मौर्या

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मरचा में बने पंचायत भवन का निर्माण कार्य सरकारी फाइलों में भले ही पूरा दर्शाया गया हो, लेकिन जमीनी सच्चाई तस्वीरों में साफ दिखाई दे रही है। पंचायत भवन निर्माण की संपूर्ण धनराशि का भुगतान हो चुका है, इसके बावजूद भवन आज भी अधूरा और उपयोग के लायक नहीं है।

मौके की स्थिति यह है कि भवन के कई कक्ष अधूरे पड़े हैं, दरवाजे-खिड़कियां तक पूरी नहीं लगी हैं, परिसर में गंदगी और टूट-फूट साफ देखी जा सकती है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ग्राम पंचायत से संबंधित सभी ऑनलाइन कार्यों का संपादन पंचायत सहायक द्वारा पंचायत भवन से किया जाए, लेकिन ग्राम पंचायत मरचा के इस पंचायत भवन में न तो कोई कार्यालय संचालित हो रहा है



और न ही कोई ऑनलाइन कार्य।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन के अधूरे निर्माण की जानकारी कई बार संबंधित जिम्मेदारों को दी गई, बावजूद इसके न तो निर्माण कार्य पूरा कराया गया और न ही किसी प्रकार की जांच हुई। सवाल यह उठता है कि जब निर्माण कार्य अधूरा है, तो पूरी सरकारी धनराशि का भुगतान किस आधार पर कर दिया गया।

यह पूरा मामला सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण माना जा रहा है। जहां सरकार पंचायतों को डिजिटल और सशक्त बनाने की बात कर रही है, वहीं ग्राम पंचायत मरचा का यह पंचायत भवन सरकार की मंशा की खुली धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है। परिचय न बताने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं निर्माण से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सरकारी योजनाओं के साथ इस तरह का खिलवाड़ न हो। इस संबंध में सीडीओ व डीपीआरो पक्ष जानना चाहा पर उनका मोबाइल फोन नहीं उठा।

## 28 रजब को हल्लौर में निकलेगा जुलूस ए अमारी

**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हर साल की तरह इस साल भी ( 18 जनवरी रविवार ) 28 रजब बाद ए जोहरैन हल्लौर स्थित इमामबाड़ा कनीज रबाब से अंजुमन फ़रोग़ अज़ा के जेरे एहतमाम सफरे इमाम हुसैन अस के उनवान से मजलिसे अज़ा व जुलूस ए अमारी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मर्सिया ख्वानी के फ़रायज़ को शाहिद आलम व हमनवा और मजलिस को जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई अंजाम देगे। बाहर से आने वाले जायरीनों के तआम ( भोजन ) का खास इंतजाम किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक जुहैर हैदर दिल्ली व वज़ीर हैदर विलियम ने देते हुए तमाम अहले वतन और बाहरी जायरीनों से सफर ए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की है।

## नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने केक काटकर मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन



**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय पर बृहस्पतिवार की शाम नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने केक काटकर सांसद डिंपल यादव का जन्म दिन मनाया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और सांसद डिंपल यादव महिलाओ की बुलंद आवाज है। वह हमेशा गरीबों, मजलूमों, असहाय लोगो और महिलाओं के हक की लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक लड़ती है। उन्होंने कहा कि डिम्पल यादव सादगी की मिशाल है और समाज के अंतिम व्यक्ति चेहरे पर मुस्कान लाना चाहती है। पूर्व नपा अध्यक्ष और सपा जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि डिम्पल यादव हमेशा देश व प्रदेश के तरक्की की सोच के साथ काम करती है। कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष कपिल देव, मुस्तकीम खान आदि ने संबोधित किया।इसके बाद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाया और खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सुमन यादव, करीम राईनी अजहर खान, महताब आलम सन्नू, इरफान शेख, राधेश्याम जायसवाल, कैफ खान, मैनू सहित तमाम लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने गरीबों को कंबल भेंट किया।

## मोरंग बालू से लदे ट्रक में लगी आग



**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरवा माफी गांव के निकट खलीलाबाद रोड पर बुधवार की रात दो बजे मोरंग बालू से लदे ट्रक में आग लग गया। जिससे ट्रक पूरी तरह से जल गया। फायर सर्विस की टीम पहुंचकर आग को बुझाया। बिहार से मोरंग बालू भरकर ट्रक बांसी की तरफ आ रहा था जैसे ही यह सोरवा माफी गांव के पास पहुंचा ट्रक जलने लगा जिसकी सूचना चालक ने तत्काल फायर सर्विस और वाहन मालिक को दिया। सूचना के बाद पहुंचे फायर सर्विस की टीम ने आग को काबू में किया तबतक पूरा ट्रक जल चुका था। वाहन चालक का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। ट्रक में आग लगने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# नड़ौरा प्रीमियर लीग में रोमांच चरम पर, पांचवें दिन उलटफेर पर उलटफेर

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खंड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत लुचुइया टोला नड़ौरा गांव के मैदान पर चल रहे नड़ौरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में पांचवें दिन दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। टूर्नामेंट का शुभारंभ युवा समाजसेवी कृष्ण कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर किया।

पहले मुकाबले में खुनुवा एलेवेन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, लेकिन यह फैसला उल्टा पड़ गया। अलीगढ़वा एलेवेन की टीम 73 रन पर सिमट गई, बावजूद इसके खुनुवा एलेवेन लक्ष्य तक पहुंचने में पूरी तरह नाकाम रही और मात्र 61 रन पर ढेर हो गई। नतीजा—अलीगढ़वा एलेवेन ने मुकाबला झटक लिया। समीर की 22 रनों की पारी निर्णायक साबित हुई। मैन ऑफ द मैच का खिताब सैय्यद के नाम रहा।

दूसरे मुकाबले में एनसीसी एलेवेन ने झंडेनगर की टीम को पूरी तरह बेबस कर दिया। झंडेनगर की टीम 10 ओवर में 48 रन ही जोड़ सकी। जवाब में एनसीसी एलेवेन ने सिर्फ तीन ओवर में लक्ष्य हासिल कर यह साबित कर दिया कि टूर्नामेंट में उनकी दावेदारी कितनी मजबूत है। सब्बू की घातक गेंदबाजी (3 विकेट) और रिजवान की विस्फोटक बल्लेबाजी (41 रन) ने मैच को एकतरफा बना दिया। रिजवान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी विनोद कुमार उपाध्याय ने प्रदान किया।

नड़ौरा प्रीमियर लीग अब सिर्फ टूर्नामेंट नहीं, बल्कि ग्रामीण क्रिकेट का महाकुंभ बन चुका है, जहां हर दिन नए सितारे उभर रहे हैं और मुकाबले और भी तीखे होते जा रहे हैं।इस मौके पर संजय मिश्रा ,अमित कुमार उपाध्याय, विवेक उपाध्याय, राकेश राज, कमलेश मिश्रा, अभिषेक उपाध्याय, बबलू व अन्य लोग मौजूद रहे।

## गोण्डा में संस्कृति उत्सव 16 से 18 जनवरी तक गांव से जनपद स्तर तक होंगी कला प्रतियोगिताएं

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और लोक-कलाकारों को पहचान दिलाने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 'उत्तर प्रदेश पर्वङ्कहमारी संस्कृति÷हमारी पहचान' अभियान के तहत संस्कृति उत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चयनित कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि संस्कृति उत्सव 2025-26 का आयोजन 16 जनवरी 2026 से 18 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान गांव, पंचायत, ब्लॉक और तहसील स्तर पर कलाकारों की प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें चयनित कलाकारों को जनपद स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। 16 व 17 जनवरी को ग्राम पंचायत, विकास खण्ड व तहसील स्तर पर प्रतियोगिता होगी, और 18 जनवरी को जिला स्तर पर गोण्डा टाउन हॉल में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# टांडा पालिका प्रशासन ने वितरित किया गरीबों को कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**टांडा, अंबेडकरनगर।** ठंड के मौसम में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद टांडा की ओर से बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका द्वारा कुल 100 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल ने कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने नगर पालिका परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज के कमजोर वर्गों को ठंड के मौसम में बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरतमंदों के लिए ऐसे सेवा कार्य निरंतर होते रहने चाहिए।

कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष प्रिस राय, नगर महामंत्री आशीष सोनी, सभासद नवाब साबरी, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, मो. जाहिद, पिंटू सोनी, जलकल विभाग के जेई आशीष कुमार चौहान, निशांत पांडेय, जलील बाबू, मोहम्मद हुसैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नगर पालिका द्वारा किए जा रहे इस मानवीय प्रयास की सराहना की और जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया।

## जब गले पड़े पुरस्कार का हो गया तिरस्कार

प्रसिद्ध हिंदी लेखक, पत्रकार और पटकथा लेखक कमलेश्वर ने सम्मान, एवार्ड अथवा पुरस्कार के विषय पर बातचीत करते हुये एक बार बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कोई भी सम्मान ग्रहण करने से पहले यह ज़रूर देखना चाहिये कि सम्मानित करने वाली संस्था या व्यक्ति का स्वयं अपना कितना सम्मान है। ऐसा उन्होंने इसीलिए कहा था कि तमाम लोग व संस्थाएं विशिष्ट लोगों को सम्मानित करने के नाम पर या इसी के बहाने खुद अपनी छवि चमकाने या स्वयं की प्रसिद्धि की ख़ातिर तरह तरह के सम्मान समारोह आयोजित करती रहती हैं। ऐसे में सम्मान या पुरस्कार प्राप्त करने के लिये लालायित रहने वाले लोग तो किसी भी ऐरे ग़ैरे नत्थू ख़ैरे से कोई भी सम्मान लेने पहुँच जाते हैं। यहाँ तक कि सम्मान हासिल करने के लिये तरह तरह की जुगाड़बाज़ियाँ भी करते हैं। परन्तु स्वाभिमानी लोग या ऐसे सम्मान की वास्तविकता को समझने वाले लोग इसतरह के कथित पुरस्कारों व सम्मानों से दूर रहना ही पसंद करते हैं ।

कुछ ऐसा ही दृश्य पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस नेता शशि थरूर को सावरकर के नाम का एक अवार्ड देने की कोशिश की गयी परन्तु शशि थरूर ने इसे लेने से इंकार कर दिया। ग़ौर तलब है कि केरल की हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (HRDS इंडिया) नाम के एक एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला अवार्ड देने की कोशिश की थी। HRDS इंडिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस ) या संघ परिवार से संबद्ध माना जाता है। बात बीते वर्ष दिसंबर माह की है, जब केरल-आधारित इस एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला प्राप्तकर्ता घोषित किया। HRDS इंडिया के अनुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार और मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है, और इसका नाम विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) के नाम पर रखा गया है, जो भाजपा और संघ परिवार द्वारा सम्मानित व आदर्श पुरुष माने जाते हैं। जबकि कांग्रेस,उदारवादियों और वामपंथी दलों द्वारा उनकी स्वतंत्रता संग्राम में कथित नकारात्मक भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। यह पुरस्कार सम्मान समारोह 10 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होना प्रस्तावित था। इस आयोजन का उद्घाटन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाना था। संस्था द्वारा इस पुरस्कार हेतु थरूर का नाम उनके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हस्तक्षेप और प्रभाव के लिए चुना गया था। परन्तु थरूर ने इस पुरस्कार को स्वीकार करने से यह कहते हुये इंकार कर दिया कि उन्हें इस पुरस्कार की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली थी न कि आयोजकों से। ग़ौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना ग़ैर -ज़िम्मेदाराना है। पुरस्कार की प्रकृति, प्रस्तुत करने वाली संस्था या अन्य संदर्भों के बारे में स्पष्टता न होने पर, मैं न तो कार्यक्रम में भाग लूंगा और न ही पुरस्कार स्वीकार करूंगा। थरूर ने सावरकर के व्यक्तित्व पर सीधे टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनका इनकार कांग्रेस की वैचारिक स्थिति से जुड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस में उनके सहयोगियों का मानना था कि सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार करना पार्टी का अपमान होगा व ऐसा करना पार्टी को शर्मिंदा करेगा।

# ‘प्राउड आर’ विवाद: एसी कमरों का छद्म फेमिनिज्म




सोशल मीडिया आज के दौर में एक ऐसा विरोधाभासी मंच बन चुका है, जहाँ अक्सर क्रांति का शोर तो बहुत होता है, लेकिन बदलाव की ज़मीन पूरी तरह नदारद रहती है। यहाँ ऐसे विवाद खड़े किए जाते हैं जो सतह पर तो आधुनिक, विद्रोही और क्रांतिकारी लगते हैं, लेकिन जब उनकी परतों को उधेड़ा जाता है, तो वे समाज के लिए, और विशेषकर हमारी आने वाली नस्लों के लिए बेहद घातक साबित होते हैं। हाल ही में इन्फ्लुएंसर दिविजा भसीन (जिन्हें ऑक्वर्ड गोट के नाम से जाना जाता है) द्वारा शुरू किया गया विवाद इसका एक ज्वलंत और चिंताजनक उदाहरण है। दिविजा ने अपने


अब्दुल्लाह मंसूर

एक वीडियो में रंडी जैसी अपमानजनक, शोषक और महिला-विरोधी गाली को रिक्लेम (पुनः प्राप्त) करने का प्रयास किया। उनका तर्क था कि इस शब्द को एक गाली के बजाय गर्व का प्रतीक बना दिया जाए। इसी विकृत सोच ने Proud Randi अभियान की नींव रखी। देखते ही देखते यह ट्रेंड #ProudRandi के रूप में इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर जंगल की आग की तरह फैल गया, जहाँ हज़ारों यूज़र्स, बिना इसके सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और कानूनी परिणामों को समझे, इसे एक बैज ऑफ ऑनर की तरह इस्तेमाल करने लगे।

शुरुआती दौर में यह अभियान एक आधुनिक फेमिनिस्ट मूवमेंट जैसा प्रतीत हुआ। दिविजा और उनके समर्थकों ने पश्चिम के स्लट वॉक जैसे आंदोलनों की तर्ज पर तर्क दिया कि अपशब्दों को अपनाकर महिलाएं अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकती हैं। उनका मानना था कि अगर समाज उन्हें गाली देता है, तो उस गाली को ही अपनी पहचान बना लेना चाहिए ताकि उसका दंश खत्म हो जाए। सैद्धांतिक रूप से यह सुनने में आकर्षक लग सकता है, लेकिन भारतीय सामाजिक परिवेश में यह तर्क पूरी तरह से विफल, खोखला और खतरनाक है। समस्या तब विकराल हो गई जब युवा लड़कियां, और खास तौर पर 13-14 साल की टीनएजर्स, अपने इंस्टाग्राम बायो में #ProudRandi लिखने लगीं। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो की बाढ़ आ गई जहाँ नाबालिग बच्चियां इस गाली को गर्व से दोहरा रही थीं। यह दृश्य किसी भी संवेदनशील और सभ्य समाज के लिए चिंताजनक था। माता-पिता और समाज के एक बड़े प्रबुद्ध वर्ग ने इसे अश्लील और आपत्तिजनक माना। भारतीय जनमानस में रंडी शब्द का सीधा जुड़ाव वेश्यावृत्ति, देह व्यापार और यौन शोषण से है। जब नाबालिगों के बायो में यह शब्द दिखा, तो सवाल उठना लाज़िमी था कि क्या हम अभिव्यक्ति की आज़ादी के नाम पर बच्चों को सॉफ्ट पोर्नोग्राफी या यौनिकरण की दिशा में नहीं धकेल रहे? हालात इतने बिगड़े कि कई जगहों पर एफआईआर दर्ज हुई और पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत संज्ञान लिया, क्योंकि यह ट्रेंड नाबालिगों को सीधे तौर पर वयस्क और अश्लील सामग्री से जोड़ रहा था।

**विशेषाधिकार का नशा और डिजिटल छलावा-** इस पूरे घटनाक्रम का अगर बारीकी से विश्लेषण किया जाए, तो यह समाज सुधार की मुहिम कम और रेज बेटिंग का धंधा ज्यादा नज़र आता है। डिजिटल मार्केटिंग और कंटेंट क्रिएशन की दुनिया में रेज बेटिंग का मतलब है जानबूझकर ऐसा भड़काऊ, अतार्किक और विवादित कंटेंट बनाना जिससे लोग गुस्से में आएं, कमेंट करें और एल्गोरिदम वीडियो को वायरल कर दे। दिविजा और उन जैसे इन्फ्लुएंसर्स के लिए यह एक सोची-समझी रणनीति थी। जब आलोचना हुई, तो अपनी गलती स्वीकारने या बच्चों पर पड़ने वाले गहरे मनोवैज्ञानिक प्रभाव की जिम्मेदारी लेने के बजाय, उन्होंने कुतर्कों का सहारा लिया। उनका तर्क था कि अगर मर्द औरतों को गाली देते हैं, तो औरतों को भी वह गाली अपना लेनी चाहिए। यह तर्क न केवल खोखला है बल्कि बौद्धिक दिवालियेपन की निशानी है। यह वैसा ही है जैसे कोई कहे कि अगर समाज में कोई संक्रामक बीमारी फैली है, तो हमें उसके इलाज की जगह जानबूझकर बीमार हो जाना चाहिए ताकि बीमारी का डर खत्म हो जाए।

आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए ये इन्फ्लुएंसर्स विक्टिम कार्ड और लेबलिंग का सहारा लेते हैं, जो स्वस्थ बहस की गुंजाइश को खत्म कर देता है। जब कोई पुरुष इस ट्रेंड का तार्किक विरोध करता है, तो उसे तुरंत मिसोजिनिस्ट (महिला-विरोधी) घोषित कर दिया जाता है। यदि कोई महिला इसका विरोध करे, तो उसे पिक मी (Pick Me - पुरुषों का ध्यान खींचने वाली) कहकर उसकी आवाज़ दबा दी जाती है। इसे चरित्र हनन की रणनीति कहते हैं, ताकि असली मुद्दे कि आप बच्चों को गाली देना क्यों सिखा रहे हैं? से ध्यान भटकाकर उसे मर्द हमें क्यों दबा रहे हैं पर ले जाया जा सके। इनका मकसद समाज सुधार नहीं, बल्कि अपनी सोशल मीडिया की दुकान चलाना है, एंगेजमेंट बढ़ाना है, चाहे उसकी कीमत समाज का नैतिक पतन ही क्यों न हो। वे यह भूल जाते हैं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है, और जब आपके दर्शक नाबालिग हों, तो यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

**जमीनी हकीकत और वंचितों का अपमान-** इस विवाद का सबसे दुखद और विडंबनापूर्ण पहलू वह है जो फेमिनिम के मूल सिद्धांतों पर चोट करता है। सोशल मीडिया पर प्राउड और स्लैंग की इस लड़ाई के बीच उन महिलाओं की सिसकियाँ अनसुनी रह गई जो वास्तव में वेश्यावृत्ति के दलदल में फँसी हैं। रंडी शब्द किसी पॉश इलाके के सुरक्षित एसी कमरे में बैठे इन्फ्लुएंसर के लिए रिबेलियस (विद्रोही) होने का एक फैंसी तमगा हो सकता है, लेकिन रेड लाइट इलाकों की तंग और अंधेरी गलियों में बैठी उस औरत के लिए यह शब्द उसकी विवशता, लाचारी और रूह के छलनी होने का प्रमाण है। वहाँ देह व्यापार कोई चॉइस या सशक्तिकरण का प्रतीक नहीं है, बल्कि वह पेट की आग, मानव तस्करी या पुश्तैनी गरीबी की मजबूरी है। जब संभ्रांत और कुलीन वर्ग की महिलाएं इस शब्द को ग्लेमराइज करती हैं, तो वे अनजाने में उन शोषित महिलाओं के दर्द, उनकी सामाजिक अछूत स्थिति और उनके रोज़मर्रा के शारीरिक व मानसिक शोषण का क्रूर मखौल उड़ाती हैं। उस शोषित वर्ग का दर्द यह है कि उनके लिए यह शब्द कोई डिजिटल हैशटैग नहीं, बल्कि एक ऐसा सामाजिक कलंक है जिसे वे चाहकर भी अपने माथे से मिटा नहीं सकतीं।

इसके अतिरिक्त, जो इन्फ्लुएंसर्स अपनी स्क्रीन के पीछे बैठकर रंडी शब्द को गर्व का विषय बता रहे हैं, उन्हें शायद भारत की जटिल सामाजिक और जातीय संरचना का रत्ती भर भी ज्ञान नहीं है। सड़क पर झाड़ू लगाने वाली, खेतों में मजदूरी करने वाली गरीब पसमांदा और दलित महिलाओं के लिए यह शब्द कितनी बड़ी हिंसा है, इसका उन्हें अंदाज़ा भी नहीं। इन वंचित समुदायों की महिलाओं के लिए यह शब्द जातिगत और लैंगिक हिंसा का हथियार है। उनके लिए यह कोई कूल ट्रेंड नहीं, बल्कि वह शोषण और अपमान है जो उन्हें उनकी जाति और गरीबी के कारण सामंती सोच वाले पुरुषों से रोज़ झेलना पड़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी दबे-कुचले समाज ने शब्दों को रिक्लेम तब किया है जब उसका मकसद राजनीतिक चेतना और आत्म-सम्मान जगाना था जैसे दलित शब्द का उत्थान। दलित शब्द एक राजनीतिक पहचान बना, न कि गाली। ठीक ऐसे ही पसमांदा शब्द का अर्थ है-जो पीछे छुट गए, इस शब्द का राजनीतिक प्रयोग इस समाज को देश की मुख्य धारा में लाना है लेकिन यहाँ रंडी शब्द को अपनाने का मकसद कोई राजनीतिक चेतना नहीं, बल्कि सिर्फ इंटरनेट पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना है। यह शहरी और बाज़ारू फेमिनिज्म उन माताओं के संघर्ष का अपमान है जो दिन-रात मेहनत करती हैं ताकि उनकी बेटियाँ इन गालियों से दूर रहें और पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर बनें।

इस ट्रेंड ने सबसे ज्यादा नुकसान उन मासूम बच्चियों का किया है जो अभी दुनिया की जटिलताओं को नहीं समझतीं। इन्फ्लुएंसर्स के पास तो कानूनी मदद के लिए वकीलों की फौज और संसाधन हैं, लेकिन जिनका डिजिटल रिकॉर्ड हमेशा के लिए खराब हो जाएगा, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अभिव्यक्ति की आज़ादी का मतलब बच्चों को वयस्क और अश्लील विमर्श में धकेलना नहीं हो सकता। असली सशक्तिकरण गालियों को अपनाने या खुद को बिकाऊ विशेषणों से नवाजने में नहीं है। हम नारीवाद के उस स्वरूप का समर्थन करते हैं जो बराबरी और सम्मान की बात करता है, न कि वह जो बाज़ारू हथकंडे अपनाता है। असली फेमिनिज्म उस सामाजिक और आर्थिक ढांचे को बदलने में है जहाँ किसी महिला को गाली देना ताकत की निशानी समझा जाता है।

## डिजिटल दौर में शब्द-साधना किताबों की ओर लौटता युवा मन


दिलीप कुमार

दिल्ली की ठिठुरती हुई जनवरी की सुबह और भारत मण्डपम की भव्यता के बीच एक अलग ही संसार बसा हुआ है। यहाँ की फिजाओं में केवल कागज और ताजी स्याही की खुशबू नहीं है, बल्कि यह उन उम्मीदों की महक है जो बताती हैं कि तकनीक के शोर के बीच भी इंसान का अपनी जड़ों से जुड़ाव बना हुआ है। विश्व पुस्तक मेला 2026 केवल एक बाजार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक महाकुंभ बन गया है। सबसे सुखद दृश्य यह है कि इस मेले की असली रौनक आज का युवा और छोटे बच्चे हैं। अक्सर यह चिंता जताई जाती है कि रील और शॉर्ट वीडियो के इस दौर में एकाग्रता खत्म हो रही है, लेकिन यहाँ उमड़ी यह भीड़ गवाही दे रही है कि दुनिया अभी बची रहेगी, क्योंकि यहाँ का युवा पन्नों के सन्नाटे को मोबाइल के शोर पर तरजीह दे रहा है।

यह देखना दिल को सुकून देता है कि आज की पीढ़ी केवल समकालीन लेखकों तक सीमित नहीं है। स्टालों पर घूमते हुए जब आप देखते हैं कि युवा मुंशी प्रेमचंद के गोदान के पात्रों की बात कर रहे हैं या हरिवंश राय बच्चन की मधुशाला के दर्शन को अपने जीवन से जोड़ रहे हैं, तो लगता है कि साहित्य की मशाल सही हाथों में है। रामधारी सिंह दिनकर की ओजस्वी रश्मिरथी की पंक्तियाँ आज भी युवाओं की रगों में वही जोश भर रही हैं, और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का विद्रोही स्वर आज के दौर के प्रतिवाद की भाषा बन रहा है। उर्दू अदब का जादू भी सिर चढ़कर बोल रहा है; फैज़ अहमद फैज़ की नज़्में और साहिर लुधियानवी की बेबाक कलम आज के युवाओं के लिए प्रेम और क्रांति का नया व्याकरण लिख रही हैं। अंग्रेजी साहित्य में विलियम शेक्सपियर, चार्ल्स डिकेंस और मार्क ट्वेन जैसे दिग्गज आज भी अपनी कहानियों से युवाओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। महिला लेखिकाओं के प्रति बढ़ता रुझान एक प्रगतिशील समाज की ओर इशारा करता है। महादेवी वर्मा की असीम संवेदनशीलता, कृष्णा सोबती की मितरो मरजानी वाली बेबाकी और अमृता प्रीतम की रसीदी टिकट को ढूँढते युवाओं की आँखें साहित्य की गहराई की तलाश में हैं। विदेशी लेखिकाओं में वर्जीनिया वुल्फ, जेन ऑस्टेन, टोनी मॉरिसन और सिल्विया प्लाथ की कृतियों को लेकर युवतियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। भारत मण्डपम के इन आधुनिक गलियारों में जब बुजुर्ग और युवा मिलकर सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का ज़िक्र करते हैं तो पीढ़ियों का फासला सिमट जाता है। यह दृश्य किसी उत्सव से कम नहीं कि जहाँ लोग सेल्फी लेने के लिए नहीं, बल्कि दुर्लभ अनुवादों और पुराने संस्करणों को पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे हैं। यहाँ का हर कोना एक नई कहानी कहता है; कहीं कोई युवा चेखव की कहानियों पर बहस कर रहा है, तो कहीं कोई युवती इस्मत चुगताई के अफसानों में अपना अक्स तलाश रही है। चुगताई की बेबाकी के साथ जौन एलिया की दीवानगी और सआदत हसन मंटो का कड़वा सच आज के युवाओं की नई जुबां बन गया है। ग़ालिब की सादगी और मीर की दार्शनिकता को अपने भीतर उतारती यह पीढ़ी बताती है कि रील के शोर में भी रूहानी सुकून की तलाश जारी है। सिनेमाई दिग्गजों की विरासत भी यहाँ कम नहीं, जहाँ देवानंद का ज़िंदादिली भरा अंदाज़ और गुरुदत्त की संजीदगी युवाओं को जीवन के गहरे फलसफे समझा रही है।

# सुरक्षित पहुंच के बिना मुश्किल है शिक्षा



उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बसे अनेक छोटे गाँव आज भी शिक्षा के अधिकार की बुनियादी चुनौती से जूझ रहे हैं। यहाँ स्कूल होना मात्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहाँ तक सुरक्षित पहुँचना और लगातार शिक्षा प्राप्त करना सबसे बड़ी समस्या है। यह समस्या तब और अधिक जटिल हो जाती है जब


सरिता अरमोली

किशोरियों के लिए शिक्षा के अधिकार का मुद्दा सामने आता है। बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक से लगभग तीस किलोमीटर दूर स्थित एक दुर्गम गाँव सुराग की कहानी इसी सच्चाई को सामने लाती है। यह कहानी किसी एक लड़की की नहीं है, बल्कि उन सैकड़ों किशोरियों की है, जिनके लिए स्कूल जाना रोज़मर्रा का संघर्ष बन चुका है।

इस गाँव की किशोरियाँ सुबह अँधेरे में घर से निकलती हैं। पांच बजे के आसपास शुरू होने वाली यह यात्रा आठ बजे स्कूल पहुँचने पर खत्म होती है। कच्चे और संकरे रास्ते, घने जंगल, जंगली जानवरों का डर और मौसम की मार, यह सब उनके रास्ते का हिस्सा है। स्कूल पहुँचने के बाद भी उनकी चुनौतियां समाप्त नहीं होतीं। पढ़ाई के साथ घरेलू जिम्मेदारियां और सामाजिक अपेक्षाएँ, सब मिलकर उनके लिए शिक्षा को एक बड़ा चैलेंज बना देती हैं। शाम को घर लौटते-लौटते देर हो जाती है और फिर घर के कामों में जुट जाना उनकी दिनचर्या बन जाती है।

ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति केवल भौगोलिक कठिनाइयों तक सीमित नहीं है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी उतने ही प्रभावी हैं। कई परिवारों के लिए लड़कियों की पढ़ाई आज भी प्राथमिकता नहीं बन पाई है। जब रास्ता कठिन हो और जोखिम भरा हो, तो माता-पिता का डर स्वाभाविक है। इसी डर के कारण कई लड़कियों का स्कूल बीच में ही छुड़वा दिया जाता है। गाँव के बुजुर्ग भी यह मानते हैं कि लड़कियों के लिए इतना लंबा और असुरक्षित रास्ता मानसिक दबाव पैदा करता है, जिससे वे घबराए रहते हैं।

इस गाँव की एक किशोरी पिंकी की कहानी इस पूरे परिदृश्य को और स्पष्ट करती है। वह बताती है कि गांव में हाई स्कूल नहीं होने के कारण उसे सलानी स्थित हाई स्कूल जाना पड़ता था। जो घर से काफी दूर था। जहां आने जाने के लिए परिवहन की कोई सुविधा नहीं है। रोज़ाना भारी बैग उठा कर पहाड़ी रास्तों को तय करना और समय पर घर लौटने की चिंता, सब कुछ उसके लिए कठिन था। लेकिन शिक्षा के प्रति लगन के कारण वह और उसकी जैसी गांव की अन्य लड़कियां रोज इन मुश्किल हालातों का सामना करते हुए स्कूल जाया करती थी। उन्हें उम्मीद थी कि एक दिन स्कूल आने जाने के लिए परिवहन की सुविधा भी शुरू होगी। हालांकि उसकी दसवीं पूरी हो गई, लेकिन आज तक गांव से सलानी के लिए लड़कियों को पैदल ही आना जाना पड़ता है।


ऐसी कहानियाँ इस गाँव तक सीमित नहीं हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में माध्यमिक स्तर पर पहुँचते-पहुँचते बड़ी संख्या में लड़कियाँ स्कूल छोड़ देती हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में। शिक्षा मंत्रालय के 2021ङ्क22 के आंकड़े बताते हैं कि दुर्गम क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वहीं, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, किशोरियों के लिए स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित परिवहन की कमी शिक्षा में निरंतरता की एक बड़ी बाधा है। स्कूल प्रशासन भी इन समस्याओं से अनजान नहीं है। वह जानते हैं कि किस प्रकार लड़कियां रोजाना दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर हर खतरों से गुजरते हुए स्कूल आती हैं। बारिश के दिनों में तो अक्सर कई दिनों तक वह अनुपस्थित रहती हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों का डर। कुछ किशोरियां तकनीकी या शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि नियमित उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। जब पढ़ाई में निरंतरता टूटती है, तो उनका मन भी धीरे-धीरे स्कूल से हटने लगता है।

गाँव की कुछ महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों विशेषकर उनकी लड़कियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले। वे मानती हैं कि पढ़ाई ही भविष्य बदलने का रास्ता है। लेकिन संसाधनों की कमी और व्यवस्थागत बाधाएं उनके इरादों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। कई बार लड़कियों को घर के कामों में मदद के लिए स्कूल जाने से रोक लिया जाता है, क्योंकि परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतें पहले आती हैं। हालांकि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, किशोरियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएँ और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें। लेकिन इन योजनाओं का लाभ तब ही प्रभावी हो सकता है, जब लड़कियों के लिए स्कूल तक सुरक्षित पहुँच सुनिश्चित की जाए। सड़क, परिवहन और आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाएँ पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बना सकती हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात पर ज़ोर देती है कि दुर्गम इलाकों में शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश सबसे आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और अवसर से जुड़ा प्रश्न है। जब तक किशोरियों को सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और सामाजिक समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल उनके लिए अधूरा सपना बना रहेगा। यह आवश्यक है कि नीतियाँ जमीनी सच्चाइयों को समझते हुए बनाई जाएँ और स्थानीय समुदाय को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए। लेकिन सवाल उठता है कि क्या आने वाले समय में इन लड़कियों की राह आसान होगी? क्या स्कूल तक आसान पहुँच वास्तव में सुराग जैसे दूर दराज पहाड़ी इलाकों की किशोरियों के लिए सुलभ बन पाएगा? जब तक इन सवालों के ठोस जवाब नहीं मिलते, तब तक पहाड़ की इन किशोरियों की जद्दोजहद जारी रहेगी, और उनकी आवाज़ हमें बार-बार यह याद दिलाती रहेगी कि शिक्षा तक पहुँच अभी भी सभी के लिए एक जैसा नहीं है।

# पढ़ने की लौ एवं किताबों से नाता अटूट है

53वें भारत मंडपम् में 10 से 18 जनवरी 2026 तक नौ दिनों के किताबों के जमावडे ने एक बात स्पष्ट कर दी है कि किताबों से नाता कभी नहीं टूट पायेगा। इस मेले में 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशक भाग ले रहे हैं। यह भव्य विश्व पुस्तक मेला केवल पुस्तकों की खरीद-फरोख्त का आयोजन नहीं है, बल्कि यह उस जीवंत पुस्तक-संस्कृति का उत्सव है, जिसे अनेक लोग डिजिटल युग में


ललित गर्ग

कमजोर मानने लगे थे। एक-एक किलोमीटर लंबी कतारें, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की उत्सुक भागीदारी और पुस्तकों के प्रति बढ़ता आकर्षण इस धारणा को स्वस्थ करता है कि पुस्तकें जीवन का अभिन्न हिस्सा रही हैं और भविष्य में भी रहेंगी। इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक माध्यमों पर अपार पाठ्य सामग्री एवं साहित्य उपलब्ध होने के बावजूद पुस्तक मेलों में इतनी भीड़ क्यों आ रही है? छपी हुई पुस्तकें एवं शब्द केवल ज्ञान, जिज्ञासा और मनोरंजन की विशाल दुनिया के दरवाजे नहीं खोलते, वे हमें गंध, स्पर्श, संवेदना, सोच, अनुभूति की प्रेरक, अनुकरणीय एवं रोमांचक दुनिया में भी ले जाते हैं। इस वर्ष के पुस्तक मेले के दृश्य पुस्तक-संस्कृति के प्रति नई आशा, नया विश्वास और नया उत्साह पैदा करते हैं। यह मेला स्पष्ट संकेत देता है कि पढ़ने की प्रवृत्ति केवल जीवित ही नहीं है, बल्कि नए पंखों के साथ उड़ान भर रही है। पुस्तक मेला वस्तुतः एक विश्व उत्सव है-ऐसा उत्सव जो ज्ञान, विचार, कल्पना और संवाद को एक साझा मंच देता है। दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उन्हें प्रोत्साहित करने और संस्कृतियों को जोड़ने के लिए यह आयोजन अतीत और भविष्य के बीच एक मजबूत कड़ी तथा पीढ़ियों और सभ्यताओं के बीच एक सेतु का कार्य करता है। यही कारण है कि यूनेस्को हर वर्ष पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों-प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों के अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करता है, ताकि पुस्तक-संस्कृति की प्रेरणा पूरे वर्ष बनी रहे। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि पुस्तकें केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद और मानवीय एकता का भी आधार हैं। किताबें अपने सभी रूपों में-मुद्रित, ई-बुक, ऑडियो हमें सीखने, सोचने और स्वयं को सशक्त बनाने का अवसर देती हैं। वे हमारा मनोरंजन करती हैं, हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं और दूसरों की दुनिया में झांकने का अवसर देती हैं। इस साल का मेला ‘भारतीय सैन्य इतिहासः वीरता और ज्ञान/75’ थीम पर आधारित है, जो भारत की रक्षा बलों के महत्वपूर्ण पलों,



योगदानों और कहानियों पर ध्यान केंद्रित करता है। ‘थीम मंडप 2026’ दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है। यह मंडप भारत की सैन्य विरासत के 75 वर्षों की ऐतिहासिक और निर्णायक यात्रा को दिखा रहा है, जिसकी जड़ें शौर्य, प्रज्ञा और नैतिक मूल्यों में निहित हैं. इसमें कथाओं, दृश्यात्मक प्रस्तुतियों और संवाद के माध्यम से 1947 से लेकर ऑपरेशन सिंदूर 2025 तक भारत की सैन्य यात्रा को रेखांकित करता है।दिल्ली का विश्व पुस्तक मेला वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य में एक प्रतीकात्मक उत्सव बन चुका है। इस मेले में विश्वप्रसिद्ध लेखकों का आगमन होता है, साहित्यिक संवाद, विमर्श और चर्चाएं होती हैं। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स जैसे विश्व साहित्य के स्तंभों से लेकर भारतीय भाषाओं के महान साहित्यकारों तक की रचनाएं यहाँ पाठकों को एक साथ उपलब्ध होती हैं। यह मेला भारतीय साहित्य को वैश्विक मंच देता है और साथ ही विश्व साहित्य को भारतीय पाठकों से जोड़ता है। पुस्तकों को ‘ज्ञान का बाग’ कहा गया है। जो व्यक्ति पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर लेता है, उसे जीवन भर ज्ञान का संबल मिलता है। कठिन समय में पुस्तकें मित्र की तरह साथ देती हैं, मार्गदर्शन करती हैं और समाधान की दिशा दिखाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक और सार्वदेशिक है। किसी भी युग में, किसी भी तकनीकी आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता। इंटरनेट, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी अनेक क्रांतियां आई हैं और आगे भी आएंगी, लेकिन पुस्तक-संस्कृति अपनी उपयोगिता और प्रासंगिकता बनाए रखेगी। कारण स्पष्ट है-पुस्तकें केवल सूचना नहीं देतीं, वे चिंतन, मनन और विवेक का विकास करती हैं। तकनीक ने ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति अवश्य की है, लेकिन यह हर समय संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर केवल स्क्रीन से पढ़ा जाए। पुस्तक का स्पर्श, उसकी सुगंध, पन्नों को पलटने का अनुभव और पढ़ते हुए होने वाला एकांत संवाद-ये सभी तत्व पुस्तक को विशिष्ट बनाते हैं। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं, सोचने-समझने का दायरा बढ़ाती हैं और व्यक्ति को आत्मअनुशासन सिखाती हैं। पुस्तकें जाग्रत देवता के समान हैं। उनका अध्ययन, मनन और चिंतन तत्काल लाभ देता है। महात्मा गांधी के जीवन पर गीता, टॉल्स्टॉय और थोरो के विचारों का गहरा प्रभाव था। इसी तरह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैचारिक निर्माण और वैश्विक छवि के निर्माण में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे स्वयं एक सजग पाठक रहे हैं और पुस्तक-संस्कृति को जीवंत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ‘मन की बात’ जैसे अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से पढ़ने, लिखने और विचार करने की संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाया है। उनका संदेश ‘बुकें दे, बुके नहीं’ केवल एक प्रतीकात्मक नारा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक दृष्टि है-जहाँ उपहार में फूलों के गुलदस्ते की बजाय ज्ञान का उपहार देने की प्रेरणा दी गई है। वे मानते हैं कि सत्साहित्य की शक्ति तोप, टैंक और परमाणु अस्त्रों से भी अधिक है, क्योंकि हथियार ध्वंस करते हैं, जबकि साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करता है और स्थायी परिवर्तन लाता है। सत्साहित्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है-ऐसा परिवर्तन जो सत्ता और कानून से किए गए परिवर्तनों से कहीं अधिक टिकाऊ होता है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी भारत के परिवर्तन में पुस्तक-संस्कृति और सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा, स्थानीय साहित्य का सम्मान और पठन-संस्कृति को प्रोत्साहन देने की दिशा में ठोस पहलें देखने को मिलती हैं। पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार-प्रसार से युवाओं को नई दिशा दी जा सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# सोलर रूफटॉप स्थापना में कानपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचा

अवधनामा ब्यूरो



- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने 64 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन पर जनपदवासियों को दी बधाई
- छत बने पावर हाउस, 20,756 से अधिक घर बने पावर यूनिट, शहर की छतों से हो रहा विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नीति नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में कानपुर नगर में बिजली उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शहर की छतों पर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से करीब 64 मेगावाट क्षमता की सौर बिजली तैयार हो रही है। अब तक जिले में 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश नेडा के आंकड़ों के अनुसार सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर की छतें अब छोटे-छोटे पावर हाउस के रूप में उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनपदवासियों को बधाई दी है।

ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार 64 मेगावाट सौर उत्पादन सालाना लगभग 9.6 करोड़ यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के बराबर है। मौजूदा बाजार दरों के आधार पर इस बिजली का वार्षिक आर्थिक मूल्य करीब 34 से 38 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इतनी मात्रा में बिजली पारंपरिक स्रोतों से खरीदी जाए, तो सरकार, संस्थानों और उपभोक्ताओं को हर वर्ष इतनी बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती। छतों पर सोलर संयंत्र स्थापित करवाने वाले लोगों के बिजली के बिल भी कम आ रहे हैं।

फरवरी 2024 से शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की रफ्तार लगातार बनी हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 80 से 90 नए सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। व्यक्तिगत आवासों के साथ-साथ बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटियों के कॉमन एरिया में भी सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे शहरी स्तर पर विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन का आधार मजबूत हो रहा है।

ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक 64 मेगावाट सौर उत्पादन से सालाना करीब 80 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आती है, जिसे पर्यावरणीय दृष्टि से लगभग 35 लाख पेड़ों के बराबर लाभ माना जा रहा है। इसके अलावा इतनी क्षमता से प्रतिदिन औसतन 30 से 35 हजार शहरी घरों की बिजली जरूरत पूरी की जा सकती है। कोयला आधारित बिजली की तुलना में सौर ऊर्जा को सस्ती, प्रदूषण-मुक्त और दीर्घकालिक समाधान माना जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रति किलोवाट सोलर रूफटॉप सिस्टम से रोजाना औसतन करीब 5 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। सोलर सिस्टम की लागत प्रति किलोवाट लगभग 60 से 65 हजार रुपये बताई गई है। योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी की व्यवस्था की गई है, जिसमें एक किलोवाट पर कुल 45 हजार रुपये तक का अनुदान तथा अधिकतम 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सहायता निर्धारित है। इसके साथ ही बैंकों के माध्यम से 6 से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

परियोजना अधिकारी, नेडा, कानपुर नगर राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि योजना को शासन के निर्देश पर तेजी से लागू किया जा रहा है और जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की गति लगातार बढ़ रही है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में शामिल है और जनपद में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# जनता भाजपा को भेजेगी डिटेंशन सेंटर : अखिलेश यादव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जैसे जैसे कमज़ोर होती जा रही वैसे ही ज़्यादा सांप्रदायिक होती जा रही है अखिलेश यादव ने इसी के साथ कहा कि चुनाव आते ही भाजपा का बुलडोज़र गायब हो जायेगा और उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर कर डिटेंशन सेंटर भेज देगी। अखिलेश यादव आज प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश ने भाजपा सरकार को नाकाम बताते हुए उस पर अन्याय, अधर्म और अत्याचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रदेश की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हैं और भ्रष्टाचार चरम पर है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है और जैसे-जैसे कमजोर होती है, उतनी ही ज्यादा साम्प्रदायिक हो जाती है। उन्होंने भाजपा नेताओं को आरोपजीवी बताते हुए कहा कि उनका काम सिर्फ समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाना है। भाजपा को उन्होंने पूंजीवादी पार्टी करार देते हुए कहा कि यह पार्टी केवल पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए काम करती है और बैंकों के कर्ज दिलवाने तक सीमित है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा का बुलडोजर गायब हो जाएगा, क्योंकि यह सब दिखावा है। 2027 में प्रदेश की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार के कार्यकाल में विकास के बड़े काम हुए। 2027 में सरकार बनने पर किसानों, युवाओं, गरीबों और महिलाओं के हित में ठोस कदम उठाए जाएंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा, गरीबों को मुफ्त इलाज मिलेगा और महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनाने में महिलाओं की निर्णायक भूमिका होगी। कार्यकर्ताओं से अपील की कि मतदाता सूची में हर पात्र मतदाता का नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरवाएं और 6 फरवरी से पहले नए एवं छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने का काम तेज करें।

# समाज कल्याण विभाग और बीएसएआई के बीच होगा एमओयू

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अब समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय अब देश के प्रतिष्ठित और सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों की सफल कार्यप्रणालियों को अपनाएंगे। इसी उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग और बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएसएआई) के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) होगा। इस क्रम में गुरुवार को देहरादून स्थित द दून स्कूल में बीएसएआई से जुड़े देश के प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों के प्राचार्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बोर्डिंग स्कूलों में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज, प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था, छात्र कल्याण, अनुशासन, पाठ्येतर गतिविधियों और छात्रों के समग्र विकास से जुड़े मॉडलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों के सफल अनुभवों को सर्वोदय विद्यालयों तक पहुंचाना है। इससे सर्वोदय विद्यालयों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी आवासीय व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ होगी। सर्वोदय विद्यालयों में बोर्डिंग सुविधाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सर्वोदय विद्यालयों के प्राचार्यों और शिक्षकों की एक टीम बीएसएआई से जुड़े प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण करेगी। वे वहां की शिक्षण पद्धति, छात्र देखभाल प्रणाली, हॉस्टल प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अध्ययन करेंगे, जिसके आधार पर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार की जाएगी7

# पुले बगदाद का दिलसोज मंजर देख रोये अजादार

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** अस्सलाम अलैका या मूसी-ए-काजिम, सैयदी मौला, सैयदी मौला÷ की सदाएं पुराने शहर में गूंजती रही। शियों के सातवें इमाम हजरत मूसा काजिम अलैहिस्लसाम की शहादत के मौके पर बृहस्पतिवार को शहर के तमाम इमामबाड़ों, कर्बलाओं और घरों में मजलिस-ओ-मातम का अयोजन किया गया और इमाम के ताबूत की जियारत करायी। वहीं शहर की अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम करके इमाम की शहादत का गम मनाया। इस गम के मौके पर लोगों ने काले लिबास पहने व काले झंडे लगाये। इस मौके छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में असीर-ए-बगदाद का मातम÷ शीर्षक से आयोजित मजलिस को मौलाना जैगम अल गरवी ने खिताब किया। उन्होंने इमाम की सीरत बयान करते हुए कैदखाने में इमाम पर पड़ी मुसीबतों का जिक्र किया। मौलाना ने कैदखाने में इमाम की शहादत का मंजर बयान किया तो अकीदतमंदों की आंखों से आंसू टपकने लगे। मजलिस के बाद अकीदतमंदों को हजरत इमाम मूसा काजिम अलैहिस्सलाम और हजरत अबु तालिब अलैहिस्सलाम के ताबूत की जियारत करायी गयी और पुले बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया गया। जिसे देखकर लोगों की आंखों से जारो-कतार आंसू निकल पड़े। कार्यक्रम का आयोजन खादिमाने इमामे मूसा काजिम (अ.स.) ने किया था। इमामबाड़ा उम्मूल बनीन मंसूर नगर में बृहस्पतिवार को असीर ए बगदाद का मातम शीर्षक से मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिजवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत कराई गई। मजलिस का आयोजन कुर्बान काज़मी ने किया था।इसी तरह हजरत अबुतालिब अलैहिस्सलाम की वफात की याद में इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में मजलिस का आयोजन इदारे गुलामाने अबुतालिब ने किया। मजलिस को मौलाना अबुतालिब मेहदी ने खिताब किया। इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट में मर्सिये की मजलिस में डा. अली इमाम जैदी गौहर ने मर्सिया पेश किया। शहीद ए काज़मैन का मातम उन्वान से कर्बला मेहंदीगंज में मजलिस को मौलाना रहमत हुसैन नक़वी ने ख़िताब किया मजलिस के बाद ताबूत इमाम मूसा काज़िम (अ.स) की जियारत कराई गयी। मजलिस का आयोजन आल इंडिया शिया यूथ फैडरेशन ने किया था। इसी तरह हजरत अबू तालिब (अस) की वफात की याद में कर्बला नसरुद्दीन हैदर डालीगंज में आज मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना हसन जहीर, मौलाना मीसम जैदी, मौलाना सकलेन आब्दी, मौलाना बिलाल काजमी और मौलाना आबिस काजिम जरवली ने मजलिसों को खिताब किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरपोर्ट पर अचानक बिगड़ी यात्री की तबीयत, मौत

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** एयर इंडिया की फ्लाइट से लखनऊ से मुंबई जाने के लिए अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो ग। एयर इंडिया की फ्लाइट से लखनऊ से मुंबई जाने के लिए अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन ने उसे एंबुलेंस से लोकबंधु अस्पताल भेजा। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-2492 का है। अमौसी एयरपोर्ट से यह फ्लाइट दोपहर 2ः20 बजे उड़ान भरती है। इस विमान से 74 वर्षीय मो. अली को परिवार के साथ मुंबई जाना था। वह दोपहर करीब 12 बजे एयरपोर्ट पहुंच गए। चेकइन एरिया में पहुंचने पर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। एयरपोर्ट की मेडिकल टीम ने प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच के बाद यात्री को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।

### यादे हजरत गुफरानमआब शनिवार को

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** नूरे हिदायत फाउण्डेशन की ओर से आयतुल्लाह दिलदार अली गुफरानमआब की याद में यादे हजरत गुफरानमआब का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। फाउण्डेशन के महासचिव अहमद अब्बास नकवी ने बताया कि हुसैनाबाद के पिक्चर गैलरी कार्यालय के सामने स्थित कार्यालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी करेंगे। मौलाना मुस्तफा हुसैन नकवी असीफ जायसी कार्यक्रम में परिचय भाषण देंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अलीगढ़ से आए मौलाना तकी रजा बरकई और दिल्ली से आए मौलाना हैदर मेहदी करीमी आयतुल्लाह गुफरानमाअब के व्यक्तित्व, कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना आदिल फराज नकवी करेंगे।

### महफिले मेराजुन्नबी कल

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मदरसा आलिया फुरकानिया में महफिले मेराजुन्नबी का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। कारी मोहम्मद सिद् दीक ने बताया कि रसूले अकरम की मेराज के मौके पर 27 रजब 17 जनवरी को चौक स्थित मदरसा आलिया फुरकानिया में हाफिज अब्दुर्रशीद की सरपरस्ती में महफिल आयोजित होगी। सुबह 8 बजे कुरानख्वानी होगी, जिसके बाद मदरसे के शिक्षक और छात्र अपने अंदाज में तिलावते कलामे पाक करेंगे। इस मौके पर मौलाना हसन मियां फरंगी महली रसूल की मेराज के सफर पर रोशनी डालेंगे।

### मजलिस सोमवार को

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** स्वर्गीय मेहदी हुसैन रिजवी सरकार भाई के ईसाले सवाब के लिए सोमवार को मजलिस आयोजित होगी। हुसैनाबाद के हाता मिर्जा अली खां स्थित इमामिया मस्जिद में बाद नमाजे मगरिबैन तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना साबिर अली इमरानी खिताब करेंगे।

### ऑटोइम्यून लीवर डिजीज से मिली राहत

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, में वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जी.डी. चौधरी से परामर्श लेने के लिए रायबरेली निवासी शाहीन अख्तर अपने पति के साथ पहुंची. डॉ. चौधरी ने बताया कि शाहीन लीवर की दुर्लभ बीमारी ऑटोइम्यून लीवर डिजीज से पीड़ित थी.कई वर्षों तक इलाज चलने के बाद शाहीन अब पूरी तरह से स्वस्थ है और पिछले 26 वर्षों से लगातार इलाज पूरा होने के बाद फॉलो अप के लिए आती है .संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि डॉ. चौधरी जटिलतम पेट एवं लीवर संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है।

## लोरपुर का अष्ट खम्भा स्तूप बनेगा पर्यटन का केंद : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** राजभर समाज की शौर्यगाथा और महाराजा सुहेलदेव की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर लाने का निर्णय लिया है। अम्बेडकर नगर स्थित ऐतिहासिक 'राजभर वंशीय खम्भा स्तूप' को प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार 01 करोड़ रुपए की धनराशि से इसका पर्यटन विकास करेगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अम्बेडकर नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है। जिले के लोरपुर क्षेत्र स्थित महाराजा सुहेलदेव राजभर वंशीय अष्ट खम्भा स्तूप का पर्यटन विकास किया जाएगा। इस प्रयास का उद्देश्य न केवल प्राचीन धरोहर की ऐतिहासिक गरिमा को बनाए रखना है, बल्कि इसे संस्कृति और पर्यटन के संगम के रूप में विकसित कर राजभर समाज की शौर्यगाथा को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना भी है।

# 25 हजार नकद समेत सामान ले उड़े चोर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।**काकोरी कस्बे में बेखौफ चोरों ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को चुनौती दी है। कटरा बाजार स्थित एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान का शटर तोड़कर चोर नकदी और कपड़ों पर हाथ साफ कर गए। घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। कस्बे के इमामबाग वार्ड निवासी विनय की कटरा बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, गुरुवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान के दोनों शटर टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच करने पर पता चला कि दुकान से रेडीमेड कपड़े और गल्ले में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद गायब हैं।

घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विनय ने बताया कि दुकान के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई, लेकिन उसमें कुछ स्पष्ट नजर नहीं आया।

वहीं इस संबंध में कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष बालियान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। साथ ही दुकान और उसके आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# जशन मौलूदे काबा आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सरफ़राज़गंज स्थित डा0हुसैन मोहसिन ज़ैदी की इमाम बारगाह में एक कदीमी महफ़िल जो हज़रत अली अलैहिस्सलाम के जन्म दिवस के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी मनाई गई जिसमें तमाम बैरुनी और मुकामी शायरों ने भाग लिया और अपने खूबसूरत अंदाज में कसीदा खानी और नात शरीफ पढ़ी इस महफ़िले नूर में सुन्नी शिया सभी शायरों ने हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शान में कसीदा और नात शरीफ पढ़ी।

महफ़िल की शुरुआत कारी नदीम नजफी की तिलावते कुरआन पाक से हुई, महफ़िल की निजामत यावर उन्नावी ने की। महफ़िल को आल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी और शिया धर्म गुरु मौलाना डा0यासूब अब्बास ने हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शान में फजायल पढ़े जिसको महफ़िल में शामिल तमाम लोगों ने सराहा महफ़िल में उपस्थित शायरों में प्रोफेसर डा0 एस एम मोहसिन, अबूजर ज़ैदी, यावर उन्नावी, सरोश लखनवी, कुमैल इलाहाबादी, आसिफ कस्टवी, तनवीर नगरौरवी, गुलरेज ज़ैदी, नावेद सुल्तानपुरी,शरफ उतरौलवी, नज़्म लखनवी, नदीम नजफी, आमिर वारसी, राशिद मौरानवी शायरों ने अपने मखसूस अन्दाज में कसीदा खानी पढी।

# वाइब्रेंट गुजरात प्रदर्शनी में आरडीएसओ रहा आकर्षण का केंद्र

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन 2026 का समापन; आरडीएसओ ने उद्योग जगत के साथ सुदृढ़ संवाद स्थापित किये वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय प्रदर्शनी 2026, जो11 से 15 जनवरी तक मारवाड़ी विश्वविद्यालय, राजकोटमें आयोजित किया गया, का समापन15 जनवरी को आरडीएसओ, उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप्स एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता के साथ हुआ। आरडीएसओ ने पूरे आयोजन के दौरान सहभागिता की, जिसमें आरडीएसओ पवेलियनमें पाँचों दिनों के दौरान उल्लेखनीय संख्या में आगंतुकों की उपस्थिति दर्ज की गई। प्रदर्शनी के दौरान आरडीएसओ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उद्योग प्रतिनिधियों, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स तथा प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ व्यापक संवाद किया तथाभारतीय रेल के तकनीकी मानकों, अनुमोदन प्रक्रियाओं एवं अनुसंधान पहलोंकी जानकारी साझा की। इस दौरान IREPS (इंडियन रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) एवं (यूनिफाइड वेंडर अप्रूवल मॉड्यूल)के माध्यम सेपारदर्शी खरीद एवं सुव्यवस्थित विक्रेता अनुमोदन प्रक्रियासे हितधारकों को अवगत कराने पर विशेष जोर दिया गया। VGREC 2026 में आरडीएसओ की सहभागिता नेनवाचार, डिजिटल पहलों तथा उद्योग सहयोगके प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया, जोमेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत जैसी राष्ट्रीय पहलों के अनुरूप है।

# 100 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क इलाज

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** अंजुमन दस्तए खतीबुल ईमान की तरफ से रौज़ए काजमैन में बा-यादे बाबुल हवाईज, इमाम मूसा काज़िम (अ.स.) की शहादत की याद में मजलिस का आयोजन किया जाता है। वहीं इस मौक़े पर द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा रौज़ा-ए-काज़्मैन, लखनऊ में लगातार तीन सालों से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जाँच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं।

इस चिकित्सा शिविर में रक्तचाप (बी.पी.), शुगर, वजन जाँच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य परामर्श एवं जन-जागरूकता सेवाएँ प्रदान की गईं। चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने वाली डॉक्टर टीम में डॉ. सैयद मोहम्मद अबू तुराब रिज़्वी (एमबीबीएस, एमडी), डॉ. मोहम्मद परवेज़ अख्तर (एमबीबीएस, सीसीईबीडीएम, एमडी अध्ययनरत), डॉ. शादाब ख़ान (बीयूएमएस), डॉ. मोहम्मद साद (बीयूएमएस) तथा डॉ. ज़ुबिया आयशा (बीयूएमएस) शामिल रहीं। डॉक्टर टीम के साथ समाजसेवियों नबील अहमद, अंदलीब फातिमा, मोहम्मद मोहिउद्दीन, मोहम्मद फ़ैसल ख़ान एवं अदीबा ज़हरा ने भी आयोजन में सराहनीय सहयोग दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मौलाना फ़ैज़ अब्बास मशहदी (मुदीर केयर इस्लाम) उपस्थित रहे। मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर काम करना बहुत ही सराहनीय है जिससे जरूरतमंदों की जरूरत पूरी हो जाती है। हमारे समाज में इस तरह के कार्यो की बहुत ही आवश्यकता है। द एमएसजी फाउंडेशन की टीम से अध्यक्ष एस. एम. हैदर रिज़्वी, अतहर अब्बास, करीम एवं मोहम्मद सादिक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द एमएसजी फाउंडेशन ने भविष्य में भी

## बज्म-ए-ख्वातीन ने दी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** भारतीय सेना के स्थापना दिवस पर बज्म-ए-ख्वातीन की ओर से एक शाम जवानों के नाम कार्यक्रमका आयोजन किया गया। अमीनाबाद स्थित जनाना पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बज्म की अध्यक्ष बेगम शहनाज सिदरत ने कहा कि आज हम कड़ाके की ठण्ड के बावजूद शांति और सुकून के साथ जिंदगी बसर कर रहे हैं तो इसका श्रेये हमारी बहादुर भारतीय सेना को जाता है, जो शून्य डिग्री के नीचे तापमान में भी सीमाओं पर मुस्तैदी से डटी है। भारत चारों ओर से बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों से घिरा है लेकिन हमारे सैनिकों के हौसले, वीरता और अतुलनीय बलिदान के चलते कोई भी दुश्मन हमें आंख दिखाने की हिम्मत नहीं कर सकता। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की मॉब लिंचिंग पर दुख व्यक्त की। इस मौके पर वक्ताओं ने जनता से अफवाहों, साम्प्रदायिकता और सामाजिक माहौल बिगाडने वालों से सतर्क रहने की अपील की।

# बीएसपी पर भड़के बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा अपने सत्तरवें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मणों को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सख्त जवाब देते हुए साफ कहा कि भाजपा को बसपा से किसी भी तरह का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। उनका यह बयान केवल जवाबी हमला नहीं, बल्कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति का भी संकेत माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी भी वर्ग, खासकर ब्राह्मण समाज को लेकर विपक्ष के आरोपों से असहज नहीं है। इसके साथ ही वह यह भी जताना चाहता है कि बसपा जैसे दल, जिनका जनाधार लगातार घटा है, अब केवल बयानबाजी के सहारे प्रासंगिक बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बसपा सुप्रीमो मायावती के आरोपों को पूरी तरह राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों में ब्राह्मण समाज को न सिर्फ राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिला है, बल्कि प्रशासनिक और संगठनात्मक स्तर पर भी उन्हें अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पंकज चौधरी के तेवर यह दिखाते हैं कि भाजपा, बसपा के ब्राह्मण कार्ड को उसी सख्ती से काटना चाहती है, जैसे पहले अन्य जातीय राजनीति को चुनौती दी ग। कज चौधरी ने 2027 के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जनता तय करेगी कि किसने विकास किया और किसने केवल आरोपों की राजनीति। यह बयान सीधे तौर पर बसपा की मौजूदा स्थिति पर तंज माना जा रहा है। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी भरोसा दिलाया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर नहीं रहेगा। इससे भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह संगठनात्मक स्तर पर भी पूरी तरह सक्रिय है।

# एक बार फिर केएम अस्पताल के सर्जरी चिकित्सकों ने किया दुर्लभ ऑपरेशन

- महिला के पेट से निकाला बालों का बड़ा गुच्छा
- केएम हॉस्पिटल में यह पांचवा ऐसा मामला है, दुर्लभ सर्जरी करके डाक्टरों ने बचाई मरीज की जान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम अस्पताल के सर्जरी विभाग चिकित्सकों ने दुर्बल सर्जरी करके एक महिला के पेट से करीबन दो किलो बालों का गुच्छा निकाला है, मरीज अब स्वस्थ्य है, मरीज पिछले दस सालों से ट्राइकोफैगिया नाम की मानसिक बीमारी से जूझ रही थी, जिसमें व्यक्ति अपने ही बाल खाता है। चिकित्सा विज्ञान में इसे ट्राइकोबेज़ोआर कहा जाता है और दुनियाभर में अब तक ऐसे महज करीब 500 मामले ही दर्ज किए गए हैं। एक लाख लोगों में से एक व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त होता है। गौरतलब हो कि 35 वर्षीय रानी के दस पूर्व पिता की मृत्यु होने पर वह मानसिक रूप से कमजोर हो गई थी, और ट्राइकोफैगिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो गई। वह अपने ही बालों को नौंच नौंच कर खाने लगी। 10 महीनों से रानी के पेट में दर्द, उल्टी जैसी शिकायत होने लगी। कई जगह इलाज कराने के बाद भी मरीज को फायदा नहीं हुआ। मरीज के परिजन सरदार सिंह उसे लेकर केएम अस्पताल पहुंचे यहां सर्जरी विभाग के असिटेंट प्रोफेसर सागर मित्तल ने ऑपरेशन की सलाह परिजनों को दी। स्वीकृति मिलने के बाद सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल के निर्देशन में प्रोफेसर डा. यशपाल जिंदल, प्रो. अजय जैन, प्रो. डा. संकल्प श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर व उनकी टीम के डा. आशुतोष, डा. तन्मय डा. निधि, डा. चिंतन के अलावा निश्चेतना विशेषज्ञ डा. अंचल जैन, डा. सुरभि, डा. शिल्पा, ओटी इंचार्ज शिवकुमार, भूपेन्द्र ने सफल सर्जरी कर मरीज के पेट में से बालों का दो फुट का गुच्छा बाहर निकाल दिया। मरीज के स्वस्थ होने में नर्सिंग विभाग के घनश्याम और रंजीत का विशेष सहयोग रहा। सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि महिला लंबे समय से पेट दर्द और भूख न लगने की शिकायत, उलटी से जूझ रही थी. उसने कई जगह इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद वह केएम हॉस्पिटल पहुंची, जहां अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन व अन्य जांच की प्रक्रिया शुरू की गई। एंडोस्कोपी के दौरान डॉक्टरों को महिला के पेट में बालों का बड़ा गुच्छा जमा होने का पता चला। स्थिति गंभीर थी और दवा से इलाज संभव नहीं था, इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सफल सर्जरी कर महिला के पेट से बालों का पूरा गुच्छा बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो गई है। मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एडी ने बताया कि इस तरह की समस्या अक्सर बाल खाने की आदत (ट्राइकोफेजिया) या मानसिक कारणों से जुड़ी होती है, जिसमें व्यक्ति अनजाने में बाल निगलता रहता है। समय के साथ ये बाल पेट में जमा होकर बड़ी गांठ का रूप ले लेते हैं, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। केएम हॉस्पिटल के लिए यह पांचवा ऐसा मामला है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह बीमारी बेहद दुर्लभ मानी जाती है। इस सफल सर्जरी के बाद न सिर्फ मरीज और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली, बल्कि चिकित्सा जगत में भी यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# बालू पहलवान की स्मृति में पांचवा जिला केसरी चैंपियनशिप आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** औरंगाबाद गोकुल बैराज स्थित हनुमान बगीची पर दिवंगत बालकृष्ण उर्फ बालो पहलवान की स्मृति में जिला कुश्ती संघ (भा.शैली) एवं हनुमान अखाड़ा द्वारा पंचम जिला केशरी कुश्ती चैम्पियन का आयोजन कुश्ती कोच बृजमोहन सिंह एवं रमेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कुश्ती का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल, प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव, सुरेश निषाद पार्षद, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र निषाद, लुकेश कुमार राही आदि ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। इससे पूर्व अतिथियों का कमेटी अध्यक्ष प्रेम पहलवान, महामंत्री मौसिन खांन, कोषाध्यक्ष कान्हा चन्देल पहलवान ने साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। जिला केशरी कुश्ती चैम्पियन में सैकड़ों पहलवानों ने भाग लेकर मल्ल विद्या का प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान कुश्ती चैम्पियनशिप 2026 का गोपाल आश्रम अखाड़ा के जिला केशरी विशाल पहलवान और जिला चैम्पियन जुगनू पहलवान बने विजेताओं को कमेटी द्वारा बुर्ज एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पगड़ी पहनाकर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल ने कहा कि दंगल सिर्फ ताकत का खेल नही, बल्कि एकाग्रता, धैर्य और मानसिक दृढ़ता का भी प्रतीक है जो हनुमान जी की पूजा और संयमित जीवन शैली से आती है और यह भारत की प्राचीन पहचान और समृद्ध खेल संस्कृति का हिस्सा है जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने की आवश्यकता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रमेश सैनी, सुरेश निषाद पार्षद, डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, देवेन्द्र निषाद, लुकेश कुमार राही ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे आयोजन बृज क्षेत्र में स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देते है और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का अवसर प्रदान करते है और दंगल परंपरा, शक्ति, अनुशासन और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक शक्तिशाली माध्यम है। आयोजन के दौरान कुंवर सिंह निषाद, लोकेश निषाद, रवि कुमार एडवोकेट, दाऊजी निषाद, नरेंद्र खलीफा, आकाश बाबू, सुमित, कृष्णा सैनी, रामू निषाद, बाबू पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## अनोखी सेवा- सेवा कर गायों को उढाये कंबल

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)** परिक्रमा मार्ग राजपुर स्थित श्री गंगा गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना कर गायों को कंबल उढाए गए। गौ सेवक अंतः कृष्ण दास महाराज ने गायों को कंबल उढाने के बाद कहा गौ सेवा के करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। गौ संवर्धन के लिए सभी को गाय पालना चाहिए। आज गायों की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपनी गायों को खुले ना छोड़े जिससे वह गंदा कचरा खाने से बच सकें। बृज की रज सरोवर वन उपवन व बृज जन पूजनीय है। गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। गौ सेवा निरंतर जारी रहेगी।गौशाला के श्री राम किंकर दास महाराज ने कहा गायों की सेवा के लिए सभी को आगे आकर ऐसी सेवा में भाग लेना चाहिए। केसरिया हिंदू वाहिनी के पूर्व ब्रज क्षेत्र मीडिया प्रभारी पंडित उत्तम शर्मा ने कहा गाय में 33 कोटि देवता वास करते हैं।यह हमारी मान सम्मान व स्वाभिमान है। इससे समझौता नहीं किया जाएगा। गौ सेवा से लोग विमुख हो रहे हैं। लोगों में जन जागरूकता से ही गायों की रक्षा संभव है। इस दौरान महेश शर्मा, राधाबल्लभ पुरोहित, शाहूकार शर्मा, राधिका दीदी आदि मौजूद रहे।

# गंगा स्नान से प्रारंभ हुआ मकर संक्रान्ति



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** भगवान भास्कर के उत्तरायण होते ही मकर राशि में प्रवेश करते है और खरमास का समापन होता है और शुभ दिन की शुरुआत मानी जाती है। जिसे मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन कंस का भगवान कृष्ण ने अंत किया था और ऐसा माना जाता है आज के दिन अक्षत व तिल खिचड़ी का दान कर सनातनियों के ग्रह गोचर ठीक हो जाते है और नये दिन की शुरुआत माना जाता है।

जनपद के विभिन्न क्षेत्र में अलग-अलग तरीकों से मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। जिसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रभात व पूर्वी उ.प्र. क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख जयप्रकाश व पदाधिकारी व स्वयंसेवक प्रातः काल में ही गंगा स्नान कर भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पूजा उपासना किया। गरीबों में दान पुण्य व मंदिरों मे भगवान के दर्शन कर शुभ दिन की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत जनपद के बिरनो, मरदह, भांवरकोल, धारानगर, जमानियॉ, रेवतीपुर, भदौरा, बरेसर, जंगीपुर व नगर सहित आदि क्षेत्रों में मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सेवा बस्तियों में खिचड़ी बनाकर उनके साथ एक पंगत मे बैठकर खिचडी ग्रहण किया। जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया और एक दूसरे के घरों से चावल, दाल, हल्दी, नमक व सब्जी टमाटर गोभी मांग कर खिचड़ी तैयार कर यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरनो खंड कार्यवाह अश्वनी ने बताया कि बिरनोखंड के अविसहन, जंगीपुर जैसे स्थानों पर मकर संक्रांति खिचड़ी का पर्व मनाया गया। जिसमें वक्ता के रूप अभयनरायन आदि उपस्थित रहे।

# शीत अवकाश के बाद मथुरा में इंटर तक के स्कूल खुलेंगे आज से

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** 17 दिन के शीतकालीन अवकाश और आज मकर संक्रांति का सार्वजनिक अवकाश के बाद जनपद में 16 जनवरी से कक्षा 12वीं (इंटर) तक के सभी स्कूल फिर से खुलेंगे। इसको लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों और अभिभावकों ने तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शीतलहर के कारण जिले में विभिन्न बोर्डो से मान्यता प्राप्त इंटरमीडिएट तक के स्कूलों का अवकाश 29 दिसम्बर से 14 जनवरी तक का अवकाश था। प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति का सार्वजनिक अवकाश 15 जनवरी का घोषित था। अब राज्य सरकार और न ही जिलाधिकारी से शीतकालीन अवकाश आगे घोषित नहीं किया है। जनपद में नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के स्कूल व कालेजों में शैक्षणिक कार्य शुक्रवार से प्रारंभ हो जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के विद्यालय16 जनवरी को प्रातः 9 बजे से (शुक्रवार) खुलेंगे। सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी स्कूल कालेजों में उपस्थित होकर प्रेक्टिकल, परीक्षा व अध्यापन कार्य करेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने बताया कि मथुरा सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में कड़ाके की ठंड, घना कोहरा और शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सुबह-शाम दृश्यता कम होने से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए यह निर्णय लिया गया है। दूसरी तरफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने भी कहा है कि जनपद के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय 16 जनवरी से खुलेंगे।

## मनाया गया बसपा प्रमुख का जन्मदिन

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट मथुरा पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं आयरन लेडी बहिन कुमारी मायावती जी का 70 वां जन्मदिन मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के एडवोकेट मान सिंह पूर्व अध्यक्ष टेक्स बार एसोसिएशन मथुरा विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट अशोक कुमार सुमन पूर्व प्रत्याशी बल्देव विधानसभा, एडवोकेट प्रेम प्रकाश पूर्व जिला सचिव बसपा अध्यक्षता एडवोकेट नशीर शाह उपस्थित रहे एडवोकेट शिवकुमार, एडवोकेट रुप सिंह निराला, एडवोकेट ओमप्रकाश, एडवोकेट, एडवोकेट मुकेश बाबू, एडवोकेट पप्पू सिंह, विनोद कुमार कर्दम, एडवोकेट सुशील कुमार सागर संयुक्त सचिव प्रत्याशी बार एसोसिएशन मथुरा एडवोकेट सच्चन सिंह, एडवोकेट देवेन्द्र कुमार, एडवोकेट, जिम्मी, एडवोकेट अजय भास्कर, एडवोकेट कुलदीप, एडवोकेट करन भारती, एडवोकेट अर्जुन सिंह, एडवोकेट कुमार गौरव, टाइपिस्ट ओंकार सिंह, सहित सैकड़ो अधिवक्ता मोजूद रहे।

# अतिक्रमण की चपेट में बिहार-यूपी को जोड़ने वाली सड़क

- नोटिस के बावजूद नहीं हट रहा कब्जा

अवधनामा संवाददाता



**खोरीबारी (देवरिया)।** देवरिया जिले के खोरीबारी क्षेत्र स्थित रामपुर चौराहा, जो बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, लंबे समय से अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बलुवा अफगान रोड और विजयपुर रोड से होकर गुजरने वाला यह चौराहा अब इतना संकरा हो गया है कि बड़े वाहनों का निकलना लगभग असंभव हो गया है। स्थिति यह है कि छोटी गाड़ियां भी मुश्किल से गुजर पा रही हैं, जिससे रोजाना हजारों राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से स्कूल जाने वाले बच्चे, किसान, व्यापारी और आम नागरिक प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। सड़क संकरी होने के कारण यहां छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, बावजूद इसके समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है।

**एसडीएम ने लिया संज्ञान, दिए सख्त निर्देश-** स्थानीय शिकायतों के बाद सदर एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रवैये के लिए जानी जाने वाली एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को पत्र लिखकर मामले को प्राथमिकता पर लेने को कहा और एक विशेष टीम का गठन किया।

**पीडब्ल्यूडी ने की सड़क की निशानदेही-** पीडब्ल्यूडी की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क की वास्तविक चौड़ाई की जांच की और अतिक्रमण वाले हिस्से को अलग-अलग रंगों से चिन्हित किया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सड़क का मूल हिस्सा कहां तक है और अतिक्रमण कहां से शुरू हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि निशानदेही के बाद किसी भी तरह के विवाद की गुंजाइश नहीं बची है।

**तीन लोगों पर अतिक्रमण का आरोप-** प्रशासन के अनुसार खोरीबारी गांव निवासी जैनुल हक, इद्रीस और सहबुदीन (तीनों पुत्र गफ्फार) ने गाटा संख्या 1060, जो सरकारी सड़क/रास्ता है, पर अवैध कब्जा कर रखा है। इन तीनों को कई बार नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए, लेकिन अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है।

**आदेश और टीम के बावजूद कार्रवाई लंबित-** 20 अक्टूबर 2025 को एसडीएम द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था और 26 अक्टूबर 2025 को नायब तहसीलदार हरि प्रसाद यादव, कानूनगो जय नाथ गुप्ता, लेखपाल प्रमोद कुमार, लेखपाल श्रीप्रकाश एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम गठित की गई थी। इसके बावजूद आज तक सड़क को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका है।

**पर्याप्त जमीन होने के बावजूद सड़क पर कब्जा-** स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिन लोगों ने सड़क पर कब्जा किया है, उनके पास पहले से ही पर्याप्त निजी भूमि है। सड़क के पश्चिम में लगभग दो बीघा जमीन और पास में 35 डिसमिल भूमि होने के साथ-साथ इनके दो स्थानों पर मकान भी बने हुए हैं। इसके बावजूद सड़क पर छप्पर डालकर अवैध कब्जा किया गया है। राजस्व विभाग द्वारा दो बार नाप-जोख भी की गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**स्थानीय लोगों की मांग—तुरंत हो सख्त कार्रवाई-** लोगों का कहना है कि जब निशानदेही, नोटिस और आदेश सभी हो चुके हैं, तो अब देरी समझ से परे है। वे एसडीएम दिशा श्रीवास्तव से मांग कर रहे हैं कि प्रशासनिक शक्ति का प्रयोग करते हुए जबरन अतिक्रमण हटवाया जाए, ताकि रामपुर चौराहा फिर से सुरक्षित, चौड़ा और सुगम बन सके। अब सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# जले हुये ग्रामों की खतौनी पाकर खिले किसानों के चेहरे

अवधनामा संवाददाता



जले ग्रामों की खतौनी सौंपते अधिकारी व अन्य

**कन्नौज।** जनपद फर्रुखाबाद के फूस बंगला में हुए अग्निकांड में वर्ष 1990 में नष्ट हुए 35 ग्रामों के भू-अभिलेखों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। भू-अभिलेख जल जाने के कारण इन ग्रामों के किसान विगत कई दशकों से भूमि संबंधी अभिलेखों से वंचित थे, जिससे वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे थे।

डीएम के प्रयासों एवं सतत निगरानी तथा प्रशासनिक समन्वय से ग्राम उस्मानपुर, नंदलालपुर, करनौली, कटिघरा एवं सरदामई के जले हुए भू-अभिलेखों को रिकॉर्ड दुरुस्त कराकर विधिवत तैयार किया गया तथा खतौनियां किसानों को सौंप दी गई। इसके साथ ही इन ग्रामों के किसानों के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है और अब वे केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में ग्राम अकबरपुर, हरिवल्लभपुर, हाथिन एवं बरूआ सबलपुर में भी भू-अभिलेखों को दुरुस्त किए जाने का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि चकबंदी एवं भू-अभिलेखों का पुनर्निर्माण एक अत्यंत जटिल एवं धैर्य की मांग करने वाला कार्य है। उन्होंने बताया कि अनेक कठिनाइयों एवं चुनौतियों के बावजूद प्रशासन, राजस्व कर्मियों एवं ग्रामवासियों के आपसी सहयोग से यह कार्य संभव हो सका है। समस्याएं आईं, किंतु उन्हें क्रमशः सुलझाते हुए आज यह मुकाम हासिल किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अब यह प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ेगी और शेष ग्रामों में भी इसी धैर्य, पारदर्शिता एवं सहयोग के साथ कार्य पूर्ण किया जाएगा।

खतौनी उपलब्ध होने से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से प्राप्त होगा। उन्होंने बताया है कि चकबन्दी निदेशालय के पत्र के क्रम में चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा 52(1) के अंतर्गत तहसील एवं परगना छिबरामऊ, जनपद कन्नौज के ग्राम सरदामई में चकबन्दी की समस्त कार्यवाहियाँ समाप्त कर दी गई हैं।

इसी प्रकार चकबन्दी निदेशालय के पत्र के क्रम में चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या-5 सन् 1954) की धारा-52(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निहित प्राविधानों के अनुपालन में उपधारा (1-क) के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते हुए तहसील एवं परगना-कन्नौज, जनपद-कन्नौज के ग्राम सद्दुपुर बांगर में संचालित चकबन्दी की समस्त कार्यवाहियां विधिवत रूप से समाप्त घोषित की जाती हैं। जिसकी सूचना चकबंदी अधिकारियों द्वारा उक्त ग्रामों में दी गई।

## आजाद भारत में नारी सशक्तिकरण की मिसाल है बहन मायावती : राही

**मथुरा।** कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय मथुरा पर अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा समाजसेवी कार्यकर्ता सुनील पटवारी की अध्यक्षता में भारत में बहुजन राजनीति की क्रांतिकारी आयरन लेडी बसपाक्रांतिकारी नेता सुप्रीमो बहन कुमारी सु श्री मायावती जी के 70वें जन्मदिवस पर जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। संचालन, विकास कुमार जाटव ने किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से पधारे बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष बृजलाल कामरेड जी अन्य कार्यकर्ताओं का दुपट्टा साफा पहनाकर स्वागत किया तत्पश्चात नारी जाति का स्वाभिमान बहुजन समाज की मसीहा बहन कुमारी मायावती जी के चित्र हाथों में लेकर गगन बेदी नारे लगाकर बहन जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की मंगल कामना के साथ के काटकर बधाइयां प्रस्तुत की और जमकर नारेबाजी की।

# उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूर्णनीय छति हुई है : रामानन्द

- शिक्षक नेता श्रद्धेय केपी सिंह की मृत्यु पर शोक सभा में शिक्षक नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**सौरिख, कन्नौज।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ऋषि भूमि इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्ति शिक्षक श्रद्धेय केपी सिंह राठौर के निधन पर विद्यालय में लोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला भर के सेवानिवृत्ति शिक्षकों के अलावा कई विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए।

इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं दिगंबत आत्मा की शांत के लिए दो मिनट का मौन रखा। वक्ताओं ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। ऋषि भूमि इंटर कॉलेज में आयोजित हुई शोक सभा में माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेलगुट के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद द्विवेदी ने कहा कि केपी सिंह राठौर के निधन से शिक्षा जगत को अपूर्णनीय छति हुई है हमने एक योग्य एवं कर्मठ व्यक्ति को खो दिया। जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ के पूर्व प्रधानाचार्य कौशल किशोर चतुर्वेदी ने कहा कि श्री राठौर के निधन से संगठन को अपूर्णनीय छति हुई है उन्होंने संगठन को मजबूती के साथ खड़ा किया था। वह हर समय संगठन के लिए जिए। पूर्व प्रधानाचार्य यशपाल सिंह ने कहा कि केपी सिंह राठौर की मृत्यु से शिक्षा जगत को बहुत छति पहुंची है हमने एक अच्छा वक्ता व शिक्षक नेता को खो दिया। इस अवसर पर गिरीश चंद यादव, रामकुमार पाल, वीरू द्विवेदी, ओमेंद्र पाल सिंह यादव, छोटे सिंह वैस, शिवकुमार द्विवेदी, रमेश चंद, अनिल कुमार मिश्रा, गया प्रसाद दुवे, रघुवीर सिंह यादव, विजयपाल सिंह, महादेव शाक्य, राम बहादुर यादव समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मान आल्हा गायक संग्राम सिंह को मिला



- कन्नौज वासियों ने जिले का गौरव बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त कर किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** अपनी विशिष्ट शैली में आल्हा गायन करने वाले ठाकुर संग्राम सिंह को कालीदास संस्कृत अकादमी द्वारा उज्जैन मध्य प्रदेश में ठहाका सम्मान से सम्मानित किए जाने पर आल्हा मण्डल व नगरवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया और कन्नौज शहर व यहां की कला का गौरव व मान बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त किया। अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव समिति उज्जैन मध्य प्रदेश से सम्मानित होकर लौटे आल्हा गायन ठाकुर संग्राम सिंह पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि उज्जैन के मुक्ताकाशी मंच पर कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों से नृत्य, गायन ,साहित्य,कला ,कवि समागम व अन्य सांस्कृतिक विधाओं के व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया ,कार्यक्रम में देश की मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की जिनमें फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी, हास्य कलाकार रजत सूद, नमित नमन,कवि मंजर भोपाली आदि ने अपनी कला का जलवा बिखेरा, वहीं आल्हा सम्राट ठाकुर संग्राम सिंह का ओज व वीर रस से परिपूर्ण आल्हा गायन सुनकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव जोकि आयोजन समिति के संरक्षक भी थे को आना था पर वह किसी कारणवश नहीं आ सके पर उन्होंने इस पूरे कार्यक्रम का लाईव के माध्यम से आनंद लिया और सराहना की। वहीं कार्यक्रम के अन्त में समिति के अध्यक्ष डॉ0 महेन्द्र यादव द्वारा मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र और अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मान पत्र व ट्रापी मोमेंटो प्रदत्त किया। वहीं कन्नौज नगर पहुंचने पर आज माता फूलमती मंदिर में माता फूलमती आल्हा मण्डल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों तथा नगर के संभ्रांत नागरिकों द्वारा आल्हा सम्राट ठाकुर संग्राम सिंह का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया और कन्नौज की कला को बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

# मकर सक्रांति पर्व पर हुये खिचड़ी भोज का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मकर संक्रांति के पावन पर्व को नगर व क्षेत्र में धमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं नगर के अलग-अलग स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों राहगीरों सहित नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरूवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नगर के जीटी रोड स्थित श्री राम मंदिर के बाहर, सती माता मंदिर, फतेहगढ़ रोड, तिर्वा रोड, पश्चिमी बाईपास, रामगंज आदि स्थानों पर नागरिकों द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं के उत्साह एवं श्रद्धा के चलते मौसम की मार बेअसर साबित होती दिखाई दी। नगर के पश्चिमी बाईपास पर सीताराम ई. वी. मोटर्स के बाहर सुभाष चंद्र वर्मा, शिवम राज वर्मा अध्यक्ष व्यापार मंडल द्वारा मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर ललित मोहन सिंह, संतोष चतुर्वेदी, आयुष वर्मा, प्रताप वर्मा, शलभ वर्मा, डॉ. अमन राजपूत, जगजीत यादव, शिवांशु गुप्ता, रेयांश राज वर्मा, अतिन चक, मनी शर्मा, किरन राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे बाबूलाल : चंद्रभूषण

**देवरिया।** सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अनवरत अभियान छेड़े रखने वाले पूर्व प्रधानाचार्य एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्मृतिशेष बाबूलाल यादव रूढ़ियों और कुरीतियों से विरत हो वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा देने वाले एक सदपुरुष थे जिन्होंने देवरिया जनपद में उपेक्षित जमातों के बीच सामाजिक परिवर्तन का अभियान चलाते हुए शैक्षिक एवं सामाजिक जागृति लाने का कार्य किया,उक्त उद्गार स्मृतिशेष बाबूलाल यादव के जन्म जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता एवं पूर्व मीडिया प्रभारी चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि बाबूलाल यादव अपनी वैज्ञानिक सोच के कारण समाज में सदैव याद किए जाते रहेंगे। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि बाबूलाल यादव को जो भी पद मिला उसका उन्होंने बेहतरीन ढंग से निर्वहन किया।

# पंचनद संगम पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर जनपद जालौन स्थित पांच नदियों के संगम स्थल पंचनद पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 14 एवं 15 जनवरी को मनाए गए मकर संक्रांति पर्व के दौरान विशेष रूप से 15 जनवरी को संक्रांति स्नान एवं दान के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पंचनद संगम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से ही संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने संगम क्षेत्र में स्थित मंदिरों में विराजमान देवी-देवताओं एवं श्री बाबा साहब महाराज के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से साधु-संतों को दान-दक्षिणा भेंट की। पूरे संगम क्षेत्र में धार्मिक उल्लास, भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। हर-हर गंगे के जयघोष से क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस बल को पूरी सतर्कता के साथ तैनात किया गया था।इस अवसर पर रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र, जगम्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक शिवश्याम पांडे, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस की मुस्तैदी के कारण पूरे स्नान पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रही। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और मकर संक्रांति का पर्व शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

# अनचाही प्रेगनेंसी से बचना है, पीरियड साइकल ट्रैक करना है ये सही तरीका



हर महीने होने वाली पीरियड साइकिल के दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। पीरियड क्रैंप्स के अलावा वॉमिटिंग, ब्लोटिंग और थकान शरीर को कई तरह से प्रभावित करती है। ऐसे में अगर आप अपनी पीरियड साइकिल को ट्रैक करती हैं, तो इस तरह की अनियमितताओं से बची रह सकती हैं। वहीं इस दौरान शरीर को हेल्दी और एक्टिव रखने के लिए लोग कई तरह के पीरियड ट्रैक का भी प्रयोग करते हैं, जिससे कि वह इन खास दिनों में अपनी उचित देखभाल कर पाएं। पीरियड साइकिल ट्रैक करने से आप अनचाही प्रेग्नेंसी से भी बच सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह से अपनी मंथली साइकिल ट्रैक कर सकती हैं। पीरियड की लेंथ आपकी प्रेग्नेंसी को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। सामान्य रूप से पीरियड साइकिल की लेंथ 21 से 35 दिनों के अंदर मानी जाती है। इसमें महिलाओं को 3 से 7 दिनों तक ब्लीडिंग से गुजरना पड़ता है। अगर आप अपनी पीरियड साइकिल को ट्रैक करते हैं, तो आपको ओव्यूलेशन साइकिल की जानकारी मिल जाती है। ओव्यूलेशन साइकिल उस प्रोसेस को कहते हैं, जब एग्स फर्टाइल होकर ओवरी में रिलीज होते हैं। इसके बाद अंडे फैलोपियन ट्यूब में जाते हैं।


पीरियड साइकिल के दौरान होने वाले ब्लड फ्लो का ख्याल रखना जरूरी है। इससे आप स्टेन्स की समस्या से बची रह सकती हैं। वहीं इस बात को भी ट्रैक करें कि आपको पीरियड के दौरान किन दिनों में ज्यादा ब्लीडिंग होती है। वह कौन से दिन होते हैं, जब आप क्लॉटिंग से होकर गुजरते हैं। पीरियड के दौरान अगर आपको भी दर्द और ऐंठन महसूस होती है, तो इस बात का ख्याल रखें कि आपको कितना ऐंठन और दर्द होता है। अधिकतर महिलाओं को पहले और दूसरे दिन ज्यादा और फिर बाद में हल्के क्रैंप्स का अनुभव होता है। लेकिन अगर आपको पीरियड के दौरान क्रैंप्स ज्यादा होते हैं, जिस वजह से आपकी डेली रूटीन डिस्टर्ब होती है, तो आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए। यह असामान्य दर्द PCOD जैसी समस्याओं का संकेत हो सकता है। कई बार आपका खानपान और लाइफस्टाइल भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकती है।

बता दें कि सामान्य पीरियड साइकिल की लेंथ 28 दिन की मानी जाती है। यह आमतौप पर 21 दिन से लेकर 35 दिनों के भीतर रहती है।

पीरियड कम से कम 21 दिन और ज्यादा से ज्यादा 40 दिनों तक आ सकता है। लेकिन अगर आपकी पीरियड साइकिल बार-बार डिस्टर्ब हो रही है, या फिर 2 सप्ताह से ज्यादा डिले हो रहा है। तो आपको डॉक्टर के पास जाना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि आपकी पीरियड साइकिल कितने दिनों तक चलती है। इसकी जानकारी रखने से आप अपने ओव्यूलेशन साइकिल को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। ऐसे में आपको प्रेग्नेंसी प्लान करने में आसानी होगी।

प्री. मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम में महिलाओं को मूड स्विंग्स झेलने पड़ते हैं। उदास हो जाना, बात-बात पर रोना और एकांत में रहना इसके प्राथमिक लक्षण हैं। इसके साथ ही महिलाओं की एपिटाइट और स्लीप साइकिल भी प्रभावित होने लगता है। पीरियड्स के दौरान महिलाओं को मूड स्विंग्स होते हैं। जिस कारण महिलाओं में थकान, चिड़चिड़ापन और तनाव की समस्या बढ़ने लगती है। इसलिए अपने इमोशनल हेल्थ को मजबूत बनाए रखने के लिए शरीर को एक्टिव रखें।

# कोलेस्ट्रॉल नॉर्मल वालों को भी सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा



यह एक आम धारणा है कि सिर्फ हाई कोलेस्ट्रॉल से हार्ट अटैक होता है, लेकिन सर्दियों में सामान्य कोलेस्ट्रॉल वाले लोग भी खतरे में हैं। ठंड के कारण नसें सिकुड़ जाती हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ता है और खून गाढ़ा हो सकता है, जो दिल के दौरे का प्रमुख कारण बनता है।

सर्दियों के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा ही बढ़ जाता है। हार्ट अटैक एक ऐसी कंडीशन है, जो दुनियाभर में कई लोगों की मौत का कारण बनती है। खासकर भारत में तेजी से हार्ट अटैक में मामले बढ़ रहे हैं। पहले तो इसका शिकार बुजुर्ग हो रहे थे, लेकिन अब युवाओं में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, शरीर में बढ़ती कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को हार्ट अटैक का कारण माना जाता है, हालांकि क्या आप जानते हैं कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल सही होने पर भी हार्ट अटैक का शिकार हो सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होने पर भी हार्ट अटैक का खतरा कैसे बढ़ जाता है और इससे कैसे बचाव करें।

आमतौर पर देखने को मिलता है कि कम एलडीएल लेवल यानी लो कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों में हार्ट अटैक का खतरा कम देखने को मिलता है, हालांकि, करीब आधे दिल के दौरे उन लोगों में होते हैं, जिनका कोलेस्ट्रॉल स्तर सामान्य होता है। ऐसा इसलिए किसी व्यक्ति में कई अन्य स्थितियां भी हो सकती हैं, जो जोखिम को बढ़ा सकती हैं।

वहीं, स्मोकिंग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा और फिजिकल एक्टिविटी की कमी हैं। इसके अलावा अन्य संभावित कारणों में स्मोकिंग इफेक्ट और वायु प्रदूषण भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, ऐसे जेनेटिक और लाइफस्टाइल से जुड़े फैक्टर भी इसमें शामिल हो सकते हैं, जिन्हें हम पूरी तरह से नहीं समझते हैं।

ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के मामलों में बढ़ोतरी अक्सर देखी जाती है। कई वैज्ञानिक अध्ययनों, रिसर्च और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ठंडी हवाएं और कम होता तापमान दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ा देता है। साल 2024 में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की प्रमुख जर्नल छ्व्रष्टष्ट में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया कि ठंड के संपर्क में आने के तुरंत बाद नहीं, बल्कि 2 से 6 दिनों के भीतर हार्ट अटैक का जोखिम सबसे अधिक होता है। सर्दियों में हमारा शरीर खुद को गर्म रखने की कोशिश करता है। इस प्रोसेस में शरीर में मौजूद ब्लड वेसल्स और नसें सिकुड़ने लगती हैं। इससे दिल को खून पंप करने के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ता है, इससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और ऑक्सीजन की सप्लाई कम हो सकती है। अक्सर होता है कि सर्दियों में आलस और सुस्ती के कारण लोग फिजिकल एक्टिविटी कम कर देते हैं। ऊपर से इस मौसम में लोग गाजर का हलवा, पराठे और पकौडे जैसे फूड्स का सेवन करते हैं और एक्सरसाइज नहीं करते हैं, इस वजह से शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, वजन बढ़ता है और नसों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमने लगता है। सर्दियों के मौसम में खून के थक्के बनने का खतरा आमतौर पर बढ़ जाता है। ठंड के कारण शरीर में कुछ हार्मोनल और शारीरिक बदलाव होते हैं, जिनसे रक्त गाढ़ा होने लगता है और थक्का बनने की संभावना बढ़ती है। यदि ऐसा थक्का हृदय की किसी रक्त नली में अटक जाए, तो नस में रुकावट पैदा हो सकती है, जिससे हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है।

# अब हॉट चॉकलेट नहीं करेगा बीमार



सर्दियों में हॉट चॉकलेट का सेवन अपच और डायबिटीज जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है, लेकिन आयुर्वेद के अनुसार इसे बनाने का तरीका बदलकर सेहतमंद बनाया जा सकता है। एक्सपट्‌र्स की मानें तो इसमें अदरक, दालचीनी मिलाकर और हल्के दूध का प्रयोग कर इसे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बनाया जा सकता है।

सर्दियों के दौरान जब ठंड ज्यादा लगती हैं, तो ऐसे में लोग हॉट चॉकलेट ड्रिंक का सेवन जरुर करते हैं। विंटर में गर्म दूध, हॉट चॉकलेट और कॉफी सहित कई हॉट ड्रिंक्स को लोग अपनी डाइट में जरुर शामिल करते हैं। इससे न केवल शरीर को अंदर से गर्माहट मिलती है, बल्कि ठंडे मौसम में इनका स्वाद भी खूब पसंद आता है। सबसे ज्यादा लोग सर्दियों में हॉट चॉकलेट का सेवन करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि हॉट चॉकलेट को बनाते समय अगर आप कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरुरी है, ये आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। यदि आप इसे गलत तरीके से बनाएंगी, तो इससे अपच, थकान और डायबिटीज का बढ़ना जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। आइए आपको बताते हैं हॉट चॉकलेट बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

एक्सपर्ट ने बताया है कि यदि आप सर्दियों में हॉट चॉकलेट पीना चाहते हैं, तो ये इस मौसम के लिए सबसे बेस्ट है। इसको आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं, लेकिन आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि ये आपकी सेहत को नुकसान न पहुंचाए। इस बात को जान लीजिए कि हॉट चॉकलेट एक मिल्क बेस्ड ड्रिंक है और इसे पचाना काफी मुश्किल होता है। इसलिए इसे मील्स के साथ या भारी खाने के तुरंत बाद न लें।

अक्सर इसे पीने के बाद पेट भारी रहता है या बहुत फूला हुआ लगता है। इसे कम करने के लिए आप हॉट चॉकलेट बनाते समय इसमें अदरक और दालचीनी मिलाएं। अदरक और दालचीनी का तासीर गर्म होती है और यह सर्दियों के मौसम में काफी फायदेमंद है। इसके सेवन से शरीर को गर्माहट मिलेगी, सर्दी-खांसी नहीं होती है और इंफेक्शन से बचाव होता है।

हॉट चॉकलेट के लिए आप हल्का दूध चुनें। फुल क्रीम मिल्क इसके लिए ठीक नहीं है। आप A2 मिल्क या ओट मिल्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके ऊपर किसी भी तरह की हैवी क्रीम न डालें।

अगर आप हैवी मिल्क के साथ इसे बनाकर पीने से गैस, अपच और बदहजमी हो सकती है। इसमें शक्कर भी न डालें वरना डायबिटीज का खतरा हो सकता है।

# बंद नाक से हैं परेशान, 10 रुपये का यह घरेलू उपाय देगा तुरंत आराम

अजवाइन में थायमोल नाम का एक शक्तिशाली तेल होता है। इसमें डिंकजेस्टेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जब आप अजवाइन के पानी की भाप लेते हैं, तो यह गर्म वाष्प नसों और फेफड़ों तक पहुंचकर कफ को पिघला देती है।

सर्दियों के मौसम में ठंडी हवाओं को बढ़ते प्रदूषण की वजह से नाक बंद होना और साइनस की समस्या होना आम परेशानी है। बता दें कि जब नाक के मार्ग में झिल्ली में सूजन आ जाती है और गाढ़ा म्यूकस जमा हो जाता है। इस कारण सांस लेने में बहुत समस्या होती है और सिर भारी रहने लगता है। ऐसी दिक्कत होने पर भाप लेना सबसे प्रभावी और सुरक्षित घरेलू उपाय माना जाता है। भाप लेने से श्वसन मार्ग को फौरन नमी देता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ 10 रुपए में मिलने वाली अजवाइन इस प्रोसेस के लाभ को दोगुना कर सकती है।

अजवाइन में थायमोल नाम का एक शक्तिशाली तेल होता है। इसमें डिंकजेस्टेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जब आप अजवाइन के पानी की भाप लेते हैं, तो यह गर्म वाष्प नसों और फेफड़ों तक पहुंचकर कफ को पिघला देती है। यह प्रोसेस न सिर्फ बंद नाक को खोलती है, बल्कि गले में खराश और संक्रमण फैलाने वाले कीटाणुओं को नष्ट करने में भी सहायता करता है।

अजवाइन की भाप लेने के लिए आप गहरे बर्तन में 2-3 गिलास पानी उबाल लें। अब इसके एक चम्मच अजवाइन को थोड़ा सा मसलकर डाल दें। गैस बंद करके एक बड़े तौलिए की मदद से इसको ढकें। अब करीब 5-10 मिनट तक नाक और मुंह से गहरी और लंबी सांस लें। वहीं यह भी देखें कि भाप बाहर तो नहीं निकल रही।

हालांकि भाप लेना फायदेमंद है, लेकिन लापरवाही होने से आपका चेहरा भी जल सकता है। इसलिए बर्तन से हमेशा थोड़ी दूरी बनाए रखें, जिससे गर्म पानी की छींटे आपके चेहरे पर न पड़ें। वहीं भाप लेने के दौरान अपनी आंखों को बंद रखें, क्योंकि वाष्प आंखों में जलन पैदा कर सकती हैं। वहीं छोटे बच्चों को भाप दिलाने के दौरान खास सावधानी बरतें और बिना एक्सपर्ट की सलाह के अस्थमा के मरीजों को बहुत तेज भाप नहीं लेना चाहिए।

जब आप भाप लेते हैं, तो गर्म और नम हवा सीधे नासिका मार्ग में जाती है। यह गर्मी रक्त वाहिकाओं को फैलाने के साथ सूजन को कम करती है। इससे बलगम ढीला होता है और आसानी से बाहर निकल जाता है। वहीं अजवाइन में औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो म्यूकस को साफ करने के प्रोसेस को तेज कर देते हैं। जिससे साइनस के दबाव और इससे होने वाले सिरदर्द से फौरन राहत मिलती है और सांस लेना भी आसान हो जाता है।

अजवाइन की भाप लेने के अलावा आप रात को सोने के दौरान सिर को थोड़ा ऊंचा रखने के लिए एक्स्ट्रा तकिए का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं दिन में गुनगुना पानी पिएं और नेजल स्प्रे का इस्तेमाल करें। यह तरीका भी बंद नाक खोलने में मददगार है। यह 10 रुपए का नुस्खा न सिर्फ सस्ता है, बल्कि आपको दवाओं से भी बचाता है। अगर रोजाना 2-3 बार भाप लेने के बाद भी समस्या हो रही है, तो डॉक्टर से संपर्क करें।

# बेस्ट प्रोबायोटिक्स भूल जाओ, बस 10 रुपये में सुधारें अपना पेट स्वास्थ्य, अपनाएं आसान घरेलू नुस्खे



अगर आपका पेट ठीक है, तो इम्यूनिटी, दिमाग और मूड सब सही रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पेट को हेल्दी रखने के लिए आपको किसी महंगे प्रोबायोटिक की जरूरत नहीं है, बस आपको कुछ सादे और सस्ते फर्मेंटेड फूड्स ही काफी हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ध्यान नहीं रख पा रहे हैं। जिस कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खराब खानपान की वजह से पेट को ज्यादा नुकसान हो रहा है। ऐसे में अधिकतर लोग गैस, पेट की तकलीफ या कब्ज जैसी दिक्कतों से परेशान रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारा पेट यानी की गट ही हमारी पूरी सेहत की जड़ है। अगर आपका पेट ठीक है, तो इम्यूनिटी, दिमाग और मूड सब सही रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पेट को हेल्दी रखने के लिए आपको किसी महंगे प्रोबायोटिक की जरूरत नहीं है, बस आपको कुछ सादे और सस्ते फर्मेंटेड फूड्स ही काफी हैं। जो 10 रुपए से कम में आपका पेट फिट रख सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीन आसान फर्मेंटेड फूड के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

यह एक सस्ती, देसी और असरदार रेसिपी है। जोकि पेट की सफाई तो करती है, साथ ही यह डाइजेशन को भी बेहतर बनाता है। फर्मेंटेड राइस कांजी बनाने के लिए दो चम्मच पके हुए चावल और दो चम्मच दही को एक गिलास पानी में मिलाना होगा। इसको रातभर ढककर रख दें, जिससे कि यह फर्मेंट हो जाए। अब सुबह इसको अच्छे से मसलें या फिर ब्लेंड कर लें। इसके बाद इसमें नमक डालें और चाहें तो बारीक कटी हरी मिर्च और प्याज डाल सकती हैं। अब इसको डाइट में शामिल करें, इसमें मौजूद नेचुरल बैक्टीरिया आंतों की लाइनिंग को हील करते हैं और डाइजेशन को बेहतर बनाते हैं।

वहीं रागी अपने आप में एक सुपरफूड है। जब इसको फर्मेंट किया जाता है, तो इसका फायदा दोगुना हो जाता है। रागी कांजी बनाने के लिए आपको 4 चम्मच रागी आटे में आधा कप पानी मिलाकर पतला सा घोल तैयार कर लें। फिर एक पैन में दो कप पानी उबालें और धीरे-धीरे रागी घोल डालते हुए चलाते रहें। अब करीब 5 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। जब यह ठंडा हो जाए, तो इसको कांच या मिट्टी के बर्तन में डालें। इसको रात भर ढककर रखें। सुबह इसमें थोड़ा सा नमक, मट्ठा, हरी मिर्च और प्याज डालकर पिएं।

# महिलाओं के लिए रामबाण है यह डिटॉक्स ड्रिंक, पेरिमेनोपॉज में हार्मोन्स रहेंगे



पेरिमेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोनल असंतुलन और हॉट फ्लैशेज जैसी समस्याओं से राहत के लिए एक्सपर्ट एक खास देसी ड्रिंक पीने की सलाह देते हैं। सौंफ, पुदीना और माका रूट जैसी जड़ी-बूटियों से बनी यह ड्रिंक न सिर्फ हार्मोन्स को बैलेंस करती है, बल्कि शरीर को डिटॉक्स कर महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार करती है।

महिलाओं के जीवन में एक ऐसा भी समय आता है, जब शरीर धीरे-धीरे मेनोपॉज की तरफ बढ़ने लगता है। इस बदलाव के इस समय को पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं और इसका असर न केवल पीरियड्स, बल्कि शारीरिक और मानसिक सेहत पर भी पड़ता है। खासतौर पर महिलाओं में 40 की उम्र के आस-पास शुरु हो सकता है। इस दौरान शरीर में एट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोनल इंबैलेंस हो जाते हैं और पीरियड्स धीरे-धीरे अनियमित होने लगता है। पेरिमेनोपॉज के दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगते हैं। इस समय हॉट फ्लैशेज, रात को अधिक पसीना आना, मूड में उतार-चढ़ाव, चिड़चिड़ापन, नींद न आना, वजन बढ़ना, लगातार थकान महसूस होना और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि वे अपनी सेहत और खासकर खानपान पर विशेष ध्यान दें। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि पेरिमेनोपॉज में पीना चाहिए जिससे हार्मोन्स बैलेंस हो और शरीर डिटॉक्स करता है।

लेमन बाम नर्वस सिस्टम को आराम देता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसकी मदद से अनिद्रा और बेचैनी को कम करके अच्छी नींद आती है। ये पीरियड के दर्द में भी आराम देता है और डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतों जैसे गैस, कब्ज और अपच में आराम पहुंचाता है। पुदीने की पत्तियां हॉट फ्लैशेज की समस्या को कम करने में मददगार होती हैं और पाचन तंत्र को मजबूत बनाती हैं। पुदीने में पाया जाने वाला यूजेनॉल तत्व पाचन एंजाइम्स के स्राव को बढ़ाने में सहायक होता है, जिससे खाना आसानी से पचता है और पेट से जुड़ी परेशानियां कम होती हैं।

सौंफ में फाइटोएस्ट्रोजन होते हैं और ये हार्मोन्स को संतुलित रखने में मदद करता है। पेरिमेनोपॉज में अपच, गैस, कब्ज और पाचन से जुड़ी अन्य दिक्कतें काफी आम हैं। सौंफ इन दिक्कतों में आराम पहुंचाती है और यह शरीर को अंदर से ठंडक भी देती है। सूखी अदरक का पाउडर पीरियड्स से जुड़ी दिक्कतों में रामबाण की तरफ काम करता है। ऐसा करने से जोड़ों की अकड़न भी दूर होती और मेटाबॉलिज्म में भी सुधार होता है।

माका रूट का पाउडर शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन के स्तर को संतुलित करने में सहायक माना जाता है। इसके नियमित उपयोग से हार्मोनल असंतुलन से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है।

# आयुर्वेद की इन आदतों से इम्यूनिटी बढ़ाएं, सर्दी-जुकाम और बीमारियां दूर रखें



आजकल कम उम्र से ही लोगों को बीपी, पेट की बीमारी, डायबिटीज, तनाव और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से घिरे रहते हैं। खासकर सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और स्किन संबंधी परेशानियां तेजी से बढ़ जाती हैं।

पहले के समय में लोग कम बीमार पड़ते थे और शरीर में ताकत होती थी। उन लोगों की इम्यूनिटी मजबूत रहती थी और मानसिक रूप से भी लोग अधिक हेल्दी नजर आते थे। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्थिति बिल्कुल उलट हो गई है। कम उम्र से ही लोगों को बीपी, पेट की बीमारी, डायबिटीज, तनाव और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से घिरे रहते हैं। खासकर सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और स्किन संबंधी परेशानियां तेजी से बढ़ जाती हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो इन बीमारियों के होनी की सबसे बड़ी वजह हमारी बिगड़ती लाइफस्टाइल है। लेकिन आयुर्वेद में स्वस्थ जीवन के लिए सही लाइफस्टाइल फॉलो करना बेहद जरूरी है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक का ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए आपको उन आयुर्वेदिक आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सर्दियों में पालन करने से आप बड़ी से बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं।

आयुर्वेद में सुबह जागने का सबसे अच्छा समय ब्रह्म मुहूर्त यानी सुबह 04 से 04-30 बजे माना गया है। लेकिन सूर्योदय से पहले किसी भी हाल में बिस्तर छोड़ दें। नैतिक क्रियाएं करने के बाद धूप निकलने पर योग, हल्का व्यायाम और प्राणायाम आदि करना सर्दियों में बेहद फायदेमंद होता है। ऐसा करने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।

सर्दियों के मौसम में गुनगुने पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। आयुर्वेद में नहाने से पहले तिल या फिर सरसों के तेल से मालिश करना लाभकारी माना जाता है। इससे स्किन का रूखापन, जोड़ों के दर्द और थकान से राहत मिलती है। मालिश करने के बाद गुनगुने पानी से नहाने से शरीर तरोताजा महसूस करता है। वहीं सुबह का नाश्ता 08 से 09 बजे के बीच करना चाहिए। सर्दियों में दूध, दलिया, घी लगी रोटी, पोहा, मूंग दाल का चीला और उपमा जैसी गर्म और पौष्टिक चीजों का सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही अखरोट, बादाम और किशमिश जैसे सूखे मेवे डाइट में शामिल करना चाहिए, इससे आपके शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है। आपको दोपहर का खाना 12 से 1 बजे के बीच करना चाहिए। आयुर्वेद के मुताबिक इस समय पाचन अग्नि समय सबसे मजबूत होती है। दोपहर में घर का बना खाना खाएं। दोपहर के खाने में दाल, मौसमी सब्जियां, रोटी, चावल, घी और छाछ को शामिल करना चाहिए। सर्दियों में ज्वार, बाजरा और मक्के की रोटियां खाने से शरीर अंदर से मजबूत बनता है। वहीं शाम को 4 से 5 बजे के बीच हल्का नाश्ता कर सकते हैं। रात को हमेशा हल्का और समय पर 6 से 7 बजे तक भोजन कर लेना चाहिए।

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एक सामान्य व्यक्ति के लिए 7-8 घंटे की नींद जरूरी होती है। इसलिए रात को 10 बजे से पहले सो जाना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में देर रात तक टीवी या मोबाइल देखने से शरीर कमजोर होता है। वहीं आयुर्वेदिक दिनचर्या को नियमित रूप से अपनाने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# सुबह की जादुई ड्रिंक्स बढ़ाएगी आपका मेटाबॉलिज्म, दिनभर रहेंगे फुल ऑफ एनर्जी

हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए सुबह की शुरुआत सादे पानी की जगह कुछ खास नेचुरल ड्रिंक्स से करना फायदेमंद हो सकता है। यह लेख नारियल पानी, ग्रीन टी और वेजिटेबल जूस जैसे विकल्पों का विश्लेषण करता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज कर शरीर को हाइड्रेट करते हैं और दिनभर ऊर्जावान बनाए रखते हैं।

आजकल लोग हेल्दी डाइट पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हर कोई हेल्दी रहना प्रायोरिटी में शामिल कर रहे हैं। लोग अपनी डाइट से लेकर लाइफस्टाइल तक कई छोटे-बड़े बदलाव करते हैं। इसलिए सुबह की शुरुआत में पहला गिलास काफी हद तक यह तय करता है कि आपका दिन कैसा गुजरेगा। अधिकतर लोग सुबह साधारण पानी पीते हैं, लेकिन अगर इसकी जगह कुछ खास हेल्दी ड्रिंक्स को अपनी दिनचर्या में शामिल किया जाए, तो ये सेहत पर कई गुना बेहतर असर डाल सकती हैं। ऐसी मॉर्निंग ड्रिंक्स न सिर्फ मेटाबॉलिज्म को तेज करती हैं, बल्कि शरीर को जरूरी पोषण देकर एनर्जी लेवल भी बढ़ाती हैं। आइए जानते हैं 5 ऐसी खास सुबह की ड्रिंक्स के बारे में, जो आपको पूरे दिन तरोताजा और ऊर्जावान बनाए रख सकती हैं।

सुबह की शुरुआत नारियल पानी पीने से दिन अच्छा जाता है। यह कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम का अच्छा स्रोत है। सुबह-सुबह नारियल पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहता है और दिन भर फ्रेशनेस बनी रहती है। ग्रीन टी में प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करने में सहायक होते हैं। यह वजन को संतुलित रखने के लिए एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। रोज सुबह एक कप ग्रीन टी पीने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और साथ ही एनर्जी व एकाग्रता में भी सुधार होता है। यदि आप सुबह की शुरुआत एक कप कॉफी पीते करते हैं, लेकिन थकान दूर नहीं हुई, तो पालक, केल जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों का जूस पिएं। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में आयरन होता है, जो शरीर को एनर्जी देता है और थकान कम करता है।

# सिंगापुर जा रही एअर इंडिया फ्लाइट की अचनाक वापसी

उड़ान

**एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट AI 2380 ने 14 जनवरी को दिल्ली से सिंगापुर के लिए उड़ान भरी थी।**




**नई दिल्ली।** सिंगापुर जा रहे एयर इंडिया के विमान को आखिर क्यों वापल नई दिल्ली लौटना पड़ा? क्या कारण थे, जिसके चलते पायलट को सिंगापुर की जगह दिल्ली आना ज्यादा सुरक्षित रहा? क्या कोई तकनीकी खराबी थी, या फिर कुछ और? आइए जानते क्या है पूरा मामला।

एयर इंडिया की सिंगापुर जाने वाली एक फ्लाइट को गुरुवार तड़के तकनीकी खराबी के कारण वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस फ्लाइट में करीब 190 यात्री सवार थे। यह फ्लाइट बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित हो रही थी। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में एपीयू यानी ऑक्जिलरी पावर यूनिट से जुड़ी आग की चेतावनी मिली। यह चेतावनी मिलने के बाद पायलटों ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को दिल्ली वापस लाने का फैसला किया।

विमान करीब एक घंटे तक हवा में रहने के बाद सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा। इसके बाद विमान सुरक्षित उतरा और यात्रियों को वैकल्पिक विमान से सिंगापुर भेजा गया। बता दें कि इस विमान में लगभग 190 यात्री सवार थे। मामले में एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें दूसरे विमान से सिंगापुर भेजा गया। दिल्ली में ग्राउंड स्टाफ ने यात्रियों को पूरी मदद दी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट‚ढ्ढ 2380 ने 14 जनवरी को दिल्ली से सिंगापुर के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के कुछ ही समय बाद तकनीकी समस्या की आशंका सामने आई, जिसके बाद एहतियातन फ्लाइट को वापस बुला लिया गया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार 24 के मुताबिक बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान करीब एक घंटे तक हवा में रहा, जिसके बाद रात करीब एक बजे दिल्ली में वापस उतरा।

# तिंथानी कनक गुरु पीठ के सिद्धरामानंद स्वामी का निधन

**बंगलूरू।** कर्नाटक के तिंथानी कनक गुरु पीठ के प्रमुख सिद्धरामानंद स्वामी का 49 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भी शोक जताया।

कर्नाटक के तिंथानी कनक गुरु पीठ के प्रमुख और कलबुर्गी डिविजनल कनकगुरु पीठ के अधिष्ठाता सिद्धरामानंद स्वामी का गुरुवार तड़के हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनका जन्म नाम मोहन प्रधान था और वे चित्रदुर्ग जिले के निवासी थे।

सूत्रों के अनुसार, स्वामी ने रात में भजनों में भाग लेने के बाद अचानक ब्लड प्रेशर गिरने की वजह से स्वास्थ्य बिगड़ गया। उन्हें लिंगसुगुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान सुबह लगभग 3.40 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने स्वामी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि



सिद्धरामानंद स्वामी का समाज कल्याण और धार्मिक गतिविधियों में योगदान राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने %एक्स% (पूर्व ट्विटर) पर लिखा मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी दिव्य आत्मा को शांति मिले और उनके अनुयायी और भक्त इस दुःख को सहने की शक्ति प्राप्त करें। सिद्धरामानंद स्वामी ने अपने जीवन में न केवल धार्मिक मार्गदर्शन किया बल्कि समाज सेवा और मानव कल्याण में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका निधन कर्नाटक और सम्पूर्ण देश के धार्मिक समुदाय के लिए एक बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

# तमिलनाडु के करूर में भगदड़ पर डीएमके का हमला

**चेन्नई।** डीएमके ने करूर भगदड़ के लिए टीवीके प्रमुख विजय को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप है कि विजय के कार्यक्रम में देर से पहुंचने के कारण लोगों की जान गई। वहीं, सोमवार को सीबीआई ने इस मामले में विजय से सात घंटे पूछताछ की थी।

करूर में हुई भगदड़ को लेकर डीएमके ने टीवीके प्रमुख विजय पर बड़ा आरोप लगाया है। डीएमके प्रवक्ता टी.के.एस. एलंगोवन ने करूर भगदड़ की घटना को लेकर टीवीके प्रमुख विजय की कड़ी आलोचना की है। एलंगोवन ने आरोप लगाया कि इस हादसे और कई लोगों की मौत के लिए सीधे तौर पर विजय को जिम्मेदार ठहराया। एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए एलंगोवन ने कहा कि यह त्रासदी इसलिए हुई क्योंकि अभिनेता से नेता बने विजय अपने ही कार्यक्रम में बहुत देर से पहुंचे।

डीएमके नेता टी.के.एस. एलंगोवन ने कहा विजय को यह समझना चाहिए कि यह हादसा




उनकी देरी की वजह से हुआ। उन्होंने लोगों को सुबह नौ बजे से शाम साढ़े सात बजे तक करीब नौ घंटे इंतजार करवाया। चिलचिलाती धूप में बिना खाने-पीने के इंतजार करने से लोग बेहोश हो गए। एलंगोवन ने दावा किया कि अगर विजय तय समय यानी दोपहर 12 बजे रेली में आ जाते, तो जानें बचाई जा सकती थीं। उन्होंने कहा कि विजय अपनी गलती मानने के बजाय दूसरी बातें कर रहे हैं।

इस बीच टीवीके प्रमुख विजय दिल्ली में सीबीआई मुख्यालय में पूछताछ के बाद मंगलवार को चेन्नई लौट आए। सीबीआई ने सोमवार को उनसे सात घंटे से ज्यादा समय तक सवाल-जवाब किए। यह पूछताछ करूर भगदड़ मामले से जुड़ी थी, जिसमें 41 लोगों की जान चली गई थी। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, विजय को पोंगल त्योहार के लिए घर जाने की राहत दी गई है। हालांकि उनकी कानूनी मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं। उन्हें पूछताछ के लिए बाद में फिर बुलाया जाएगा।

सीबीआई ने विजय को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 179 के तहत नोटिस भेजकर बुलाया था। जांच एजेंसी ने उनसे हादसे के कारणों और घटना के समय को लेकर विस्तार से सवाल किए। पूछताछ के दौरान विजय के समर्थक सीबीआई दफ्तर के बाहर इंतजार करते रहे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पिछले साल अक्टूबर में सीबीआई ने तमिलनाडु पुलिस से यह केस अपने हाथ में लिया था। यह हादसा एक राजनीतिक सभा के दौरान हुआ था, जिससे लोगों में काफी गुस्सा फैल गया था। इसके बाद न्यायिक और कानूनी जांच शुरू हुई थी।

## चीनी कंपनियों के भारत आने से नहीं होगा भारतीय व्यापारियों को नुकसान



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चीनी कंपनियों को भारतीय बाजार में सीधे निर्माण की अनुमति देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस रणनीतिक कदम से देश में पूंजी निवेश, रोजगार के नए अवसरों का सृजन और टैक्स राजस्व में वृद्धि हो सकती है, हालांकि घरेलू एमएसएमई सेक्टर और वोकल फॉर लोकल अभियान पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर बहस भी जारी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

केंद्र सरकार चीनी कंपनियों को भारतीय बाजार में सीधे निर्माण करने की अनुमति देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यदि ऐसा होता है तो अब चीन की हजारों कंपनियां देश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण करती हुई दिखाई दे सकती हैं। लेकिन इसी के साथ यह प्रश्न पूछा जाने लगा है कि क्या इससे भारतीय कंपनियों को नुकसान नहीं होगा? भारी पूंजी और सस्ते श्रम की बदौलत चीनी कंपनियों ने भारतीय कंपनियों के सामने तगड़ी चुनौती पेश की है। कई क्षेत्रों में भारतीय कंपनियां पूरी तरह चीनी कंपनियों के उत्पादों पर निर्भर हो गई हैं। ऐसे में क्या चीनी कंपनियों के भारतीय बाजार में सीधे आ जाने से भारत का एमएसएमई सेक्टर बुरी तरह प्रभावित नहीं होगा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं वोकल फॉर लोकल की बात करते रहे हैं। उनकी अपील होती है कि लोग उन उत्पादों का उपयोग करें जो भारतीय कंपनियों के द्वारा भारत में निर्मित की गई हैं। इससे भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों के सामने मजबूती मिलेगी। लेकिन अब चीनी कंपनियों के सीधे भारतीय बाजारों में आने से देश की छोटी कंपनियों पर क्या असर पड़ेगा? आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी कंपनियों को भारतीय बाजार में सीधे प्रवेश देना कोई गलत निर्णय नहीं है। यह बहुत समझदारी भरा निर्णय है। इससे भारत में पूंजी निवेश होगा, नई नौकरियों का सृजन होगा और इन कंपनियों के द्वारा भारत से निर्यात किए जाने पर केंद्र सरकार को टैक्स के रूप में आय भी हासिल होगी। इस समय भी ऐपल, सैमसंग सहित दूसरी कंपनियों के भारत में निर्माण करने से केंद्र सरकार को अच्छी आय हो रही है। यही स्थिति चीन के मामले में भी हो सकती है। यह भी ध्यान दिए जाने के योग्य है कि चीनी कंपनियां सस्ता और उच्च गुणवत्ता का उत्पादन करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रही हैं। यदि भारतीय कामगार इन कंपनियों में काम करते हैं तो इससे धीरे-धीरे भारतीय कंपनियों को भी उच्च गुणवत्ता के पदार्थ बनाने में महारथ हासिल होगी।

# बंगाल में सिंगूर मुद्दे को भुनाने की कोशिश में भाजपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का चुनावी रण बेहद रोचक होने वाला है। सत्ताधारी टीएमसी और भाजपा के बीच अभी से ही रस्साकशी शुरू हो गई है। जहां टीएमसी सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ लड़ाई, एसआईआर के मुद्दे पर चुनाव में जाने की तैयारी कर रही है। वहीं भाजपा ने घुसपैठ के साथ ही एक और अहम मुद्दे पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। तो आइए जानते हैं कि क्या है वो मुद्दा, जो चुनाव का पासा पलट सकता है।

पश्चिम बंगाल में राजनीति एक बार फिर उसी जगह पर आ गई है, जहां से कभी ममता बनर्जी की राजनीति का उदय हुआ था और अब भाजपा भी वहीं पर संभावनाएं तलाश रही है। दरअसल वह जगह है हुगली जिले का सिंगूर क्षेत्र, जहां कभी टाटा नैनो की फैक्ट्री हुआ करती थी। अब भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 18 जनवरी को होने वाली रैली के लिए इसी जगह को चुना है। माना जा रहा है कि इसके



जरिए भाजपा बंगाल के औद्योगिक विकास की रेस में पिछड़ने और छूटे हुए आर्थिक अवसरों को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई है।

भाजपा नेताओं का मानना है कि सिंगूर में रैली आयोजित करने से एक प्रतीकात्मक संदेश लोगों के बीच जाएगा कि टाटा नैनो प्रोजेक्ट के जाने के बाद से बंगाल में कोई नई इंडस्ट्री नहीं आई है।

आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा औद्योगिक विकास के मुद्दे पर ममता बनर्जी सरकार को घेरने की कोशिश कर सकती है। भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आई तो औद्योगिक विकास पर फोकस किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सिंगूर की नैनो साइट को औद्योगिक भूमि में बदल दिया गया था, जिस वजह से वहां अब लगभग न के बराबर कृषि गतिविधि है। इसलिए भारी उद्योगों को आकर्षित करने के लिए हमें एक व्यापक भूमि नीति की आवश्यकता है। इससे राज्य की प्रतिभा और कार्यबल के जबरन पलायन रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास में किसानों की प्रत्यक्ष भागीदारी होनी बेहद जरूरी है। आवश्यकता पड़ने पर किसानों को भी अपनी भूमि छोड़नी पड़ सकती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ÷कृषि-उद्योग सह-अस्तित्व सिद्धांत÷ को खारिज कर दिया।

भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य की 82त्न भूमि छोटे किसानों के पास है और बड़े उद्योग सिर्फ कृषि भूमि पर ही स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल एक खनिज-समृद्ध राज्य है और इसकी भौगोलिक स्थिति भी अनूठी है। इसलिए अगर हम राज्य के औद्योगिक विकास को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखें तो निवेशकों को आसानी से यहां आकर्षित किया जा सकता है।

सिंगूर आंदोलन से ही ममता बनर्जी ने बंगाल की राजनीति में बनाई थी पैठ

बुद्धदेव भट्टाचार्य के नेतृत्व वाली वाम मोर्चा सरकार द्वारा सिंगूर में टाटा नैनो प्रोजेक्ट के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी। जिसका ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने विरोध किया।

## बीएमसी चुनाव में स्याही विवाद का साया

**मुंबई।** महाराष्ट्र निकाय चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है, लेकिन इस मतदान पर विवाद का साया पड़ा है। दरअसल मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने आरोप लगाया कि वोट के बाद ऐसी स्याही इस्तेमाल की जा रही है, जो हाथ धुलने पर ही मिट रही है। एनसीपी-एसपी नेता रोहित पवार ने भी धांधली के आरोप लगाए। बीएमसी चुनाव के लिए मतदान जारी है, लेकिन विपक्ष द्वारा धांधली के आरोप लगाए जा रहे हैं। मनसे नेता राज ठाकरे ने मतदान में इस्तेमाल की जा रही स्याही पर सवाल उठाए हैं। राज ठाकरे ने कहा कि जो स्याही पहले इस्तेमाल की जा रही थी, उसे नए पेन से बदल दिया गया है और इस पेन को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। राज ठाकरे ने दावा किया कि अगर आप हैंड सैनेटाइजर इस्तेमाल करते हैं तो उससे स्याही मिट सकती है। इससे ये होगा कि लोग वोट करेंगे और बाहर जाकर हाथ धोकर फिर से वोट करने आ जाएंगे।

# ताइवान के पास चीनी सैन्य गतिविधि बढ़ी



**ताइपे।** ताइवान ने अपने क्षेत्र के आसपास चीनी सेना की बढ़ती गतिविधियों का खुलासा किया है। 9 पीएलए विमान और 11 चीनी युद्धपोत ताइवान के पास देखे गए।

ताइवान और चीन के बीच जारी तनाव के बीच एक बार फिर चीनी सेना की गतिविधियों में इजाफा देखा गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने अपने क्षेत्र के आसपास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 9 लड़ाकू विमानों और 11 चीनी नौसैनिक जहाजों की मौजूदगी दर्ज की है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन सभी 9 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में प्रवेश किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा आज सुबह 6 बजे (UTC+8) तक ताइवान के आसपास 9 PLA विमान और 11 PLAN जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई। सभी विमानों ने मध्य रेखा पार की। स्थिति पर नजर रखी गई और उचित प्रतिक्रिया दी गई।

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले बुधवार को भी ताइवान ने 20 PLA विमानों और 9 चीनी युद्धपोतों की मौजूदगी दर्ज की थी, जिनमें से 17 विमानों ने ADIZ में प्रवेश किया था। इससे क्षेत्र में सैन्य दबाव लगातार बढ़ता दिख रहा है। इस बीच, ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह देश की संप्रभुता की रक्षा करेंगे और चीन को ताइवान के मामलों में दखल देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा मैं देश की सुरक्षा सुनिश्चित करूंगा और किसी भी तरह के चीनी दबाव को ताइवान तक पहुंचने नहीं दूंगा।

राष्ट्रपति लाई ने यह भी कहा कि चीन द्वारा ताइवान पर बनाया जा रहा दबाव इस बात का प्रमाण है कि बीजिंग का अधिकार ताइवान तक नहीं फैलता और ताइवान, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का हिस्सा नहीं है।

हाल ही में चीन द्वारा प्रतिबंधित जापानी सांसद हेई सेकी की ताइवान यात्रा का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति लाई ने कहा कि यह दौरा इस बात का सबूत है कि रिपब्लिक ऑफ चाइना और PRC एक-दूसरे के अधीन नहीं हैं।

## जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश

**रूस।** रूस ने जासूसी के आरोप में एक ब्रिटिश राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है। रूस की सुरक्षा एजेंसी एफएसबी ने दावा किया कि राजनयिक ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के लिए काम कर रहा था, हालांकि कोई सबूत पेश नहीं किया गया।

रूसी अधिकारियों ने गुरुवार को जासूसी के आरोपों पर एक ब्रिटिश राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा, जिसे उसके रूसी संक्षिप्त नाम एफएसबी से जाना जाता है। इसने आरोप लगाया कि दूतावास के कर्मचारी ने ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के लिए काम किया था। हालांकि, उसने इसका कोई सबूत पेश नहीं किया।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजनयिक की मान्यता रद्द कर दी गई है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ना होगा।

# जापान और फिलीपींस के बीच रक्षा समझौता

**नई दिल्ली।** जापान और फिलीपींस ने एक्विजिशन एंड क्रॉस-सर्विसिंग एग्रीमेंट (एसीएसए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक रक्षा समझौता इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच दोनों देशों के बीच सैन्य रसद और सुरक्षा सहयोग को एक नया आयाम प्रदान करेगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। जापान और फिलीपींस ने क्षेत्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों देशों ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण रक्षा रसद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संधि ऐसे समय में हुई है जब दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में बीजिंग की सैन्य गतिविधियों ने एशियाई देशों और उनके सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है।

मनीला में आयोजित एक आधिकारिक समारोह के दौरान जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और फिलीपींस की विदेश सचिव थेरेसा लाजारो ने इस



समझौते पर मुहर लगाई। इस नए रक्षा समझौते के तहत, दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त प्रशिक्षण के दौरान गोला-बारूद, ईंधन, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कर-मुक्त आपूर्ति कर सकेंगी। यह समझौता न केवल सैन्य क्षमताओं को बढ़ाएगा, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति तैयारी और संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में दोनों देशों की भागीदारी को भी सुगम बनाएगा। हालांकि, इस लॉजिस्टिक समझौते को प्रभावी होने से पहले जापानी सांसदों की सहमति जरूरी है। यह समझौता सीधे तौर पर चीन की क्षेत्रीय विस्तारवादी नीतियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। जापान और फिलीपींस, दोनों ही बीजिंग के साथ अलग-अलग क्षेत्रीय विवादों में उलझे हुए हैं। जहां फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीनी तटरक्षक जहाजों की बढ़ती शत्रुता का सामना कर रहा है, वहीं जापान पूर्वी चीन सागर में अपने दावों वाले द्वीपों के आसपास चीनी घुसपैठ से जूझ रहा है। हाल के समय में, जापानी प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची की उस टिप्पणी ने बीजिंग को और नाराज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान के खिलाफ संभावित चीनी कार्रवाई जापान को हस्तक्षेप करने के लिए प्रेरित कर सकती है। अमेरिका, जो इन दोनों एशियाई देशों का एक प्रमुख संधि सहयोगी है, ने भी चीन को विवादित जलक्षेत्र में आक्रामकता के प्रति बार-बार चेतावनी दी है। समझौते के लिए जापान ने फिलीपींस को क्या भरोसा दिया? रक्षा सहयोग के साथ-साथ, जापान ने फिलीपींस के लिए नई सुरक्षा और आर्थिक विकास सहायता की भी घोषणा की है। यह फिलीपींस की विदेश नीति में आए उस बदलाव को दर्शाता है जो राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के कार्यकाल में शुरू हुआ है। उनके पूर्ववर्ती, रोड्रिगो दुतेर्ते ने चीन और रूस के साथ नजदीकी संबंध विकसित किए थे, लेकिन मार्कोस प्रशासन ने नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और स्वतंत्र एवं खुले इंडो-पैसिफिक की दिशा में जापान और अमेरिका के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी है।

## थाईलैंड में फिर हुआ क्रेन हादसा

**बैंकॉक।** थाईलैंड में एक दिन पहले ही बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें एक क्रेन रेल पर गिर गई थी, जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। उस हादसे के एक दिन बाद ही फिर से थाईलैंड में क्रेन हादसा हुआ है, जिसमें कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। थाईलैंड में एक दिन पहले ही एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। अब राजधानी बैंकॉक में भी एक क्रेन हादसा हुआ है। हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या का अभी पता नहीं चल सका है। थाईलैंड के स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इससे पहले बीते दिन हुए हादसे में एक निर्माणाधीन स्थल पर क्रेन चलती हुई ट्रेन पर गिर गई थी, जिसके बाद रेल पटरी से उतर गई थी। उस हादसे में 32 लोगों की मौत हो गई थी।

# पहली मेडिकल इवैकुएशन में 4 अंतरिक्ष यात्रियों की आईएसएस से धरती पर वापसी




**केप कैनावेरल।** नासा ने इतिहास में पहली बार मेडिकल इवैकुएशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर वापस बुलाया है। हालांकि चालक दल के मध्य फरवरी 2026 तक कक्षा में रहने की उम्मीद थी।

नासा ने अपने 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक और संवेदनशील फैसला लेते हुए मेडिकल इवैकुएशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर वापस बुला लिया है। यह मिशन तय समय से एक महीने पहले ही समाप्त कर दिया गया।

नासा, रूस और जापान के इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने बुधवार को स्पेस स्टेशन से विदाई ली और वे स्पेसएक्स कैप्सूल के जरिये गुरुवार तड़के कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में उतरने वाले हैं। इस मिशन में शामिल नासा की अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन ने भावुक होते हुए कहा हमारी वापसी का समय अचानक बदला, लेकिन सबसे खूबसूरत बात यह रही कि यह टीम एक परिवार की तरह एक-दूसरे का ख्याल रखती रही। हालांकि नासा ने उस अंतरिक्ष यात्री की पहचान उजागर नहीं की, जिसे चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्री की हालत स्थिर और सुरक्षित है तथा यह फैसला पूरी सावधानी के साथ लिया गया है ताकि धरती पर बेहतर मेडिकल जांच संभव हो सके। नासा ने यह भी साफ किया कि यह कोई आपात स्थिति नहीं थी, लेकिन अंतरिक्ष में रहते हुए इलाज में देरी करना जोखिम भरा हो सकता था। इसलिए मिशन को छोटा करने का निर्णय लिया गया।

स्पेस स्टेशन पर फिलहाल एक अमेरिकी और दो रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद हैं। नासा और स्पेसएक्स अब फ्लोरिडा से नए दल की लॉन्चिंग की तारीख को आगे खिसकाने पर काम कर रहे हैं। नासा के नए प्रशासक जारेड आइजैकमैन ने इस फैसले पर कहा हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। क्रू-11 को अगस्त 2025 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए लॉन्च किया गया था, जिसका मिशन मूल रूप से लगभग छह महीने तक चलने वाला था। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी और उसके अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी कक्षा में चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण लेते हैं और जरूरत पड़ने पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार हैं।

दरअसल, क्रू-11 मिशन, आईएसएस पर निरंतर मानव उपस्थिति बनाए रखने के नासा के सतत प्रयासों का हिस्सा है। अपने प्रवास के दौरान अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और स्टेशन के नियमित रखरखाव का कार्य कर रहे हैं। साथ ही भविष्य के मिशनों की तैयारियों में भी सहयोग कर रहे हैं। चालक दल के मध्य फरवरी 2026 तक कक्षा में रहने की उम्मीद थी।

# भारत की कनाडा को दो टूक

**टोरंटो।** भारत ने आतंकवाद पर कनाडा को आईना दिखाया है। इसी के साथ कनाडा में भारतीय राजदूत ने निज्जर की हत्या मामले में भारत सरकार के शामिल होने के पुराने आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह मामला चार लोगों के खिलाफ है न कि भारत सरकार के खिलाफ।

भारत ने कनाडा पर अपनी सरजमीं पर सक्रिय आतंकवादी तत्वों पर कार्रवाई करने में 40 वर्षों से विफल रहने का आरोप लगाया। कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त दिनेश के. पटनायक ने सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में नई दिल्ली के शामिल होने के कनाडा के पुराने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला चार लोगों के खिलाफ है न कि भारत सरकार के खिलाफ। कनाडा के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में पटनायक ने 1985 के एअर इंडिया बम विस्फोट के



अनसुलझे मुद्दे का जिक्र किया और कहा कि हम पिछले 40 वर्षों से कनाडा में आतंकवाद के बारे में बात कर रहे हैं। किसी ने इसके बारे में क्या किया है? एक भी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया गया है। एअर इंडिया बम विस्फोट की जांच से अभी तक कुछ नहीं निकला है। उन्होंने कनाडा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि जब भारत कनाडा में सक्रिय संदिग्ध आतंकवादियों की जानकारी देता है तो कनाडा सबूत मांगता है लेकिन बदले में उम्मीद करता है कि अपनी सरकार के खिलाफ लगे अप्रमाणित आरोपों का जवाब दे। सितंबर 2025 में पदभार संभालने वाले पटनायक ने ये टिप्पणियां ऐसे समय में की हैं जब नई दिल्ली और ओटावा के बीच बेहतर हो रहे संबंधों के बीच ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबे एक ट्रेड मिशन पर भारत आए हुए थे। सितंबर 2023 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस आरोप के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे कि उस साल 18 जून को सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का संभावित हाथ था।

पटनायक ने सीबीसी एंकर के बार-बार इस दावे का जोरदार विरोध किया कि कनाडाई खुफिया और पुलिस के पास भारतीय एजेंटों को निज्जर की हत्या से जोड़ने वाली विश्वसनीय जानकारी थी। उन्होंने पूछा कि सबूत कहां है? ये ऐसे आरोप हैं जिनको साबित करने के लिए सबूत नहीं हैं। आरोप लगाना हमेशा आसान होता है।

# डॉ. अर्पिता स्नेह की पीएच.डी. से केला कृषि विकास को मिली नई दिशा

- कम्युनिकेशन इफ़ेक्टिवनेस फॉर एग्रीकल्चर डेवलपमेंटः ए स्टडी बेस्ड ऑन बनाना 6केला8ग्रोवर्स ऑफ वैशाली डिस्ट्रिक्ट ऑफ बिहार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मीडिया शिक्षा और शोध के क्षेत्र में वैशाली की बेटी डॉ. अर्पिता स्नेह ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जनसंचार में पीएच.डी. प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध विषय—÷कम्युनिकेशन इफेक्टिवनेस फॉर एग्रीकल्चर डेवलपमेंट÷ ए स्टडी बेस्ड ऑन बनाना 6केला8ग्रोवर्स ऑफ वैशाली डिस्ट्रिक्ट ऑफ बिहार÷—सामाजिक विकास और सरकारी कृषि योजनाओं को मजबूत बनाने में संचार की भूमिका को रेखांकित करता है। यह अध्ययन बिहार सरकार की केला उत्पादक नीतियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और केकेआर जैसी पहलों के लिए व्यावहारिक सुझाव देता है, जिससे ग्रामीण वैशाली के हजारों केला किसानों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

फैकल्टी ऑफ एप्लाइड सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज़ के डिपार्टमेंट ऑफ मास कम्युनिकेशन से पूर्ण यह शोध अकादमिक जगत में सराहनीय रहा। मार्गदर्शक डॉ. चंदन सिंह के नेतृत्व में तैयार इस कार्य का मूल्यांकन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के डॉ. श्रीकांत सिंह ने बाह्य परीक्षक के रूप में किया। डॉ. अर्पिता का यह शोध सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए सरकारी प्रयासों को संचार रणनीतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो वैशाली जैसे कृषि-प्रधान जिलों में केला किसानों की आय दोगुनी करने वाली योजनाओं को प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

डॉ. अर्पिता स्नेह का शैक्षणिक सफर प्रेरणादायक है। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से एम.फिल. (मीडिया स्टडीज़) और पीजी डिप्लोमा इन वेब कम्युनिकेशन प्राप्त करने वाली वे स्नातकोत्तर में यूनिवर्सिटी टॉपर और 12वीं में कॉलेज टॉपर रहीं। उनके 10 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हैं, जबकि 15+ सेमिनारों-सम्मेलनों में सक्रिय भागीदारी रही। राष्ट्रीय हिंदी-अंग्रेजी दैनिकों में नियमित स्तंभकार के रूप में वे सामाजिक, मीडिया और विकास विषयों पर लिखती हैं।

12 जनवरी 2026 को प्राप्त इस पीएचडी का श्रेय डॉ. अर्पिता अपनी माता डॉ. केकी कृष्ण और पिता डॉ. अवध किशोर सिंह को देती हैं। उनकी यह सफलता वैशाली जिले, परिवार और विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, जो युवाओं—खासकर छात्राओं—के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। समर्पण और परिश्रम से सरकारी योजनाओं को सामाजिक विकास से जोड़ने वाले लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है, यह संदेश देती उनकी उपलब्धि।

# प्रयागराज में रेडियो अड्डा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पूर्व विधायक उदय करवरिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि रेडियो अड्डा का यह कदम सराहनीय है जहां युवाओं को प्रोफेशनल रेडियो ट्रेनिंग के साथ रोजगार दिलाने में मददगार साबित होगा। आवाज की दुनिया में एक नई पहल जहां मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान दिया जाएगा।

रेडियो अड्डा के संस्थापक आरजे दिलीप सिंह ने कहा कि मुंबई, दिल्ली, पटना के बाद अब कुंभ नगरी में मजरसंक्रांति के पावन अवसर पर शुभारंभ हुआ और कहा कि रेडियो और आवाज की दुनिया में आने वाली नई प्रतिभाओं को रेडियो अड्डा मंच देगा। रेडियो अड्डा प्रयागराज के डायरेक्टर सिद्धांत केसरवानी और यश प्रताप सिंह ने मीडिया को बताया कि हम रेडियो अड्डा के इस विजन को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

प्रयागराज के सिविल लाइंस में 15 जनवरी 2026 को विधायक उदय भान कांवरिया जी द्वारा रेडियो अड्डा का उद्घाटन करके शुभारंभ किया गया। जिसमें अन्य अतिथि गढ़ जैसे लोकनाथ मिलन संग अध्यक्ष निखिल पांडे, सरस्वती हॉस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ प्रदीप सिंह, आकाशवाणी के उद्घोषक विवेक आनंद, रेडियो प्रोड्यूसर बृजेश राही, रशी कुमार बदोलिया, प्रयागराज विश्वविद्यालय मीडिया विभाग परिक्षित मिश्रा, फाउंडर वायस्प्रेड एंटरटेनमेंट, आरजे सचिन सिंह, दुर्गेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। विधायक उदय भान ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में रेडियो अड्डा इस शहर का पहला ऐसा प्लेटफार्म है जहां युवाओं के लिए रेडियो से संबंधित सुनने व सीखने के लिए बहुत कुछ है, आगामी शनिवार से यहाँ पे पहले वर्कशॉप के साथ सभी कोर्सेज, विभिन्न आरजे के शो और पॉडकास्ट भी प्रारंभ हो जाएंगे। आप सब भी अपनी आवाज को पहचान देने के लिए रेडियो अड्डा कोर्सेज ज्वाइन कर सकते हैं। रेडियो अड्डा की टैग लाइन है एंटरटेनमेंट का अड्डा। रेडियो अड्डा का ऑफिस/स्टूडियो गर्ल्स हाई स्कूल गेट नंबर 2 के सामने है।

# सोलर पंप के विस्तार एवं सोलर रूफ टॉप के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार समूह के सदस्य एवं एनर्जी एक्सपर्ट रविकांत मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सोलर पंप के लाभार्थियों एवं सोलर पंप प्रदाता वेंडर, विद्युत विभाग एवं यूपी नेडा के अधिकारियों के साथ सोलर पंप के विस्तार एवं सोलर रूफ टॉप के संबंध में संवाद किया।

उन्होंने पीएम कुसुम योजना अंतर्गत किसानों के यहां स्थापित सोलर पंप से हो रहे लाभ के संबंध में विस्तार पूर्वक वार्ता की। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित सोलर रूफ टॉप के लाभार्थियों से भी फीडबैक लिया। किसानों के बीच सोलर पंपों की घटती मांग के संबंध में उनके द्वारा जानकारी चाही गई, जिस पर उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली आपूर्ति, विद्युत चलित पंपों की अपेक्षा सोलर पंप से पानी कम डिस्चार्ज होना, छतो पर न लगाया जाना आदि प्रमुख कारण है। बैठक में उपस्थित लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से स्थापित सोलर से उनके बिजली के बिल में कमी आई है साथ ही स्थापित सोलर में किसी भी प्रकार का मेंटेनेंस नहीं है सूर्य की रोशनी से बिजली उत्पादित कर बिजली के बिल भी बचत कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि पीएम कुसुम योजना से स्थापित सोलर पंपों से जनपद की सिंचित क्षेत्र में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है अधिक अच्छादन हेतु जनपद में स्थापित सोलर पंपों का सदुपयोग फसलों उत्पादन में लाभकारी होगा जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ दलहनी फसलों की खेती से मृदा उर्वरता में भी वृद्धि होगी। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, उप कृषि निदेशक डॉ वीबी द्विवेदी, परियोजना प्रभारी नेडा, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता विधुत, पीएम कुसुम के वेंडर एवं पीएम सूर्य घर के वेंडर और लाभार्थी किसान आदि उपस्थित रहे। इसके बाद बक्सा क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी कृषक राम यश यादव के यहां स्थापित पीएम सूर्य घर एवं मुक्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित सोलर रूफ टॉप एवं पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित सिंचाई हेतु सोलर पंपों का स्थलीय सत्यापन कर किसानों से फीडबैक भी लिया गया। किसानों द्वारा बताया गया कि सोलर पम्प मरम्मत हेतु उत्तर दायित्व निर्धारित किया जाय तो इससे किसानों की रुचि बढ़ेगी एवं कृषि का सतत विकास होगा।

# चाइनीज मांझा बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- 2.5 किलो प्रतिबंधित धागा बरामद

**जौनपुर। (तेजीबाजार)** स्थानीय थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तेजीबाजार पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नायलॉन धागा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 15 जनवरी 2026 को थानाध्यक्ष तेजीबाजार सतेन्द्र भाई पटेल के निर्देशन में उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ कलिंजरा बाजार में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोनू पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ, निवासी दिलशादपुर थाना तेजीबाजार, को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध सिंथेटिक नायलॉन धागा कुल वजन करीब 2.5 किलोग्राम बरामद किया गया, जिसमें 18 बड़ी और 50 छोटी अंटी शामिल हैं। अभियुक्त को अपराह्न करीब 2 बजे गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना तेजीबाजार पर मु.अ.सं. 008/2026 अंतर्गत धारा 223बी, 293, 125 बीएनएस एवं 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सतेन्द्र भाई पटेल, उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह तथा हेड कांस्टेबल लवकुमार सिंह शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री या उपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# टैंकर व बाइक की टक्कर, दो की मौत

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुबारकपुर इण्डैन गैस एजेंसी के पास बुधवार को देर रात लगभग साढ़े दस बजे टैक्रर और बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। मुबारकपुर थाना क्षेत के ओझौली गांव निवासी सूरज जायसवाल (25) पुत्र शकर जायसवाल, बृजेश कन्नौजिया (23) पुत्र राजमन और सन्तविजय (22) पुत्र नरेश और सूरज शर्मा 23वर्ष पुत्र राम केवल शर्मा बुधवार सुबह दो बाइक से खिचड़ी लेकर म ऊ ग ए थे। खिचड़ी शांत रिश्तेदार के पहुंचाकर वापसी के समय मोहम्मदाबाद गोहना दोस्त की जन्म दिन पार्टी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। अभी इब्राहीमपुर पहुंचे थे कि उनकी बाइक आटो से टक्कर हो गई। सूरज जायसवाल का हाथ चोटिल हो गया। यहां से सूरज शर्मा ओझौली लौट गया।देर शाम तीनों युवक बाइक सूरज जायसवाल को उपचार कराने को मुबारकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे।जैसे ही उनकी बाइक इण्डेन गैस एजेंसी मुबारकपुर के पास पहुची थी कि तेज रफ्तार से आ रहा टैंकर से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सड़क पर जा गिरी और तीनों युवक सड़क पर छिटक गए। हादसे में सूरज जयसवाल और बृजेश कनौजिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सन्तविजय गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर में भर्ती कराया। । पुलिस मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोर्चरी हाउस जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक सूरज जायसवाल चार बहन में इकलौता था। बृजेश राजभर तीन भाइयों और दो बहनों में बीच का था। घटना से परिजनों के घर पर कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने में जुटी है।

# थाने में युवकों का हंगामा, मारपीट कर मोबाइल छीनने का आरोप

**प्रयागराज।** अतरसुइया थाने में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब थाने पहुंचे तीन युवकों ने थाने में तैनात ड्राइवर संजय पर गंभीर आरोप लगाए। युवकों का आरोप है कि सादे कपड़ों में मौजूद आरोपी ड्राइवर ने उनके एक साथी के साथ मारपीट की और मोबाइल फोन छीन लिया। घटना को लेकर थाने परिसर में जमकर हंगामा हुआ।

आरोप लगाने वाले युवकों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया है, जिसमें आरोपी ड्राइवर संजय से उनकी नोकझोंक होती साफ दिखाई दे रही है। वीडियो में मौके पर थाना प्रभारी राममूर्ति यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद नजर आ रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। युवकों का कहना था कि वे थाने में एक पीड़ित का मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे थे, लेकिन पिछले कई दिनों से थाने के चक्कर कटवाए जा रहे थे। इसी शिकायत को लेकर वे थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे थे।

# इंडियन आर्मी डे पर हुआ भूतपूर्व वरिष्ठ सैनिकों का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 17वीं बटालियन एनसीसी प्रयागराज से प्राप्त पत्र पत्र के अनुपालन में आज प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज, परिसर के एकेडमिक भवन ए में भारतीय सैन्य दिवस (इंडियन आर्मी डे) भव्य और वृहद स्वरूप में मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में सेवारत भूतपूर्व सैनिक तथा बाहर से भी भूतपूर्व लगभग 60 सैनिक आमंत्रित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन करके किया गया। तदुपरांत सभी सैनिकों से उनका परिचय प्राप्त कर पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.उत्कर्ष उपाध्याय ने सभा को मंच परिचय भी कराया.मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राजकुमार गुप्त ने पूर्व सैनिकों में भूतपूर्व सैनिकों क्रमशः विजय सिंह एवं अशोक पाल को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्रम तथा उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रो. गुप्त ने अपने वक्तव्य में सैनिक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सैनिकों की देश सेवा के प्रति निष्ठा को सराहा। सम्मानित वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिक विजय सिंह तथा अशोक पाल ने सेवा काल के अपने अनुभव को साझा किया तथा अपने देश सेवा भाव से परिचित कराया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में भूतपूर्व सैनिक कैप्टन आर पी पांडे ने अपने सेवाकाल के दौरान महत्वपूर्ण कार्यों को तथा चुनौतियों को साझा किया। श्री पांडे ने उपस्थित पूर्व सैनिकों तथा एनसीसी के कैडेट्स को अनुशासन की शिक्षा भी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति द्वारा किया गया. कुलपति ने राष्ट्र निर्माण में सैनिकों की योगदान को स्मरण किया तथा अपने संदेश में सैनिक दिवस की सबको शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। कुल सचिव एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनीता यादव जी ने प्रेषित अपने संदेश में पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने की इस परंपरा की प्रशंसा की।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ एसपी नगर व टीएसआई ने लगवाए सेफ्टी गार्ड

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से हो रही लगातार जानलेवा घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जौनपुर पुलिस ने इसके विरुद्ध व्यापक अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने यातायात पुलिस के साथ सद्भावना पुल पर विशेष चेकिंग एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके वाहनों पर गले व चेहरे की सुरक्षा के लिए सेफ्टी गार्ड (लोहे का सुरक्षा कवच) लगवाया गया। एसपी नगर ने स्वयं कई वाहनों पर यह सुरक्षा कवच लगवाकर लोगों को चाइनीज मांझे के खतरों से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा अब तक की कार्रवाई में विभिन्न स्थानों से करीब 280 किलोग्राम प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया गया है। यह कार्रवाई उन दुकानदारों के विरुद्ध की गई, जो चोरी-छिपे इस जानलेवा मांझे का व्यापार कर रहे थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री या भंडारण करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी नगर आयुष श्रीवास्तव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता केवल सूती धागे (सद्दी) का ही प्रयोग करे और यदि कहीं चाइनीज मांझे की बिक्री की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।इस अभियान में यातायात उपनिरीक्षक सुशील मिश्रा, यातायात पुलिस टीम सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# प्रधान संघ अध्यक्ष अमरेश यादव की मनी तीसरी पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** सपा विधायक अखिलेश यादव एवं प्रधान संघ सठियांव के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अमरेश यादव उर्फ बब्न की तीसरी पुण्यतिथि सठियांव में समारोह पूर्वक मनाई गई। मुबारकपुर क्षेत्रीय जनता ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ सपा विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि स्वर्गीय प्रधान अमरेश यादव पत्रकारिता जगत से जुड़े होने के साथ साथ मृदुभाषी मिलनसार गम्भीर व्यक्तित्व के धनी थे।अपनी नेतृत्व क्षमता के बदौलत गांव का दो बार प्रतिनिधित्व भी किये।साथ ही प्रधान संघ सठियांव के अध्यक्ष भी थे। आज ही दिन तीन वर्ष पूर्व उनका निधन हो गया। निधन हो जाने से विधायक अखिलेश यादव के अनुज छोटे भाई का सहारा चला गया। वही विधायक अखिलेश यादव नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज मेरे भाई के न होने का दुःख मैं अपने मुख से बयान नहीं कर सकता। आज उनकी यादे मेरे ग़म को और ताजा कर देती है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कमला यादव पूर्व विधायक श्याम बहादुर यादव, डाक्टर आरपी सिंह, शेखर सिंह, प्रधान हाजी जमाल, राजू यादव, हेमंत यादव, सहनवाज, सर्फाराज, बृजभूषण सिंह सिसोदिया, दीपचंद विशारद, संतोष यादव आदि लोग विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महाराणा प्रताप सेना की तैयारी बैठक सम्पन्न, सौंपी गई जिम्मेदारियां

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** महाराणा प्रताप सेना की तैयारी बैठक गुरूवार को ठंडी सड़क स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमे महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर 18 जनवरी 2026 को हरिऔध कला केंद्र के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम के सफलता के बावत पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि 18 जनवरी 2026 रविवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन पराक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर हल्दी घाटी की मिट्टी से सबका तिलक सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कारागार विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान, परिवहन विभाग के मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी विजय बहादुर पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्र, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् के संगठन मंत्री डा के. एन. पाण्डेय व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमाण्डर कुमार राजीव रंजन की मौजूद रहेंगे। अतिथियों की उपस्थिति में कारगिल शहीद आश्रित वीर नारियों सहित भूतपूर्व सैनिकों का सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भारत माता के वीरपुत्र शौर्य, स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप पर प्रथम शोधकर्ता प्रोफेसर चन्द्रशेखर शर्मा आचार्य एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग उदयपुर राजस्थान की गरिमामयी उपस्थिति होगी। साथ ही सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता शत्रुध्न सिंह द्वारा किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने सभी से सम्मेलन

# संगम नगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध
- शाम 4 बजे तक लगाई लगभग 91 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम नगरी में माघ मेला के दूसरे प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति पर आज संगम तट पर श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। यह आस्था का विराट समागम है, जहां साधु-संत, कल्पवासी और आम श्रद्धालु एक साथ संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगा रहे हैं। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रशासन के अनुसार शाम बजे तक संगम तट पर 91 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। यह अनुमान है कि मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त दिन भर चलने के कारण शाम तक यह संख्या एक करोड़ को पार कर सकती है।

मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु मकर संक्रांति पर त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं। शाम तक करीब एक करोड़ तक आंकड़ा पहुंचने का अनुमान लगाया गाय है। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम हैं। एटीएस की नजर पूरे मेले पर है। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

मकर संक्रांति पर मेला प्रशासन ने एक से डेढ़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान जताया है। इसके 24 स्नान घाटों पर इंतजाम किया गया है। इसके अलावा हाईटेक रिस्पांस प्लान लागू कर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नदी की धारा में परिवर्तन के कारण घाटों में आंशिक संशोधन भी किया गया है।

एसपी माघ मेला नीरज पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रांति का स्नान कल भी काफी लोगों ने किया था। करीब 85 लाख लोगों ने स्नान किया था। आज भी सुबह से काफी भीड़ चल रही है। इसको देखते हुए काफी सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। कोहरा भी काफी बढ़ गया है जिसको देखते हुए पुलिस की गश्त बढ़ाई गई है ताकि कोई रास्ता न भटके। सतत निगरानी की जा रही है। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्नान घाटों से लेकर पूरे मेला परिसर में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 12 कंपनी पीएसी, सात कंपनी बाढ़ राहत पीएसी, एनडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ, एंटी माइंस की एक-एक कंपनी, एटीएस की दो टीमें, बीडीडीएस की छह, एएस चेक की दस टीमें, आरएएफ की छह कंपनी, और यूपी 112 के 20 चार पहिया व 25 दो पहिया वाहनों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, एक एसपी, आठ एएसपी, 17 सीओ, 6169 दरोगा, सिपाही और 1,000 रिक्रूट आरक्षियों की भी तैनाती की गई है।

# संगम तट से लेकर चौराहों तक सेवा का महाअभियान

- अपराध निरोधक समिति के सैकड़ों स्वयंसेवक रहे तैनात

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित विश्वविख्यात एवं ऐतिहासिक माघ मेला के अंतर्गत आज मकर संक्रांति के पर्व पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, लखनऊ शाखा प्रयागराज द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा, सहयोग एवं सुरक्षा के लिए व्यापक स्तर पर सेवा अभियान संचालित किया गया।

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव एवं सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में तथा पुलिस कमिश्नर प्रयागराज, जिलाधिकारी प्रयागराज व पुलिस अधीक्षक माघ मेला के मार्गदर्शन में समिति के पदाधिकारी, तहसील सचिव, थाना कमेटी प्रभारी, वार्ड अधिकारी, यूथ टीम, महिला टीम एवं अधीनस्थ स्वयंसेवक आज प्रातः तीन बजे से ही मेला क्षेत्र में सक्रिय हो गए थे। स्वयंसेवकों को मेला प्रशासन द्वारा निर्धारित समस्त स्नान घाटों, प्रमुख चौराहों, संगम क्षेत्र, वीआईपी घाट, प्रशासनिक मार्गों, प्रवेश एवं निकास प्वाइंट्स पर तैनात किया गया, जहाँ वे समिति के निर्धारित ड्रेस कोड एवं अधिकृत परिचय पत्र के साथ पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहे।

सेवा कार्यों में प्रमुख रूप से तहसील सचिव दिग्विजय सिंह (कोरांव), थाना कमेटी प्रभारी खीरी डॉ. सुभाष चंद्र, थाना कमेटी प्रभारी मेजा मोहम्मद आफताब, नोडल प्रभारी गंगापार अंकित सिंह, वार्ड अधिकारी नैनी रामबाबू सिंह, यूथ टीम प्रभारी यमुनानगर मनीष विश्वकर्मा, समस्त थाना कमेटी प्रभारी आदि अपने-अपने अधीनस्थ टीमों के साथ सेवा कार्य में पूर्ण सक्रियता के साथ लगे रहे। सेवा कार्यों से संतुष्ट होकर पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पांडेय (आईपीएस), अपर सहायक मेला अधिकारी (पुलिस) विजय आनंद, क्षेत्राधिकारी परेड जगदीश कालीरमन एवं नैनी-अरैल क्षेत्राधिकारी द्वारा समिति के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की खुले मंच से प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया तथा आगामी प्रमुख स्नान पर्वों में इसी प्रकार अनुशासित एवं संगठित सेवा देने हेतु प्रोत्साहित किया। अंत में समिति के सचिव संतोष कुमार ने मकर संक्रांति पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त पदाधिकारियों, अधीनस्थ टीमों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर और अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

मकर संक्रांति पर्व में आने वाले श्रद्धालुओं को समिति एवं जर्मन रेमेडीज जय मां होमियो फार्मेसी प्रयागराज के सौजन्य से हजारों मरीजों को डॉ संतोष कुमार यादव, डॉ अनिल सिंह, डॉ दीपा यादव, डॉ सुनील पटेल, प्रिंस नितेश ने फ्री चेकअप करके निशुल्क दवा प्रदान किया। साथ ही समिति के द्वारा खिचड़ी का भी वितरण कराया गया जिसे श्रद्धालुओं ने ग्रहण करके समिति और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## टैलीप्राइम 7.0 लॉन्चः एमएसएमई के लिए डिजिटल कामकाज और कनेक्टिविटी हुई और भी सहज




**गाजियाबाद।** भारत की अग्रणी बिज़नेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने टैलीप्राइम 7.0 के लॉन्च की घोषणा की। यह लॉन्च टैलीप्राइम प्लेटफॉर्म के पाँच वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। शुरुआत से ही टैलीप्राइम का उद्देश्य एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए डिजिटलीकरण को सरल, भरोसेमंद और व्यावहारिक बनाना रहा है। टैलीप्राइम 7.0 इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए गहरे इंटीग्रेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन और मज़बूत डेटा सुरक्षा के साथ व्यवसायों को एक अधिक जुड़ा हुआ और सहज अनुभव प्रदान करता है। इस अवसर पर टैली सॉल्यूशन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर तेजस गोयनका ने कहा, पिछले पाँच वर्षों में टैलीप्राइम ने बैंकिंग, अनुपालन और रोज़मर्रा के संचालन को बेहतर बनाने के लिए लगातार अपनी कनेक्टेड क्षमताओं का विस्तार किया है। टैलीप्राइम 7.0 इसी यात्रा का अगला स्वाभाविक कदम है, जिसमें स्मार्ट ऑटोमेशन, गहरे इंटीग्रेशन और बेहतर प्राइवेसी फीचर्स शामिल हैं। हमारा मानना है कि आज के व्यवसायों को जटिलता नहीं, बल्कि सरल और जुड़े हुए डिजिटल समाधान चाहिए। यह लॉन्च उसी इकोसिस्टम को और मज़बूत बनाता है जिसे हम वर्षों से विकसित कर रहे हैं।÷पिछले कुछ वर्षों में टैलीप्राइम ने ई-इनवॉइस, ई-वे बिल, जीएसटी अनुपालन और रोज़मर्रा के वित्तीय कार्यों में कारोबारियों का भरोसेमंद साथी बनकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कनेक्टेड बैंकिंग और टैलीप्राइम क्लाउड एक्सेस जैसी सुविधाओं ने व्यवसायों को कहीं से भी सुरक्षित तरीके से काम करने की स्वतंत्रता दी है। टैलीप्राइम 7.0 इस ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को और मजबूत करता है। यह उन तीन मूलभूत आवश्यकताओं को सशक्त करता है जिन पर एमएसएमई रोज़ाना निर्भर रहते हैं—काम की निरंतरता, स्पष्टता और नियंत्रण। एसबीआई और एक्सिस बैंक के साथ बेहतर इंटीग्रेशन के ज़रिए अब व्यवसाय सीधे टैलीप्राइम के भीतर भुगतान कर सकते हैं, रियल-टाइम बैलेंस और स्टेटमेंट देख सकते हैं तथा तुरंत बैंक रिकन्सिलिएशन कर सकते हैं। इससे रोज़मर्रा के वित्तीय कार्य अधिक तेज़, पारदर्शी और भरोसेमंद बनते हैं। एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड के सहयोग से विकसित भारत कनेक्ट फॉर बिजनेस के माध्यम से खरीदार और विक्रेता के बीच इनवॉइस और भुगतान अपने-आप जुड़ जाते हैं।

## कोटक सॉलिटेयर ने की लखनऊ के उभरते उद्यमियों को आगे बढ़ाने की पहल

**लखनऊ।** कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने प्रीमियम बैंकिंग प्रोग्राम कोटक सॉलिटेयर के ज़रिये लखनऊ के महत्वाकांक्षी उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पहल उत्तर प्रदेश के इस तेज़ी से बढ़ते बिज़नेस हब में समृद्ध वर्ग की बैंकिंग ज़रूरतों को नए मानक देने का प्रयास है। कोटक सॉलिटेयर को उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जिनकी मेहनत, सोच और उद्यमशीलता नए भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ा रही है। लेकिन जो अब तक पारंपरिक और एक-जैसी बैंकिंग सेवाओं से खुद को असंतुष्ट महसूस करते रहे हैं। कोटक सॉलिटेयर में शामिल होने के लिए परिवार का कुल रिलेशनशिप वैल्यू1 करोड़ रूपये या उससे अधिक होना आवश्यक है, जिसमें बैंक जमा, लोन, निवेश, बीमा और डीमैट होल्डिंग्स शामिल हैं। यह प्रोग्राम विशेषाधिकारों के साथ-साथ व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान प्रदान करता है। चिकनकारी निर्यात से जुड़े कारोबारियों से लेकर ऐशबाग के फर्नीचर निर्माता, अमीनाबाद के पैकेज्ड फूड उद्यमी और गोमती नगर के डिजिटल-फर्स्ट सर्विस प्रोवाइडर्स तक—लखनऊ आज आत्मनिर्भर और स्वनिर्मित सफलता की कहानियों का केंद्र बनता जा रहा है। कोटक सॉलिटेयर ऐसे ही उद्यमियों के लिए बनाया गया है, जो मेट्रो शहरों से आगे निकलकर अपने व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाना चाहते हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के डिस्ट्रीब्यूशन प्रमुख प्रणव मिश्रा ने कहा, ÷लखनऊ के उद्यमी शहर की पहचान को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं—परंपरा से जुड़े व्यवसायों से लेकर आधुनिक, पैन-इंडिया उद्यमों तक। कोटक सॉलिटेयर उनकी मेहनत, जज़्बे और सफलता को हमारा सम्मान है। कोटक के शोध में सामने आया है कि स्व-रोज़गार करने वाले ग्राहक अक्सर पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं से संतुष्ट नहीं होते और उनसे कहीं अधिक की अपेक्षा रखते हैं।

कोटक सॉलिटेयर को उद्यमियों के वास्तविक अनुभवों और ज़रूरतों को गहराई से समझते हुए तैयार किया गया है, खासकर मेट्रो शहरों से बाहर के उभरते बाज़ारों को ध्यान में रखकर। स्व-रोज़गार करने वाले ग्राहकों को, अच्छा कारोबार और लेन-देन होने के बावजूद, अक्सर बैंकिंग सेवाओं में तालमेल की कमी, कड़ी लोन शर्तों और पर्याप्त पहचान न मिलने जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## सोनालीका ट्रैक्टरः 'जीतने का दम' के 30 वर्ष - दूरदृष्टि, साहस और प्रतिबद्धता से निर्मित एक विरासत



**लखनऊ।** भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसे दूरदर्शी लीडर्स का मार्गदर्शन मिला है, जिनकी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने उद्योगों को रूपांतरित किया है और भारतीय उत्कृष्टता को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। सोनालीका ट्रैक्टर्स इसी भावना का सशक्त आधुनिक प्रतीक है और ब्रांड किसानों के साथ साझेदारी के 30 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है, जो जीतने का दम के अटूट विश्वास से प्रेरित है। सोनालीका की तीन दशकों की उल्लेखनीय यात्रा एक असंभव भारतीय सफलता की कहानी है - जिसकी शुरुआत होशियारपुर जैसे छोटे शहर से हुई और यह 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध ट्रैक्टर बिज़नेस में तब्दील हो गई। आज सोनालीका को भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की फॉर्च्यून 500 सूची में भी स्थान प्राप्त है। साथ ही, सोनालीका भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, भारत में तीसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता और वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा ट्रैक्टर ब्रांड है।

सोनालीका की कहानी एक परिवार के नेतृत्व वाली सोच है जो एक सरल लेकिन दमदार विश्वास पर आधारित हैः भारतीय किसानों को और अधिक मिलना चाहिए - अधिक ताक़त, अधिक विश्वसनीयता, अधिक सम्मान और भारतीय परिस्थितियों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई तकनीक। एल आई सी से रिटायर होने के बाद, जब अधिकांश लोग आराम करना पसंद करते हैं, श्री एल. डी. मित्तल ने आगे बढ़ने का विकल्प चुना। भारत की कृषि क्षमता में उनका दृढ़ विश्वास उनके पुत्रों, डॉ. ए. एस. मित्तल और डॉ. दीपक मित्तल में भी झलकता था। उन्होंने मिलकर सोनालीका की नींव रखी - जो बोर्डरूम से परे, खेतों, कार्यशालाओं और किसानों की वास्तविकताओं के अनुसार बनी। यह यात्रा कृषि इम्प्लीमेंट से शुरू हुई, जहां सोनालीका के थ्रेशर ने भरोसे और प्रदर्शन को नई परिभाषा दी। किसानों ने विश्वास जताया और जल्द ही उसी दमदार ताक़त से निर्मित ट्रैक्टरों की मांग करने लगे।

1996 में, जब ट्रैक्टर उद्योग में एकरूपता का बोलबाला था, तब सोनालीका ने एक अलग राह चुनी। उन्नत आर एंड डी केंद्रों की कमी के बावजूद, कंपनी ने एक साहसिक संकल्प लिया÷ ट्रैक्टरों को भारत की विविध फसलों, मिट्टी और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाएगा।

## तनिष्क का नया चेहरा अनन्या पांडे के साथ सेलिब्रेट करें फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा तनिष्क ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया चेहरा बनाने की घोषणा की है। यह तनिष्क के आधुनिकता और आत्मविश्वास की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक है। अनन्या का ब्रांड के साथ जुड़ना तनिष्क के ज्वेलरी पोर्टफोलियो को दर्शाने के साथ-साथ, आधुनिकता, आत्म-अभिव्यक्ति और प्रासंगिकता पर तनिष्क के बढ़ते फोकस को दर्शाता है। यह साझेदारी आज की आत्मविश्वासी, स्टाइलिश महिलाओं के साथ तनिष्क के गहरे जुड़ाव को भी मजबूत करती है। इस नई साझेदारी के साथ तनिष्क ने अपने बहुप्रतीक्षित फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स की फिर से भव्य शुरूआत की है। तनिष्क का फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स प्राकृतिक हीरों के आभूषणों का साल का सबसे बड़ा उत्सव है। बीते कुछ वर्षों में, यह फेस्टिवल ग्राहकों के लिए तनिष्क के हीरों की अनोखी दुनिया को जानने का एक खास मौका बन गया है। यहाँ आपको रोज़ पहनने वाले आधुनिक गहनों से लेकर किसी बड़े फंक्शन के लिए शानदार डिज़ाइन्स तक, सब कुछ मिलेगा। इस साल %फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स आधुनिक और स्टाइलिश, रोज़ाना पहने जाने वाले हीरे के आभूषणों में अपनी बादशाहत को फिर से साबित करता है, जो खास तौर पर आज की आत्मविश्वासी महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। तनिष्क अपने फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स में 10,000 से भी ज़्यादा डायमंड डिज़ाइन पेश कर रहा है। यह रोज़ाना पहने जाने वाले डायमंड ज्वेलरी का सबसे बड़ा और शानदार कलेक्शन है। इसमें कई श्रेणियों में ढेरों विकल्प मौजूद हैं, जैसे÷ कानों के लिए÷ ईयररिंग्स, ईयरकफ्स, सुई-धागा, ड्रॉप्स, हूप्स और स्टड्स, साथ ही अंगूठियां, नेकवियर, चूड़ियां और ब्रेसलेट्स जैसे कई अन्य आभूषण भी हैं।


मात्र ?10,000 से शुरू होने वाले डिज़ाइन और डायमंड वैल्यू पर फ्लैट 20त्र की छूट के साथ, तनिष्क असली हीरो को हर किसी तक पहुँचाना चाहता है, वह भी क्वालिटी और भरोसे से समझौता किए बिना। यह मौका उन लोगों के लिए बेहतरीन है जो पहली बार हीरा खरीद रहे हैं, या जो शानदार कलेक्शन के शौकीन हैं और अपनी रोज़ाना की स्टाइल में चमक जोड़ना चाहते हैं। तनिष्क और अनन्या पांडे लेकर आए हैं नया %फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स कैम्पेन, जो आपके भीतर की मासूम मुस्कान और आज़ादी को सेलिब्रेट करता है।

## निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के समर्थन के लिए शुरू की पिंक (पीरियड) लीव



**लखनऊ।** एक समावेशी और सहानुभूतिपूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पिंक (पीरियड) लीव पॉलिसी की शुरुआत की घोषणा की है- जिसके साथ वह भारत की उन पहली स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने पूरे भारत में अपने सभी कर्मचारियों के लिए ऐसी पहल शुरू की है। यह प्रगतिशील पहल महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और सभी कर्मचारियों के लिए एक सहायक वातावरण बनाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है।पॉलिसी के अनुसार, निवा बूपा में सभी महिला कर्मचारी प्रति माह एक दिन की पिंक लीव के लिए एलिजिबल होंगी, जिसे पीरियड से जुड़ी असहजताओं जैसे क्रेम्प्स, माइग्रेन, जी घबराना और थकान को संभालने में सहायता के लिए तैयार किया गया है। पिंक लीव का एक दिन प्रत्येक माह की शुरुआत में क्रेडिट किया जाएगा, और जो अवकाश उपयोग में नहीं लाया जाएगा वह माह के अंत में समाप्त हो जाएगा। कर्मचारी स्टैंडर्ड लीव एप्लीकेशन सिस्टम के माध्यम से ÷पिंक लीव÷ श्रेणी का चयन करके इस अवकाश का आसानी से लाभ उठा सकती हैं। पॉलिसी की शुरुआत पर बोलते हुए, *निवा बूपा के डायरेक्टर, चीफ सस्टेनेबिलिटी एवं एचआर ऑफिसर तरुण कात्याल* ने

## स्काईस्कैनर ने 2026 के लिए सस्ता घूमने का स्मार्ट तरीका पेश किया




**नई दिल्ली।** अग्रणी ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने साल 2026 में यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया 'चीपेस्ट डेस्टिनेशन प्लानर' लॉन्च किया है। यह टूल यात्रियों को हर महीने घूमने के लिए सबसे सस्ते स्थान और उड़ान भरने के सबसे किफायती दिन खोजने में मदद करता है। स्काईस्कैनर के अनुसार, 2026 में 84त्र भारतीय अंतरराष्ट्रीय यात्रा करना चाहते हैं, लेकिन अनिश्चित किराए और कई विकल्पों के कारण 81त्र यात्री बुकिंग को लेकर भ्रमित हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नया प्लानर पेश किया गया है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्काईस्कैनर के ट्रैवल एक्सपर्ट नील घोष ने बताया कि जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में ट्रैवल सर्च पिछले साल की तुलना में 25त्र अधिक रहे। उन्होंने कहा कि नया टूल यात्रियों को माहवार तुलना, औसत किराया और सबसे सस्ते यात्रा दिन दिखाकर आत्मविश्वास के साथ ट्रिप प्लान करने में मदद करेगा। स्टडी में यह भी सामने आया कि बुधवार 2026 में उड़ान के लिए सबसे सस्ता दिन हो सकता है। साथ ही, स्काईस्कैनर ने ऐसे 10 सबसे सस्ते डेस्टिनेशन भी चिन्हित किए हैं, जहां औसत रिटर्न फ्लाइट किराया 10,000 रुपये से कम से शुरू होता है। स्काईस्कैनर के ब्रांड एम्बेसडर सूर्यकुमार 'स्काई' यादव ने कहा कि स्मार्ट प्लानिंग से यात्रा का पूरा आनंद लिया जा सकता है।

## सॉल्व फॉर टुमौरो 2025: एआई के ज़रिये स्वास्थ्य, स्वच्छता और वेलबीइंग को नई दिशा दे रहे हैं युवा इनोवेटर्स

**लखनऊ।** हेल्थकेयर में टेक्नोलॉजी अब केवल भविष्य की बात नहीं रह गई है—यह आज ही डायग्नोस्टिक्स (जांच), देखभाल और मरीजों के जीवन की गरिमा को नया रूप दे रही है। इसी बदलाव को दर्शाते हुए सैमसंग के फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमौरो (एसएफटी-स्न्नज्ञ) 2025' ने, आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर, देशभर के हज़ारों छात्रों को एक चुनौती दी। विषय था– ÷स्वास्थ्य, स्वच्छता और वेलबीइंग का भविष्य÷, जिसके तहत उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित और इंसान को केंद्र में रखने वाले समाधान तैयार करने थे। असली चुनौतियों, ज़मीनी समाधान छात्रों को ऐसे हेल्थ-टेक समाधान बनाने के लिए आमंत्रित किया गया जो सुलभ और किफायती हों।

## लालो कृष्ण सदा सहायते' ने लखनऊ में दर्ज की शानदार मौजूदगी



**लखनऊ।** जब अतीत के बोझ से दबा एक व्यक्ति आस्था में अपना मार्गदर्शक पाता है, तब जन्म लेती है एक असाधारण कहानी। गुजराती बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सफलता दर्ज करने के बाद लालो - कृष्णा सदा सहायते अब देशभर में हिंदी दर्शकों के बीच अपनी छाप छोड़ रही है। इसी कड़ी में फिल्म के अभिनेता श्रुहद गोस्वामी, करन जोशी निर्देशक अंकित सखिया फिल्म के प्रचार के लिए नवाबों के शहर लखनऊ पहुँचे। यह फिल्म मैनिफेस्ट फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत की गई है इसके निर्माता हैं पडारिया और जय व्यास साथ ही फ़िल्म में कलाकार के रूप में, रीवा रच्छ, श्रुहद गोस्वामी, करण जोशी, निर्देशक अंकित सखिया मौजूद हैं.लखनऊ प्रवास के दौरान कलाकारों ने शहर की मशहूर लखनवी चाट और चाय का स्वाद लिया तथा वेव मॉल में प्रशंसकों से मुलाकात की। प्रशंसकों के उत्साह और प्रेम से अभिभूत कलाकारों ने इस अनुभव को बेहद खास बताया। लखनऊ ने तो मेरा दिल जीत लिया है—यहाँ की गर्मजोशी, स्वादिष्ट चाट और अनगिनत कप चाय। वेव मॉल में हमारे प्रशंसकों से मिलना बेहद खास रहा, जिन्होंने पूरे दिल से हमारी फिल्म देखी और अपार प्रेम दिया। लखनऊ की मेहमाननवाज़ी बेमिसाल है—खाने से लेकर लोगों तक, सब कुछ अपनापन देता है। वेव मॉल में दर्शकों से मिला प्यार अविस्मरणीय है। मैं फिर यहाँ आने के लिए उत्सुक हूँ। लखनऊ ने हमें खुले दिल से अपनाया—शानदार भोजन, अद्भुत अपनापन और ढेर सारा स्नेह। वेव मॉल में दर्शकों को फिल्म से जुड़ते देखना हमारे इस सफर को और भी सार्थक बना गया। 'लालो - कृष्ण सदा सहायते' की आत्मा है लालो—एक साधारण पारिवारिक व्यक्ति और रिक्शा चालक, जो जीवन की कठिनाइयों और अपने अतीत की छाया से जूझ रहा है। परिस्थितियाँ उसके नियंत्रण से बाहर जाती दिखती हैं और उसका संसार भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर बिखरने लगता है। तभी जीवन एक अप्रत्याशित मोड़ लेता है, जब उसका सामना दैवीय शक्ति से होता है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने वॉलमार्ट वृद्धि के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



**लखनऊ।** एमएसएमई के विकास और ई-कॉमर्स निर्यात में उत्तर प्रदेश की अग्रणी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने वॉलमार्ट वृद्धि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। राज्य सरकार ने अपने निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से भारत में वॉलमार्ट के क्रियान्वयन सहयोगी 'आइडियाज टू इम्पैक्ट' फाउंडेशन के साथ पिछले हफ्ते इस एमओयू पर हस्ताक्षर किया। भारत सरकार के 'लोकल से ग्लोबल' मिशन के तहत किए गए इस गठजोड़ को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे उन्हें विकास करने, अपने प्रोडक्ट्स को बढ़ाने, डिजिटल होने और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सक्रिय होने में मदद मिलेगी। यहां उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। इस साझेदारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश में एमएसएमई को फ्लिपकार्ट एवं वॉलमार्ट मार्केटप्लेस पर ऑनबोर्ड करने के लिए मदद प्रदान की जाएगी। वॉलमार्ट इंटरनेशनल के सप्लायर डेवलपमेंट, सोर्सिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा उत्तर प्रदेश भारत के कुछ सबसे डायनामिक और एंटरप्रेन्योरियल एमएसएमई का हब है। यहां न सिर्फ राज्य में विकास में योगदान देने की, बल्कि राष्ट्रीय एवं वैश्विक सप्लाई चेन को ताकत देने की भी हमारे लिए व्यापक संभावनाएं हैं।

वॉलमार्ट वृद्धि के जरिये हम उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी करते हुए स्थानीय कारोबारियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं समर्थन प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। इससे उन्हें अपनी क्षमताओं को मज़बूत करने, डिजिटल टूल्स को अपनाने और बाजार में नए अवसर बनाने में मदद मिलेगी।

## नई राइड, नया अंदाज़.पेश है बिल्कुल नया चेतक C25



**लखनऊ।** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज बिल्कुल नए चेतक C25 के लॉन्च की घोषणा की। चेतक पोर्टफोलियो में शामिल यह स्टाइलिश, स्लीक और यंग एडिशन रोज़मर्रा की आसान आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है। C25 ब्रांड को एक यंग और कूल पहचान देता है, जबकि इसकी बुनियाद चेतक के उसी डीएनए पर टिकी है जो मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का प्रतीक रहा है। हल्का और सहज राइडिंग फील देने वाला चेतक C25 हर दिन की सवारी को आसान और स्वाभाविक बनाता है। व्यस्त शहर की सड़कों पर आसानी और स्टाइल के साथ चलने के लिए बनाया गया चेतक C25 बदलती शहरी जीवनशैली की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्लास्टिक और फाइबर से बने स्कूटरों से भरे इस बाज़ार में चेतक ने परिवारों, युवाओं, महिलाओं और युवा कपल्स सहित हर वर्ग के ग्राहकों के बीच अपनी मजबूत जगह बनाई है, जो इसकी मजबूत बनावट, भरोसेमंद राइड फील और टिकाऊपन को पसंद करते हैं।

## अमेज़न गणतंत्र दिवस सेलः सेन्हाइज़र प्रीमियम ऑडियो पर 50 प्रतिशत तक की छूट दे रहा



**नई दिल्ली।** सेन्हाइज़र, ऑडियो टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर, गणतंत्र दिवस सेल 2026 के दौरान अपने प्रीमियम प्रोडक्ट रेंज पर ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर्स की घोषणा कर रहा है, जो 16 जनवरी से सभी ग्राहकों के लिए शुरू हो रही है, जिसमें प्राइम और नॉन-प्राइम सदस्य शामिल हैं। प्राइम सदस्यों को 15 जनवरी की आधी रात से सेल के लिए अर्ली एक्सेस का मौका भी मिलेगा। ग्राहक सेन्हाइज़र के टॉप प्रोडक्ट्स पर 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई और चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त छूट का भी फायदा उठा सकते हैं। ये ऑफर्स कई तरह के प्रोडक्ट्स पर हैं, जिनमें प्रोफ़ाइल वायरलेस माइक्रोफ़ोन, एमडी 421 कोम्पेक्ट, न्यूमैन टीएलएम 102, एचडी 630VB, मोमेंटम 4 वायरलेस हेडफ़ोन और मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 ईयरबड्स शामिल हैं, जिन पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। सेन्हाइज़र प्रोफ़ाइल वायरलेस के साथ अपने कंटेंट को अगले लेवल पर ले जाएं, यह एक कॉम्पैक्ट, ऑल-इन-वन, दो-चैनल वायरलेस माइक्रोफ़ोन सिस्टम है जिसे चलते-फिरते क्रिएटर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 2.4 गीगाहर्ट्ज़ डुअल-चैनल रिसीवर, दो क्लिप-ऑन माइक्रोफ़ोन और एक अल्ट्रा-पोर्टेबल चार्जिंग बार है जो हैंडहेल्ड इंटरव्यू माइक्रोफ़ोन के रूप में भी काम करता है, यह कम सेटअप के साथ प्रोफेशनल-ग्रेड ऑडियो देता सेन्हाइज़र के पहले पैरामीट्रिक इक्वलाइज़र और क्रॉसफ़ीड टेक्नोलॉजी के साथ बेहतर साउंड कस्टमाइज़ेशन का आनंद लें, जो स्पीकर जैसा सुनने का अनुभव देता है। यूएसबी-सी और ब्लूटूथ पर 24-बिट/96 किलोहर्ट्ज़ तक हाई-रेस ऑडियो को सपोर्ट करने वाला एचडी 630, 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ देता है, जिसमें 10 मिनट की रैपिड चार्जिंग से 7 घंटे तक का प्लेबैक मिलता है। भरोसेमंद मोमेंटम 4 फ्रेम पर बना यह हेडफ़ोन पूरे दिन आराम और प्रीमियम परफॉर्मेंस देता है।

अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान 44,990 में उपलब्ध है, साथ ही चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त ऑफर्स भी हैं। खरीदने के लिए यहां क्लिक करें। मुश्किल स्टूडियो और लाइव माहौल के लिए डिज़ाइन किया गया, सेनहाइज़र स्ड्ढ 421 कॉम्पैक्ट, आइकॉनिक स्ड्ढ 421 साउंड को ज़्यादा कॉम्पैक्ट और वर्सेटाइल रूप में लाता है। इसका कार्डियोइड पिकअप पैटर्न, वाइड डायनामिक रेंज, और बहुत ज़्यादा साउंड प्रेशर लेवल को संभालने की क्षमता, मज़बूत जर्मन इंजीनियरिंग के साथ, वोकल्स और इंस्ट्रूमेंट्स में साफ़ और डिटेल्ड ऑडियो सुनिश्चित करती है। फ्लैगशिप मोमेंटम 4 वायरलेस हेडफ़ोन के साथ सेनहाइज़र के सिग्नेचर साउंड का अनुभव करें। सटीक 42 एमएम ट्रांसड्यूसर द्वारा संचालित, ये रिच डिटेल और इमर्सिव ऑडियो देते हैं। फीचर्स में एडेप्टिव नॉइज़ कैंसलेशन, ट्रांसपेरेंसी मोड, और 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ शामिल है, ये सभी हल्के और एर्गोनॉमिक डिज़ाइन में अल्ट्रा-सॉफ्ट ईयर कुशन के साथ आते हैं। ऑटो ऑन और ऑफ, स्मार्ट पॉज़, और स्मार्ट कंट्रोल ऐप के ज़रिए साउंड कस्टमाइज़ेशन जैसी अतिरिक्त सुविधाएं पूरे दिन आसानी से सुनने का अनुभव सुनिश्चित करती हैं।

23,990 में उपलब्ध, अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त ऑफ़र के साथ। ग्राहकों को खरीद पर एक मुफ़्त बीटीडी 600 ब्लूटूथ डोंगल भी मिलता है। खरीदने के लिए यहां here क्लिक करें। जर्मनी में इंजीनियर किए गए एक कॉम्पैक्ट लार्ज-डायाफ्राम कंडेंसर माइक्रोफ़ोन, न्यूमैन टीएलएम 102 के साथ घर पर रियल स्टूडियो-क्वालिटी साउंड लाएं। अपने बैलेंस्ड साउंड, सिल्की हाई फ्रीक्वेंसी, शक्तिशाली लो-एंड रिस्पॉन्स, और असाधारण रूप से कम सेल्फ-नॉइज़ के लिए मशहूर, यह हाई साउंड प्रेशर लेवल को आसानी से संभालता है। यह इसे घर और प्रोजेक्ट स्टूडियो में वोकल्स और इंस्ट्रूमेंट्स रिकॉर्ड करने के लिए एक भरोसेमंद विकल्प बनाता है।

मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 ईयरबड्स लॉसलेस ऑडियो परफॉर्मेंस, सेनहाइज़र के खास साउंड सिग्नेचर, और फ्यूचर रेडी टेक्नोलॉजी को मिलाते हैं। ट्रू रिस्पांस ट्रांसड्यूसर सिस्टम के ज़रिए हाई-फिडेलिटी 24-बिट/96 किलोहर्ट्ज ऑडियो देते हुए, इनमें एडेप्टिव नॉइज़ कैंसलेशन, ट्रांसपेरेंसी मोड, और स्मार्ट कंट्रोल ऐप के ज़रिए पर्सनलाइज़्ड साउंड ट्यूनिंग की सुविधा है। पूरे दिन आराम के लिए डिज़ाइन किए गए, ये कुल 30 घंटे तक का प्लेबैक, क्यूआई वायरलेस चार्जिंग, स्मूद टच कंट्रोल और छह-माइक्रोफ़ोन सिस्टम द्वारा सक्षम क्रिस्टल-क्लियर कॉल प्रदान करते हैं।

अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त ऑफ़र के साथ ?18,990 में उपलब्ध है।

## यूनिटी मॉल परियोजना आर्द्रभूमि क्षेत्र में नहीं है, इसे सब तरह की मंजूरी प्राप्त हैः गोवा सरकार

**नई दिल्ली।** गोवा सरकार ने मंगलवार को कहा कि चिंबेल में प्रस्तावित यूनिटी मॉल परियोजना अधिसूचित आर्द्रभूमि संरक्षण क्षेत्र में नहीं आती है और इसे सभी अनिवार्य वैधानिक मंजूरी प्राप्त है पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने राज्य विधानसभा को सूचित किया कि आर्द्रभूमि संरक्षण प्राधिकरण ने एक लिखित सूचना जारी कर पुष्टि की है कि उत्तरी गोवा में परियोजना के लिए निर्धारित भूमि अधिसूचित संरक्षित क्षेत्र की सीमा से बाहर है।खौंटे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक रुडोल्फो फर्नांडीस द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। विपक्ष के नेता यूरी अलेमाओ, 'रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी' के विधायक वीरेश बोरकर, 'गोवा फॉरवर्ड पार्टी' के विजय सरदेसाई और आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक वेंजी विएगास सहित विपक्षी दलों ने पर्यावरण के लिए हानिकारक होने का दावा करते हुए परियोजना को रद्द करने की मांग की। मंत्री ने अपने जवाब में कहा, ''सरकार आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है तथा संरक्षित आर्द्रभूमि क्षेत्र के भीतर विकास कार्यों से संबंधित किसी भी तरह की गतिविधि प्रस्तावित नहीं है और ऐसे निर्माण कार्य किए भी नहीं जा रहे हैं। ''उन्होंने आगे कहा कि सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालन किया जा रहा है।सड़क चौड़ीकरण और घरों के ध्वस्तीकरण की संभावना को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर करते हुए खौंटे ने कहा कि यह परियोजना मौजूदा चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है और यूनिटी मॉल के लिए सड़क को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### यूनिटी मॉल से चिंबेल और आस-पास के इलाकों को फायदा होगाः रोहन खौंटे, पर्यटन मंत्री, गोवा

**पणजी।** गोवा सरकार में पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार और मुद्रण और स्टेशनरी मंत्री रोहन खौंटे ने आज कहा कि वह यूनिटी मॉल परियोजना पर अपने बयानों में स्पष्ट और पारदर्शी रहे हैं।मंत्री ने कहा, मैंने इस मुद्दे पर पारदर्शिता से बात की है और कोई झूठा या गुमराह करने वाला बयान नहीं दिया है। अब इस परियोजना के इर्द-गिर्द एक राजनीतिक कहानी गढ़ी जा रही है और कुछ लोग बेबुनियाद आरोप लगाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। परियोजना क्षेत्र में व्यक्तिगत रियल एस्टेट हितों के बारे में दावों का जवाब देते हुए, खौंटे ने आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन किया। उन्होंने कहा, मैं किसी को भी चुनौती देता हूं जो यह दावा करता है कि परियोजना क्षेत्र में मेरी कोई रियल एस्टेट संपत्ति है, तो वे अपने दावे को साबित करें।

# सत्ता के दबाव में पट्टा लूट : कप्तानगंज तहसीलदार पर गंभीर आरोप, डीएम दफ्तर पर फूटा मछुआरों का गुस्सा

- नियम रौंदे गए, हक लूटा गया, कप्तानगंज पट्टा कांड में तहसीलदार पर सत्ता के दबाव का आरोप

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील इन दिनों सत्ता, प्रशासन और मछुआरों के हक की टकराहट का अखाड़ा बन गया है। तालाब-पोखरों की पट्टे को लेकर उठे विवाद ने खुला राजनीतिक-प्रशासनिक रूप ले लिया है। मत्स्यजीवी सहकारी समिति गंभीरपुर के दर्जनों सदस्यों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन कर तहसीलदार कप्तानगंज पर सत्ता के दबाव में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का गंभीर आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शासन के स्पष्ट नियमों के अनुसार समिति क्षेत्र में आने वाले तालाब, पोखरे और ताल का पट्टा स्थानीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति को दिया जाना चाहिए था। इसके बावजूद तहसीलदार ने नियमों को ताक पर रखकर पट्टा दूसरी समिति के नाम कर दिया, जिसके पीछे प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद के रिश्तेदारों का नाम सामने आ रहा है। मछुआरों का कहना है कि यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में किया गया सुनियोजित ÷पट्टा लूट कांड÷ है। धरना दे रहे मछुआरों ने आरोप लगाया कि वर्षों से जिन जलस्रोतों पर उनकी आजीविका निर्भर रही है, वही उनसे छीनने का प्रयास किया गया हैं। गरीब और मेहनतकश मछुआरे रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि प्रभावशाली लोग सत्ता की पहुंच का इस्तेमाल कर सरकारी संपत्तियों पर कब्जा जमा रहे हैं। यह न केवल मत्स्य पालन नियमावली का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा पर भी करारा प्रहार है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि यदि पट्टा आवंटन में पारदर्शिता हुई होती तो उन्हे न तो जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देना पड़ता और न ही प्रशासन की साख पर सवाल खड़े होते।

उन्होंने आरोप लगाया कि कप्तानगंज तहसील में पट्टा प्रक्रिया नियमों से नहीं, बल्कि राजनीतिक सिफारिश से तय हो हुई है, जो योगी सरकार की छवि को धूमिल करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है। धरने के दौरान मछुआरों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध पट्टा तत्काल निरस्त करने, दोषी तहसीलदार पर कार्रवाई करने और नियमों के अनुसार गंभीरपुर मत्स्यजीवी सहकारी समिति को पट्टा आवंटन करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे मोनू निषाद ने आरोप लगाया कि योगी सरकार के मंत्री व निषाद समाज के कथित रहनुमा कहलाने वाले संजय निषाद अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निषाद समाज का ही शोषण कर रहे है उन्होंने चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन सड़क से सदन की जायेगी।

## मकर सक्रांति पर लाखों श्रद्धालूओं ने लगाई आस्था की डुबकी, किया गौदान

**कुशीनगर।** गुरुवार को जिले में मकर संक्रांति (खिचड़ी का त्यौहार) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न घाटों पर भोर में श्रद्धालुओं ने स्नान कर तील, चावल छूकर गौदान किया। इस दौरान घाटों पर डुबकी लगाने वालो की भीड़ पूरे दिन लगी रही।

सूर्य आराधना का पर्व मकर सक्रांति के अवसर पर जिले के बांसी घाट, शिवा घाट, हेतिमपुर गंडक नदी, छितौनी के नारायणी घाटों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के घाटों पर एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालू जुटने लगे और भोर में घाटों पर पहुंच कर डुबकी लगाई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने तील, चावल छूकर गोदान किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस फोर्स तैनात भी तैनात किए थे। लोग अपने घरों में सुबह होते ही स्नान कर तील, चावल लाई, वस्त्र आदि छूकर दान किया। वही जनपद के कई हिस्सो में युवाओं ने पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। इस दौरान शहर में स्थित दुकानों पर बच्चो और युवाओं की पतंग खरीददारी करने के लिए भीड़ लगी रही।

# बेकाबू बोलेरो ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर ही मौत

- हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम
- हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर झांगा के सुदामा चक पोखरे के निकट हुई हादसा

अवधनामा संवाददाता





**मथौली, कुशीनगर।** हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर झांगा के सुदामा चक पोखरा के निकट एक बेकाबू बोलेरो ने बाइक सवार को रौंद डाला। मौके पर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। चालक बोलेरो छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेजवा बोलेरो व बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आई। उधर युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार बलजीत कन्नौजिया (28) पुत्र मदरसी निवासी मुड़िला हरपुर थाना कप्तानगंज, हाटा स्थित एक बाइक पार्ट की दुकान पर काम करता है। रोज की भांति वह बुधवार की देर शाम बाइक से घर लौट रहा था कि हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर झांगा गांव के सुदामा चक पोखरा के पास एक बेकाबू बोलेरो ने जोरदार ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही बलजीत कन्नौजिया की मौत हो गई। उधर बोलेरो चालक बोलेरो छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने हाटा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची हाटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज बोलेरो व बाइक को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक बलजीत की मां विमला और पत्नी चांदनी का रो-रो कर बुरा हाल है, क्योंकि बलजीत ही परिवार का इकलौता कमाऊ बेटा था।

### 12 साल पहले पिता की सड़क हादसे में हो गई थी मौत

बताया जा रहा कि बलजीत के दो बच्चे है जिसमें एक लड़का व एक लकड़ी है। बलजीत की पत्नी चांदनी रोते बिलखते कह रही थी कि अब मेरे बच्चों का सहारा कौन होगा, घर की रोजी रोटी कैसे चलेगी कहकर बेहोश हो जा रही थी। मां विमला देवी का भी रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक बलजीत के पिता का 12 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बलजीत तीन बहनों में एकलौता बेटा था और परिवार का इकलौता सहारा भी था। अब बलजीत की मौत पर परिवार में रोजी रोटी का संकट पैदा हो जायेगा क्योंकि बलजीत ही एक मात्र कमाऊ सदस्य था।

# सपाईयों ने जिला मुख्यालय पर मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन, दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और सांसद डिंपल यादव का 48वां जन्मदिन गौरीगंज स्थित जिला मुख्यालय पर मनाया गया।

जन्मदिन समारोह के दौरान केक काटा गया। उपस्थित सभी लोगों ने सांसद डिंपल यादव के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। वक्ताओं ने उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि डिंपल यादव ने सदैव महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के कमजोर वर्गो की आवाज को संसद में मजबूती से उठाया है। उनके सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण को समाजवादी विचारधारा के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता अरशद अहमद, उदय प्रताप सिंह, डॉक्टर सी.पी. यादव, तुफैल खान, दीपू तिवारी, राकेश यादव, गुंजन सिंह, गौरव वर्मा, राकेश कोहार, गोकुल प्रधान, मुकेश विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सांसद के नेतृत्व की सराहना करते हुए पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डिंपल यादव समाजवादी पार्टी की प्रेरणास्रोत हैं और उनके विचारों से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलती है। इस कार्यक्रम की जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा एडवोकेट द्वारा दी गई।

## सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष को गाली देने पर मुकदमा दर्ज

**अवधनामा ब्यूरो, कुशीनगर।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर तरया सुजान थाना क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार वीडियो में कथित तौर पर एक युवक द्वारा विशेष समुदाय को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैलने की आशंका उत्पन्न हो थी। इस मामले में रकबा दुल्मा पट्टी, सेवरही निवासी मोहम्मद रफी पुत्र अब्दुल करीम की तहरीर पर थाना तरया सुजान में एफआईआर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि बीते 28 दिसंबर 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड एक वीडियो में आरोपी आदित्य राय उर्फ चिकू निवासी तरया पश्चिम द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने व काटने की धमकी दी गई, जिससे समुदाय विशेष में रोष व्याप्त हो गया थे।

# मठिया गांव में धूमधाम मनाया गया मकर संक्रांति महोत्सव

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** विकासखंड कप्तानगंज अंतर्गत ग्रामसभा मठिया गांव में स्थित ऐतिहासिक काली माता मंदिर परिसर में मकर संक्रांति महोत्सव पूरे श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ विगत पांच दिनों से निरंतर मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रतिदिन दिन एवं रात्रि में अवध आदर्श लीला मण्डल द्वारा रामलीला का भावपूर्ण मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में भव्य खिचड़ी मेले का आयोजन किया गया, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मठिया गांव के साथ-साथ आसपास के दर्जनों गांवों से आए लोगों ने मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। मेले में लगे रंग-बिरंगे और भाँति-भाँति के झूले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। झूलों पर बच्चों की उमड़ी भीड़ मेले की रौनक को और भी बढ़ा रही है। मेला प्रबंधक बजरंगी सिंह एवं अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि यह मकर संक्रांति महोत्सव विगत 35 वर्षों से मठिया गांव के समस्त निवासियों के सहयोग से अनवरत रूप से आयोजित होता आ रहा है, जो गांव की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समर्पण का प्रतीक है। युवा समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आने वाले समय में इस महोत्सव को और अधिक भव्य एवं व्यापक स्वरूप प्रदान करने की योजना है।

इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम मद्धेशिया, शिवा सिंह, विजय पाठक, गोविंद प्रसाद, दीनानाथ गुप्ता, वीरेन्द्र साहनी, उमा सोखा, अभिषेक शर्मा, शैलेश सिंह, रामज्ञान गौंड सहित गांव के सभी नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त रूप से जीवंत रखने का सशक्त माध्यम भी है।

# गुमशुदा मासूम की सकुशल बरामदगी से लौटी खुशियां, पुलिस की तत्परता बनी मिसाल



- तमकुहीराज पुलिस की सक्रियता से 8 वर्षीय प्रियांशु सुरक्षित मिला, परिजनों ने जताया आभार

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** जनपद के कुशीनगर में शुक्रवार को उस समय राहत और खुशी का माहौल बन गया, जब ग्राम सेरपुर बधरा, थाना चौरा खास से लापता हुआ 8 वर्षीय मासूम प्रियांशु यादव पुलिस की सक्रियता से सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से जहां परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं यह घटना कुशीनगर पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता की मिसाल बन गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को दोपहर प्रियांशु यादव पुत्र भागीरथी यादव अचानक घर से लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मासूम के गुमशुदा होने की खबर फैलते ही गांव में चिंता का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में पुलिस महकमा हरकत में आ गया। बच्चे की तलाश के लिए विभिन्न संभावित स्थानों पर पुलिस टीमों को लगाया गया। सोशल मीडिया पर सूचना प्रसारित होने के बाद खोज अभियान को और तेज कर दिया गया।इसी क्रम में तमकुहीराज थाना क्षेत्र के कस्बा चौकी प्रभारी महेश मिश्रा ने सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा मासूम को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने की खबर मिलते ही परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े और परिवार में खुशियां लौट आई। इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने तेजतर्रार थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, कस्बा चौकी प्रभारी महेश मिश्रा सहित पूरी पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि कुशीनगर पुलिस न सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि मानवीय मामलों में भी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

# सहभोज, सामाजिक सदभावना को आगे बढ़ाने का उचित माध्यम है : शशांक मणि

- भाजपा नेता द्वारा मकर संक्रांति पर सहभोज का कराया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



समरसता भोज में सांसद शंशाक मणि को सम्मानित करते भाजपा नेता संजय गुप्ता एवं अन्य

**सेवरही कुशीनगर।** सामाजिक समरसता भोज एकता की प्रतिक होता है, ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी समरसता बनी रहती हैं। उक्त बाते वृहस्पतिवार के दिन सेलिब्रेशन लॉन बनरहा में भाजपा युवा नेता संजय गुप्ता द्वारा आयोजित मकर संक्रांति के अवसर सामाजिक समरसता भोज कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता भोज की परंपरा, सभी वर्गो को साथ लेकर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की रही है। सांसद ने सहभोज जैसे कार्यक्रमों से सामाजिक सदभावना को आगे बढ़ाने का उचित माध्यम बताया है। आगे देवरिया के सांसद श्री त्रिपाठी ने मकर संक्रांति सामाजिक समरसता भोज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस संक्रांति के दिन भगवान सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे यह दिन विशेष पुण्यकारी हो जाता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता, व्यापारी नेता हरेंद्र जायसवाल ने कहा की समाज में एकता और भाईचारा तभी मजबूत होगा जब लोग आपसी भेदभाव छोड़कर एक साथ मिलकर समरसता कायम करें व और एक-दूसरे को समझें तो वही युवाओं से सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवरही के चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल ने की। कार्यक्रम को भाजपा नेता जिलामंत्री अतुल श्रीवास्तव, संजय राय, केके गुप्ता, विनोद पासवान, सत्यम पांडेय, विनोद सिंह राजपूत, डॉक्टर मुन्ना गुप्ता, केशव पांडेय, विजय मोदी साहू, मन्नू मिश्रा आदि ने भी सम्बोधित किया। सामाजिक समरसता भोज के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कार्यक्रम में आए सभी के प्रति आभार जताया। संचालन राधेश्याम त्यागी ने की। इस दौरान भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य प्रदीप गुप्ता, प्रदीप श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, निलय बहादुर सिंह, गायत्री देवी, रंजीत गुप्ता, राजू गुप्ता, हिमांशु जायसवाल, सुग्रीव कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**अमेठी/जामो।** थाना क्षेत्र में भादर रोड पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से यह हादसा हुआ। हादसे के तुरंत बाद, स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल युवकों को जामो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों घायल युवकों का उपचार जारी है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उन्हें प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध कराया था। इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### मुंशीगंज थाने में आयोजित हुआ खिचड़ी भोज



**अमेठी।** गुरुवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मुंशीगंज थाने में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसे पुलिसकर्मियों ने अपने हाथों से परोसा। यह आयोजन मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया था। थाना परिसर के बाहर आयोजित इस भोज में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और खिचड़ी का प्रसाद लिया। मकर संक्रांति के मौके पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुंशीगंज थाने के इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक और सर्किल के सीओ अखिलेश वर्मा सहित अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### भाजपा का 16, 17 एवं 18 जनवरी को जिले में विशेष एसआईआर अभियान

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशा पर 16, 17 एवं 18 जनवरी 2026 को जिले में विशेष एसआईआर अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाना तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदान के अधिकार से जोड़ना है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत भाजपा के प्रदेश, क्षेत्रीय एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रवासी एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर घर संपर्क करेंगे।

यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने पार्टी कार्यालय में आयोजित वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि संपर्क दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हाल ही में प्रकाशित मतदाता सूची में किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटा न हो। जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनसे फॉर्म नंबर 6 भरवाकर उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराया जाएगा साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता, आयु या अन्य किसी प्रकार की त्रुटि होने की स्थिति में उसे सुधारने के लिए फॉर्म नंबर 8 भरवाकर सम्बंधित बीएलओ के पास जमा कराया जाएगा, जिससे समयबद्ध सुधार सुनिश्चित हो सके। बताया कि पार्टी लोकतंत्र की मजबूती के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान जन जन तक पहुंचकर इस लक्ष्य को पूरा करेगा।

इस मौके पर जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष रविंद्र महेंद्र ने बताया कि निर्धारित तिथियों में सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। किसी भी पात्र नागरिक का नाम न छूटे और किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप ने बताया कि सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे 16, 17 और 18 जनवरी को अपने अपने बूथों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर अधिक से अधिक फॉर्म 8 एवं फॉर्म 6 भरवाएं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इस मौक पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक रुधौली ने ग्राम प्रहरियों के संग किया बैठक, दिया निर्देश व बांटा कम्बल

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय दुबे ने आज थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रहरियो संग थाने पर बैठक किया। बैठक में उन्होंने ग्राम प्रहरियों सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं पर जानकारी दी। साथ ही थाना क्षेत्र में शान्ति एव कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एव रात्रि में अपने अपने गावों में अनिवार्य रूप से रात्रि गस्त करने का निर्देश दिया और उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया ।बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्राम सुरक्षा की महत्वपूर्ण इकाई है और ग्राम प्रहरियों को अपना दायित्व जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करना चाहिए। बैठक के बाद प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने ग्राम प्रहरियों को कम्बल का वितरण किया।

## मकर संक्रांति पर जीएस हॉस्पिटल द्वारा खिचड़ी सहभोज का आयोजन



**बस्ती ।** मकर संक्रान्ति का पर्व गुरूवार को स्नान, दान पुण्य और भुवन भाष्कर की आराधना के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रकृति और संस्कृति के समन्वय पर्व पर जीएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राहगीरों में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में जीएस हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. अंकित चतुर्वेदी 'फिजिशियन' ने स्वयं खिचड़ी प्रसाद वितरित किया। कहा कि भगवान सूर्यदेव जीवन में यश, वैभव और आरोग्य का संचार करें। इस अवसर पर ऋषभ त्रिपाठी, मनीष चौबे, लकी सिंह, अभय शुक्ला, पंकज चौधरी आदि ने सहयोग किया।

## मकर संक्रांति पर ग्राम प्रधान गंगोत्री ने किया कम्बल वितरण

**अमेठी।** बुधवार को मकर संक्रांति पर्व पर उमापुर गाना पट्टी में ग्राम प्रधान गंगोत्री तिवारी की ओर से कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पांच सौ से अधिक गरीबों और जरुरत मंदों को कम्बल वितरित किए गए।

कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय विंधादीन तिवारी, स्वर्गीय उमाशंकर तिवारी और स्वर्गीय रानी तिवारी की स्मृति में हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि रहे। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आसपास के लोग शामिल हुए।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, दूबेपुर के प्रमुख अखिलेश प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह आदि ने कम्बल वितरण किया। जितेन्द्र तिवारी, अनिल तिवारी और अंकित तिवारी ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने किया।

# प्रयागराज के लिए रवाना हुआ 150 श्रद्धालुओं का एक जत्था



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** गुरुवार को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में लगभग 150 श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा मकर संक्रांति के मौके पर गंगा स्नान के लिए आयोजित की गई है और पूरी तरह से निःशुल्क है।

श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई है। इस यात्रा में श्रद्धालुओं के आने-जाने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था निःशुल्क प्रदान की जा रही है। यात्रा के बाद श्रद्धालु देर शाम तक अपने घर वापस लौटेंगे। महेश सोनी, जो उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष हैं, सामाजिक कार्यों और लोगों की मदद के लिए जाने जाते हैं। वे समय-समय पर कस्बे के निवासियों के लिए विभिन्न धार्मिक स्थानों की निःशुल्क यात्राएं आयोजित करते रहते हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस यात्रा को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मी सोनी और व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला महामंत्री सुशील जायसवाल, राहुल लोहिया, संदीप अग्रहरि, आनंद बरनवाल, हिमांशु कसौधन, अखिलेश सोनी, सोनू कसौधन, सुरेश मौर्य, प्रधान हनी जायसवाल, सत्तू कसौधन, कमल सरोज, प्रदीप जायसवाल आदि मौजूद।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने पकड़ी रफ्तार

- बांदा में लक्ष्य से कहीं अधिक लाभार्थी जुड़े
- सोलर ऊर्जा से रोशन हो रहे घर, बिजली बिल से मिल रही राहत
- बांदा में योजना के प्रति बढ़ा उत्साह, हजारों परिवार बने आत्मनिर्भर
- केंद्र व प्रदेश सरकार की सब्सिडी से आमजन को सीधा लाभ
- योगी के निर्देशों पर अधिकारी कर रहे प्रभावी क्रियान्वयन

**अवधनामा संवाददाता**




**बांदा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बांदा जिले में ऊर्जा क्रांति का स्वरूप लेती जा रही है। इस योजना के माध्यम से अब जिले के हजारों परिवार बिजली के भारी-भरकम बिलों से निजात पा रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की साझा पहल से आमजन को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है, जिससे न केवल आर्थिक राहत मिल रही है बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशों के बाद जिले में योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। नतीजतन बांदा में इस योजना का लाभ तय लक्ष्य से कहीं अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच चुका है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंत तक यह संख्या दोगुनी होने की पूरी संभावना है।

### सरकार की सब्सिडी बनी आमजन के लिए वरदान

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत निजी आवासों की छतों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ता को सबसे पहले ऑनलाइन पंजीकरण करना होता है, जिसके बाद चयनित वेंडर द्वारा इंस्टॉलेशन की पूरी प्रक्रिया पूरी की जाती है। नेट मीटरिंग और प्लांट चालू होने के पश्चात सब्सिडी के लिए आवेदन किया जाता है, जो 3 से 4 माह के भीतर सीधे उपभोक्ता के खाते में भेज दी जाती है। 1 किलोवाट सोलर प्लांट पर लगभग 60 हजार रुपये का खर्च आता है, जिसमें 30 हजार रुपये केंद्र सरकार और 15 हजार रुपये प्रदेश सरकार सब्सिडी के रूप में देती है। वहीं 2 किलोवाट प्लांट पर 1.20 लाख रुपये की लागत में 90 हजार रुपये तक की सरकारी सहायता मिलती है। 3 से 10 किलोवाट तक के प्लांट पर केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर 1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी प्रदान करती है।

### लक्ष्य से डेढ़ गुना ज्यादा लाभार्थी जुड़े

नेडा के परियोजना अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए बांदा जिले को 1057 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक लगभग 1500 उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जिले को 4555 का नया लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जिले में योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है और लगातार नए उपभोक्ता सोलर ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इससे न केवल बिजली बिल में कमी आ रही है, बल्कि लोग ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं।

## जिले के विभागीय अधिकारियों की ढिलाई के चलते शासन तक पहुंचा मामला

**शाहजहांपुर।** जनपद में धान खरीद को लेकर तमाम सवाल उठे मिल मालिकों ने एडवांस में प्राइवेट धान खरीद कर अपने राइस मिल में डंप कर लिया कुछ मिल मालिकों ने अन्य प्रदेशों से भी धान खरीद लिया और जब मंडी में आवक बंद हुई तो सरकारी धान खरीद ने रेस पकड़ ली और प्रतिदिन मंडी में बगैर आवक के धान खरीद मीडिया में छाई रही लेकिन जनपद के जिला खरीद अधिकारी और जिला विपणन अधिकारी ने मीडिया का जवाब देना तो दूर फोन उठाना ही बंद कर दिया जिला विपणन अधिकारी के पास तमाम शिकायतें हुई लेकिन जिले पर इसका कोई असर नहीं हुआ यही नहीं मंडी में पहुंच कर विधायक ने कहा माफिया सक्रिय है फिर भी अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया तब मामला शासन तक पहुंच गया इस मामले की सही से जांच हुई तो तमाम सेंटर इंचार्ज और जिले के अधिकारी लपेटे में आएंगे।

# फर्जी धान खरीद को लेकर भाजपा सांसद ने की शिकायत जांच टीम गठित

- धान खरीद में फर्जी किसानों के सहारे धान खरीदने के आरोप

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिले में धान खरीद प्रक्रिया को लेकर बड़े सवाल उठ रहे हैं धान खरीद को लेकर पहले भाजपा विधायक अरविंद सिंह और विपक्ष के नेताओं ने सवाल उठाए और अब भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर ने धान खरीद प्रक्रिया के दौरान फर्जी धान खरीद को लेकर शासन स्तर पर शिकायत की है यह पहली बार नहीं है पिछली बार भी शिकायतें हुई थी लेकिन जांच में मामला रफा दफा हो गया फिलहाल इस बार भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर की शिकायत पर तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच के आदेश हुए हैं उत्तर प्रदेश शासन खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जांच कमेटी में अतुल कुमार सिंह विशेष सचिव खाद्य एवं रसद विभाग की अध्यक्षता में पार्थ संयुक्त आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ ,सौरभ यादव जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संभागीय खाद्य नियंत्रण कार्यालय लखनऊ संभाग को जांच कमेटी में शामिल किया गया है सांसद द्वारा वर्ष 2025 -26 धान खरीद के दौरान जनपद में फर्जी खरीद और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। विपक्षी नेताओं और शाहजहांपुर के सांसद अरुण कुमार सागर की शिकायत पर शासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए सात दिनों के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान जिले के सभी धान क्रय केंद्रों के स्टॉक की भौतिक जांच की जाएगी, धान खरीद में अनियमितताओं का मामला उस समय तूल पकड़ गया जब विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव और विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय ने शासन को संयुक्त रूप से शिकायत भेजी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्रय केंद्रों पर फर्जी किसानों के नाम पर धान की खरीद दर्शाई जा रही है। और अब विपक्ष के नेताओं के साथ-साथ भाजपा सांसद द्वारा शिकायत करना गंभीर मामला है।

# वांछित अभियुक्त चोरी के माल सहित गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम ने चोरी के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को 01 मोबाइल, 01 अवैध तंमचा व 01 जिन्दा कारतूस गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0स0-57/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त आमिर पुत्र शमशाद आलम निवासी याकूब खाँ रोड नई बस्ती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को चोरी का 01 एन्ड्राइड मोबाइल फेन (मोटोरोला कंपनी रंग-हरा, ईएमआई नम्वर-35399243781363 8/10 व 3539924378136 46/10) व 01 अवैध तंमचा व 01 जिन्दा कारतूस सहित मालगोदाम रोड़, थाना दक्षिण से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना दक्षिण पर मु0अ0स0-59/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 टुन्नू सिंह, उ0नि0 राजकुमार गौतम, का0 287 अनुज कुमार, का0 175 दिलीप कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# हिंदू समाज होगा एकजुट तभी भारत होगा सुरक्षितः अतुल

- हिंदू सम्मेलन संपन्न समरसता के संदेश के साथ गूंजा एकता का शंखनाद

**अवधनामा संवाददाता**






**बहराइच।** जनपद के विकास खंड तेजवापुर के अंतर्गत मण्डल भकला गोपालपुर में मकर संक्रांति के दिन हिंदू सम्मेलन एवं खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इस समागम में उमड़े जन-समुदाय ने जातिगत संकीर्णताओं से ऊपर उठकर राष्ट्र रक्षा और सामाजिक समरसता का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में हिंदू समाज की एकता पर बल दिया। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए गंभीर चेतावनी दी कि, ÷इतिहास साक्षी है, जब-जब हिंदू समाज की संख्या और शक्ति घटी है, तब-तब राष्ट्र का विभाजन हुआ है। उन्होंने आह्वान किया कि अखंड भारत की सुरक्षा के लिए हिंदू समाज का संगठित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू हमारा सहोदर भाई है। हिंदू धर्म में ऊंच-नीच और छुआछूत का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने समस्त समाज से परस्पर प्रेम, सौहार्द और आत्मीयता के साथ रहने का आग्रह किया। उन्होंने नव-भारत के निर्माण का पंचामृत समाज के सर्वांगीण उत्थान हेतु उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के संकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भेदभाव रहित, समतामूलक और सौहार्दपूर्ण समाज की स्थापना। परिवारों में संस्कार, मर्यादा और भारतीय जीवन मूल्यों का पुनर्जागरण जल संचयन, सघन वृक्षारोपण और प्लास्टिक के त्याग द्वारा प्रकृति की रक्षा व विदेशी वस्तुओं के मोह का त्याग कर स्थानीय उत्पादों और स्वावलंबन को बढ़ावा देना तथा व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर अनुशासन के साथ राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि सहखंड संचालक बुद्धिसागर ने समाज के लोगों को निरंतर राष्ट्र कार्य में संलग्न रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजय गुप्ता ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन राजन पाण्डेय ने किया। सम्मेलन के उपरांत समरसता खिचड़ी सहभोज का आयोजन हुआ कार्यक्रम में जॉइन आरएसएस जिला प्रमुख उत्तम सिंह, सह खंड कार्यवाह योगेश, रामगोपाल, शिवम,पंकज कुमार गुप्ता, प्रमोद पांडे, हरिश्चंद्र गुप्ता, बीरबल, सुनील ,रामचंद्र, बबलू साहू, विष्णु पांडे ,रोहित गुप्ता रोहित आर्य, राजित राम चौहान सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इसकी जानकारी विपिन जिला प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच अवध ने दी।

## कन्याओं को भोज कराकर हुआ उपजा कार्यालय पर विशाल भंडारा

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** मकर संक्रांति पर्व पर हर वर्ष की भांति इस बार भी जेल रोड बहादुरपुरा स्थित यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के जिला कार्यालय पर विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा की शुरुआत कन्याओं को भोज कराकर हुई। भंडारा सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ और देर शाम तक चला। जिसमें हजारों राहगीरों के साथ पत्रकारों और दुकानदारों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उपजा के प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद इरफान, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, संरक्षक ओंकार मनीषी, जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, जिला महामंत्री पंकज सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा एडवोकेट, अमरदीप रस्तोगी, रामलड़ैते तिवारी, उपाध्यक्ष ऐनुल हक, जिला सचिव विषेक मिश्रा एडवोकेट, इमरान जिलानी, मीडिया प्रभारी शशांक सोमवंशी, स्वदेश शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा एडवोकेट, अंकित गुप्ता, सोनू हिंदुस्तानी, सूर्योदय सिंह बिब्बी एडवोकेट, अरूण दीक्षित एडवोकेट, अमित सहाना, अमित सक्सेना, जगदीश सिंह, अर्शियान अर्श, विश्नुदयाल कनौजिया, ताराचन्द्र, जीशान खां आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। भंडारा में श्याम मोहन उर्फ बाबा, मोहम्मद आजम, महेश गुप्ता, सतीश शर्मा, रूपराम, वैभव पांडेय आदि का विशेष सहयोग रहा।



## स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को पढ़ाया मध निषेध का पाठ

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** श्री दीप सिंह इंटर कॉलेज रजावली चौराहा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने विशेष शिविर के पांचवें दिन गांव उत्तमगढी में स्वयंसेवकों ग्रामीणों को मध निषेध का पाठ पढ़ाया कार्यक्रम शुभारंभ में विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया इसी के साथ कार्यक्रम अधिकारी यतेंद्र सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश शर्मा एवं विद्यालय के अध्यक्ष मनीष पाल सिंह रविंद्र कुमार शर्मा रविंद्र पाल सिंह आनंद कुमार आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## बसपा सुप्रीमो का 70वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** नगर के नगला राधेलाल अंबेडकर पार्क पर बहन कुंवारी मायावती का 70 वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बहुजन समाज सेवियों ने केक काटकर बहन मायावती को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई दी और बहन जी के कार्यकाल की उपलब्धियां को बताया इस अवसर पर काशीराम के योगदान को भी याद दिलाया और कहा 2027 के लिए हम तैयार रहे हैं और बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं इसी के साथ नीतू बौद्ध व कपिल बौद्ध ने बहन जी के जन्मदिन पर गीत गा कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में बौबी जाट, जितेंद्र जीतू बबलू बाबा, आकाश आनंद कपिल देव उमेश चन्द्र, लक्ष्मण सिंह अनुज बौद्ध देव बाबू बाबूलाल दरोगा नीतू बौद्ध राजन सिंह विमल महावीर सिंह पुष्कर जोली भाई पवन दिवाकर नरेश जाटव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिवजी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एके कॉलेज में बनेगा स्थाई एलीपेड



- एसडीएम ने गुरुवार को ग्राउंड का निरीक्षण किया, दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए वीवीआईपी और वीआईपी नेताओं के आने पर उनके हेलीकॉप्टर की लेंडिंग के लिए हेलीपेड बनवाये जाते हैं। जिनमें काफी खर्च आता है। इसी खर्च को कम करने के लिए प्रशासन इस बार स्थाई हेलीपेड बनाने की सोच रहा है। इसी को ध्यान मे रखते हुए गुरुवार को उप जिलाधिकारी ने एके कालेज के ग्राउंड में पहुंच कर निरीक्षण किया और यहां हेलीपेड के लिए उचित स्थान माना। उपजिलाधिकारी डा. गजेंद्रपाल सिंह ने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, इसके बाद विधान सभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों में प्रचार के लिए वीवीआईपी और वीआईपी नेता अपने हेलीपेड से आते हैं। जिसके लिए उनके हेलकॉप्टर के लिए तत्काल हैलीपेड बनवाया जाता है। जिसमें प्रशासन का खर्च काफी हो जाता है। इसी खर्च को कम करने के लिए प्रशासन ने अभी से कवायद शुरू कर दी है. जिससे एक जगह को चिंहित कर वहां पर स्थाई हेलीपेड बनवा दिया जाए। सभी नेता इसी हेलीपेड पर अपने हैलीकॉप्टर को उतार कर जहां उनकी सभा होनी है, वहां के लिए कार से रवाना हों। इसी को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को उन्होंने एके कालेज का फील्ड का निरीक्षण किया और यहां पर हेलीपेड बनवाने के लिए जगह उचित समझा। अब वह इस कालेज ग्राउंड में हेलीपेड के निर्माण के कार्य का शीघ्र शुभारंभ करेंगे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक

**बहराइच।** बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि जनपद में संचालित समस्त गौ आश्रय स्थलों को सी.सी.टी.वी. कैमरों से आच्छादित कर विकास भवन स्थित कमाण्ड सेन्टर से उनकी निगरानी की जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि कैमरे इस प्रकार से स्थापित किये जायें कि गोआश्रय स्थल के प्रमुख स्थान जैसे गोदाम, प्रवेश द्वार, चरही इत्यादि की बेहतर ढंग से मानीटरिंग किया जा सके। डीएम ने कहा कि कामण्ड सेन्टर पर गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जाएं। जिले में संचालित गोवंशों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने हेतु डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार एस.एफ.सी. पूलिंग को बढ़ाया जाय। डीएम द्वारा पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा के माकूल बन्दोबस्त किये जाएं।

# 20 हजार श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर जिले में मकर संक्रांति पर्व पर आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित सीताकुंड घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बृहस्पतिवार को सुबह 5 बजे से ही हजारों श्रद्धालुओं ने गोमती नदी में डुबकी लगाई और दान-पुण्य किया। इस दौरान लोगों ने परिवार के साथ पूजा-अर्चना भी की। श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को खिचड़ी दान की। शहर के परशुराम चौराहे पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जहां राहगीरों में खिचड़ी और तिल बांटे गए। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा तिलक धारी दास ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷यह वह समय है जब संक्रांति बदलती है और सभी शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। इस दिन गंगा या पवित्र नदियों में स्नान और दान का विशेष महत्व है। 'स्नान-दान' करने से मनुष्य को बहुत लाभ और पुण्य मिलता है, इसीलिए सभी लोग आज श्रद्धा के साथ डुबकी लगाते हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन किया गया दान और पवित्र स्नान जीवन में सुख-समृद्धि लाता है। सुल्तानपुर के स्थानीय निवासियों ने भी परंपरा के अनुसार खिचड़ी का आनंद लिया और तिल-गुड़ का दान किया। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि संस्था ने घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया और श्रद्धालुओं के लिए अलाव की व्यवस्था की। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग बीस हजार लोगों ने आज सीताकुंड घाट पर डुबकी लगाई। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से घाट पर व्यापक प्रबंध किए गए थे।

## विधायक ने किया नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

**जयसिंहपुर/सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के मधुवन गांव में गुरुवार को अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया गया। यह भवन 10 लाख 26 हजार रुपये से अधिक की लागत से निर्मित हुआ है। भाजपा विधायक विनोद सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। यह भवन ग्रामीणों को सरकारी राशन खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में विधायक विनोद सिंह ने अपने संबोधन में योगी सरकार की सराहना की। उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इनमें टेढुई ओवर ब्रिज, गोमती पुल, कटका मायंग सड़क मार्ग और बल्दीराय तहसील के 57 गांवों को सदर तहसील में शामिल कराना शामिल है। विधायक ने ग्राम प्रधान बजरंग बहादुर सिंह द्वारा निर्मित अन्नपूर्णा भवन की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की। जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# जनता दर्शन में भी न्याय को तरसता अनुसूचित समाज



**अवधनामा संवाददाता**

- 40 दिन बाद भी एफआईआर विचाराधीन
- आयुक्त के आश्वासन से आगे बढ़ेगा या फइलों में ही दम तोड़ेगा न्याय

**सुल्तानपुर।** अयोध्या मण्डल के आयुक्त राजेश कुमार के एकदिवसीय दौरे पर जनता दर्शन में पहुँचे रविन्द्र कोरी (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम सैफुल्लागंज उम्मीद लेकर आए थे पर मिले फिर वही आश्वासन। आरोप है कि ऐनुल हक पुत्र मो0 वहीद समेत कुछ सरहंग व अपराधी किस्म के लोग सरकारी चैम्बर व नाली पर मिट्टी डालकर जबरन कब्जा कर रहे हैं और पड़ोस के अनुसूचित जाति के परिवारों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

प्रश्न यह नहीं कि अपराध हुआ या नहीं। प्रश्न यह है कि 04.12.2025 से चला आ रहा प्रकरण आज तक थ्स्‌ के दरवाज़े तक क्यों नहीं पहुँच पाया? स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद प्रथम सूचना अब तक फइलों की चौखट पर ही अटकी है। क्या कानून की गाड़ी के पहिए दलदल में फँस गए हैं या फिर पीड़ित की जाति देखकर न्याय का ट्रैफिक सिग्नल लाल हो जाता है। रविन्द्र कोरी ने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट लिखा है कि जान-माल को खतरा है ऊपर से साजिश रची जा रही है पर पुलिस की कलम में स्याही सूख गई है। जनता दर्शन में आयुक्त महोदय ने थ्स्‌ दर्ज कराने का आश्वासन दिया और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश भी दिए। पर सवाल वही पुराना आदेश कागज़ पर या ज़मीन पर। यह मामला सिर्फ कब्जे का नहीं प्रशासनिक संवेदनहीनता का आईना है। जब अनुसूचित समाज को न्याय के लिए आयुक्त के दर तक दौड़ लगानी पड़े, तो नीचे की व्यवस्था किसके भरोसे? क्या पुलिस का काम शिकायत दर्ज करना नहीं या पहले अनुकूल माहौल बनाना ज़रूरी है। रविन्द्र कोरी की गुहार सीधी है थ्स्‌ दर्ज हो, सुरक्षा मिले, कब्जा हटे। शासन से अपेक्षा है कि वह आश्वासन को आदेश और आदेश को कार्रवाई में बदले। वरना जनता दर्शन भी जन-आश्वासन बनकर रह जाएगा और न्याय हमेशा की तरह लाइन में खड़ा रहेगा।

# मकर संक्रांति पर 151 जरूरतमंदों को मिले कंबल

- पुरखीपुर में खिचड़ी भोज का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**कूरेभार/सुल्तानपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार दोपहर एक बजे कूरेभार ब्लॉक के पुरखीपुर गांव स्थित इछुरी सागर तट पर एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज इंटर कॉलेज और राज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक और पूर्व प्रधान रमेश वर्मा के नेतृत्व में 151 जरूरतमंदों को खिचड़ी भोज के साथ कंबल वितरित किए गए।इस कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। खिचड़ी भोज में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। मुख्य अतिथि कूरेभार ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि ऐसे जनसेवा के कार्य समाज में आपसी भाईचारे और समरसता को मजबूत करते हैं। ब्लॉक प्रमुख ने मकर संक्रांति जैसे पर्व पर ऐसे आयोजनों को सराहनीय बताया, जो समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं। जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक कंबल वितरित किए गए और सभी के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समाजसेवी रमेश वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों, ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सेवा भाव ही जीवन का मूल उद्देश्य है और ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर बी. इंडियन स्कूल के प्रबंधक कमल नयन वर्मा, ग्राम प्रधान राजेश सिंह, शिव कुमार दूबे, कमलेश वर्मा, चिंता राम वर्मा, राम नयन वर्मा, राम सहाय वर्मा, राम नेवाज, राम चन्द्र वर्मा, संदीप वर्मा, अरुण वर्मा, हरीश वर्मा, अविनाश कुमार और जगदीश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन 24 जनवरी को

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद के निम्नलिखित ग्राम सभाओं में निहित तालाव-पोखरो-भीनाशयों एवं जल प्रणालियों का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा-जलजाति पदार्थ के उत्पादन के प्रयोजनार्थ पट्टा आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों के मध्य नीलामी उ0प्र0रा0 सं0 नियमावली 2016 में निहित प्राविधानों के अधिनियम 57 (धारा 61 की उपधारा 1 से 15) में किये गये प्राविधानों के तहत तहसील सिरसागंज के सभागार में 24-1-26 को समय 12 बजे से की जायेगी। नीलामी के पूर्व बोली बोलने के आरक्षित बोली की 10 प्रतिशत जमानत राशि के रुप में जमा करने के उपरान्त ही नीलामी की प्रकिया में प्रतिभाग किया जा सकता है। नीलामी की बोली 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफल के तालाबों की नीलामी रु0-5000/- प्रति हे0 प्रति वर्ष एंव 2.00 हे0 से बडे. तालाबों की नीलामी रु0-10000/- प्रति हे0 प्रति वर्ष की दर से कम पर नहीं होगी। निम्नतालिका के अतिरिक्त विभिन्न ग्राम सभाओं के अवशेष तालाबों की नीलामी आवंटन भी समिति की सहमति से किया जा सकता है। नीलामी शिविर में 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफ्ल वाले तालाबों का आवंटन प्रथम वरीयता के अनुसार केवट, कहार, मल्लाह, मछुआ, समुदाय एंव द्वितीय वरीयता के अनुसार अनुसूचित जाति तथा तृतीय वरीयता के अनुसार अन्य पिछडा वर्ग व अन्य व्यक्तियों को आवंटित किया जायेगा। निम्न तालिका में इंगित तालाबों की नीलामी यदि उक्त तिथि को नहीं हो पायेगी तो उनकी नीलामी-तालाब मत्स्य पालन आवंटन प्रत्येक शुक्रवार को राजकीय कार्य दिवस में निरन्तर तब तक की जायेगी जब तक कि सूची में अंकित तालाबों के निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण न हो। आवंटन हेतु प्रस्तावित तालाबों का विवरण इस प्रकार से है।

**आम सूचना**

दिनांक 13/1/2026 को करीब 4 30 बजे सायं सिविल कोर्ट सहारनपुर के सामने फोटोस्टेट शाप के क़रीब मेरा 1 रजिस्टर्ड बैनामा जो दस्तावेज सं 8888 दि. 23.10.2019 सब रजिस्ट्रार तृतीय, सहारनपुर में दर्ज है जिसका रकबा 41.82 वर्ग मीटर है एक बैग में था जो कि वास्तव में कोर्ट रोड पर कहीं गिर गया है ढूंढा नहीं मिल पाया यदि किसी को मिले तो 7 दिन में संपर्क करें। श्रीमती नाजरीन पत्नी श्री हसन द्वारा एडवोकेट ठाकुर पंकज सिंह, सिविल कोर्ट, चैंबर 141, सहारनपुर

कार्यालय - अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम,
ऐशबाग लखनऊ

पत्रांक 2345/EE(HQ)2025-26
दिनांक 13.01.2026

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 23.01.2026 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 23.01.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी।

1. Providing of Mat For Satainless Grill at Sachiv office Gallary (HQ) धरोधर धनराशि 8500.00 एवं निविदा मूल्य 500.00

(प्र0) अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# वंदे भारत स्लीपर

## भविष्य की ओर भारतीय रेल का एक निर्णायक कदम




**भारतीय रेल** अपने इतिहास के एक ऐसे पड़ाव पर पहुँच चुकी है, जहाँ परिवर्तन केवल आवश्यक नहीं, बल्कि अनिवार्य हो गया है। बदलती जीवनशैली, बढ़ती गतिशीलता और समय के बढ़ते मूल्यों ने यात्रा की परिभाषा को ही बदल दिया है। अब यात्री केवल गंतव्य तक पहुँचना नहीं चाहते, वे चाहते हैं तेज, सुरक्षित और सम्मानजनक सफर। इसी सोच का परिणाम है वंदे भारत एक्सप्रेस का स्लीपर संस्करण, जो भारतीय रेल में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है।

### लंबी दूरी की यात्रा का बदला हुआ स्वरूप



अब तक वंदे भारत एक्सप्रेस को कम दूरी की तेज और प्रीमियम ट्रेन के रूप में देखा जाता था। लेकिन स्लीपर संस्करण के साथ भारतीय रेल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य केवल दिन की यात्रा तक सीमित नहीं, बल्कि रात की लंबी यात्राओं में भी आधुनिक अनुभव उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पारंपरिक मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की सीमाओं को तोड़ते हुए यह साबित करती है कि लंबी दूरी की रेल यात्रा भी समयबद्ध, आरामदायक और विश्वस्तरीय हो सकती है।

### नेक्स्ट-जेन स्लीपर: तकनीक और सुविधा का संगम


वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को विशेष रूप से लंबी दूरी के यात्रियों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। 16 आधुनिक कोचों में 823 यात्रियों की क्षमता, उन्नत एयरोडायनामिक डिज़ाइन और 180 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार- ये सभी विशेषताएँ इसे भारतीय रेल की तकनीकी प्रगति का प्रतीक बनाती हैं।

तेज़ गति के बावजूद बेहतर संतुलन, कम कंपन और शांत वातावरण यात्रियों को एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करते हैं। यह ट्रेन यह संदेश देती है कि रफ्तार अब आराम की कीमत पर नहीं होगी।

### हावड़ा–गुवाहाटी: पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की जीवनरेखा

हावड़ा–गुवाहाटी (कामाख्या) रेल मार्ग पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की सबसे महत्वपूर्ण जीवनरेखाओं में से एक है। हावड़ा देश के सबसे बड़े रेलवे जंक्शनों में से एक है, वहीं गुवाहाटी पूर्वोत्तर भारत का प्रवेशद्वार माना जाता है। इस मार्ग पर रोज़ाना छात्र, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी, प्रवासी श्रमिक और श्रद्धालु यात्रा करते हैं। इन दो वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरुआत इस रूट को केवल तेज ही नहीं बनाएगी, बल्कि भरोसेमंद और सम्मानजनक भी बनाएगी। यह सेवा पश्चिम बंगाल और असम के बीच संपर्क को नई मजबूती देगी और क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने में सहायक होगी।

यह रूट धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कामाख्या देवी मंदिर और कालीघाट मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों तक यात्रा अब अधिक सहज और सुरक्षित होगी। इसके साथ ही कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, पूर्व बर्धमान, हुगली, कामरूप महानगर और बंगाईगाँव जैसे जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी और रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे।



### स्वदेशी तकनीक का भरोसा

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सुरक्षा के मामले में भी नए मानक स्थापित करती है। स्वदेशी कवच सुरक्षा प्रणाली, इमरजेंसी टॉक-बैक सिस्टम और अत्याधुनिक ड्राइवर कैब यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया संभव हो।




यह केवल तकनीकी उन्नयन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की उस सोच का विस्तार है, जहाँ देश अपनी सुरक्षा प्रणालियाँ स्वयं विकसित करता है।

### आराम और स्वच्छता: यात्री केंद्रित सोच

लंबी दूरी की यात्रा में आराम और स्वच्छता सबसे अहम पहलू होते हैं। एर्गोनॉमिक सीटें, उन्नत सस्पेंशन सिस्टम, कोचों के बीच वेस्टिब्यूल के साथ ऑटोमैटिक दरवाज़े- ये सभी व्यवस्थाएँ यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देती हैं।

इसके साथ ही आधुनिक डिसइन्फेक्टेंट तकनीक से युक्त स्वच्छता व्यवस्था यह भरोसा दिलाती है कि ट्रेन का वातावरण स्वास्थ्य-अनुकूल और सुरक्षित रहेगा। यह बदलाव दर्शाता है कि भारतीय रेल अब यात्री अनुभव को केंद्र में रखकर योजनाएँ बना रही है।


### यात्रा के साथ संस्कृति का स्वाद

ऑनबोर्ड भोजन सेवा में क्षेत्रीय व्यंजनों को शामिल करना इस ट्रेन को और विशेष बनाता है। अलग-अलग राज्यों से गुजरते हुए यात्रियों को स्थानीय स्वाद का अनुभव मिलेगा, जिससे यात्रा केवल भौतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी बन जाएगी।




"पूरी तरह से नए सस्पेंशन वाली एक नई बोगी विकसित की गई है। डिजाइन के मानकों को नए स्तर पर ले जाया गया है। इसके आंतरिक भाग और सीढ़ियां एर्गोनॉमिक डिजाइन पर आधारित हैं, और सुरक्षा के लिए विशेष मापदंड लागू किए गए हैं।"

**अश्विनी वैष्णव**
रेल मंत्री



### किफायती प्रीमियम: हवाई यात्रा का विकल्प

इस ट्रेन की एक बड़ी ख़ासियत इसका किफायती किराया है। प्रस्तावित किराया–3 एसी लगभग ₹2300, 2 एसी ₹3000 और फर्स्ट एसी ₹3600–हवाई यात्रा की तुलना में कहीं अधिक सुलभ है।

यह उन यात्रियों के लिए आदर्श विकल्प है जो आराम और सुविधा चाहते हैं, लेकिन अत्यधिक ख़र्च नहीं कर सकते। इस दृष्टि से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रेल और विमान यात्रा के बीच की दूरी को पाटती है।



### भविष्य की रेल यात्रा

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन केवल एक नई सेवा नहीं, बल्कि भारतीय रेल के भविष्य का संकेत है। रफ्तार, आराम और सुरक्षा के संतुलन के साथ यह साबित करती है कि रेल यात्रा भी वैश्विक मानकों के अनुरूप हो सकती है।

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के लाखों यात्रियों के लिए यह ट्रेन एक नई उम्मीद है- ऐसी उम्मीद, जहाँ सफर केवल दूरी तय करना नहीं, बल्कि सम्मान, सुविधा और विश्वास के साथ आगे बढ़ना है।

